CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव


छत्तीसगढ़ होलसेल राखी भण्डार
प्रो. धनंजय गेन्ड्रे

पता : नंदई चौक, वार्ड नं. 40 राजनांदगांव (छ.ग.)
मो. 99077-57733, 62655-57585

वर्ष- 44 | अंक - 258 | राजनांदगांव, मंगलवार 05 अगस्त 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# सुप्रीम कोर्ट का राहुल से सवाल- कैसे पता चीन ने जमीन हड़पी: पुख्ता जानकारी क्या है, सच्चे भारतीय होते तो ऐसा नहीं कहते

नई दिल्ली। भारतीय सेना पर टिप्पणी करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को फटकार लगाई। अदालत ने कहा कि अगर आप सच्चे भारतीय हैं तो आप ऐसी बातें नहीं कहेंगे। कोर्ट ने राहुल गांधी से पूछा कि उन्हें कैसे पता चला कि 2000 वर्ग किलोमीटर भूमि पर चीन ने कब्जा कर लिया है? क्या आप वहां थे? क्या आपके पास कोई विश्वसनीय सामग्री है?




### विपक्ष के नेता हैं, संसद में अपनी बात कहें

सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को ऐसे बयान देने से बचने की नसीहत देते हुए कहा, आप विपक्ष के नेता हैं, संसद में अपनी बात कहें, सोशल मीडिया पर नहीं। बता दें कि सेना पर टिप्पणी करने के इस मामले में समन के खिलाफ राहुल गांधी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इस पर न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

### राहुल गांधी की ओर अभिषेक सिंघवी ने रखा तर्क

इस दौरान राहुल गांधी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि अगर विपक्ष के नेता मुद्दे नहीं उठा सकते, तो यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति होगी। अभिषेक सिंघवी ने कहा, अगर वह प्रेस में छपी ये बातें नहीं कह सकते, तो वह विपक्ष के नेता नहीं हो सकते। पीठ की सच्चे भारतीय टिप्पणी पर अभिषेक सिंघवी ने जवाब दिया, यह भी संभव है कि एक सच्चा भारतीय कहे कि हमारे 20 भारतीय सैनिकों को पीटा गया और मार डाला गया। यह भी चिंता का विषय है।

### राहुल गांधी के पास एक उचित मंच मौजूद था

इसके बाद शीर्ष अदालत ने कहा, जब सीमा पार संघर्ष होता है, तो क्या दोनों पक्षों में हताहत होना असामान्य है? इस पर अभिषेक सिंघवी ने कहा कि राहुल गांधी केवल उचित जानकारी देने और सूचना के दमन पर चिंता जताने की बात कर रहे थे। न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा कि एक जिम्मेदार विपक्ष नेता होने के नाते, राहुल गांधी को ऐसा नहीं करना चाहिए था क्योंकि ऐसे सवाल उठाने के लिए एक उचित मंच मौजूद था। इस बात से सहमत होते हुए कि राहुल गांधी बेहतर तरीके से टिप्पणी कर सकते थे, अभिषेक सिंघवी ने कहा कि शिकायत याचिकाकर्ता को परेशान करने के प्रयास के अलावा और कुछ नहीं है। इस दौरान उन्होंने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 223 का हवाला दिया और कहा कि अदालत की तरफ से किसी आपराधिक शिकायत का संज्ञान लेने से पहले अभियुक्त की पूर्व सुनवाई अनिवार्य है, जो वर्तमान मामले में नहीं की गई।

### राहुल गांधी को अदालत ने दी राहत

सुप्रीम कोर्ट ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सेना के बारे में कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में राहुल गांधी के खिलाफ एक जिले (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# राहुल को सुप्रीम फटकार पर भाजपा बोली- विश्वसनीयता सवालों के घेरे में आई, भारत विरोधी मानसिकता उजागर हुई

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की लगभग ढाई साल पुरानी टिप्पणी को लेकर आज सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी प्रकट की। शीर्ष अदालत ने कांग्रेस सांसद को फटकार लगाई और कहा कि अगर वे सच्चे भारतीय होते तो ऐसी टिप्पणी नहीं करते। अदालत ने उन्हें सेना से जुड़े मसलों पर सोशल मीडिया के बजाय संसद के पटल पर बात करने की नसीहत भी दी। सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद भाजपा ने राहुल गांधी को आड़े हाथ लिया।





### राहुल का बयान नुकसानदेह, सेनाओं का मनोबल गिराता है

सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, अदालत ने राहुल गांधी को निराधार दावे के लिए कड़ी फटकार लगाई है। हजारों वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र पर चीनी सेना ने कब्जा कर लिया है, राहुल का ऐसा बयान देश के लिए बेहद नुकसानदेह है और इससे हमारी सेनाओं का मनोबल भी गिरता है। रिजिजू ने कहा, हम राहुल गांधी से इस तरह के निराधार बयान न देने की अपील करते रहे हैं, लेकिन वह हमारी बात नहीं सुनते। मुझे बहुत खुशी है कि कम से कम सुप्रीम कोर्ट ने अब उन्हें चेतावनी दी है। यह एक सीधी फटकार है कि एक भारतीय होने के नाते राहुल गांधी को ऐसा नहीं बोलना चाहिए। अदालत ने बहुत ही कड़ा बयान दिया है।


### सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को फटकार लगाई

शीर्ष अदालत की इस टिप्पणी पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा, जब हमारी सेना ने बहादुरी दिखाई और चीनी सेना को पीछे धकेला, तो राहुल गांधी ने कहा कि चीनी सेना ने अरुणाचल प्रदेश में 2000 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र पर कब्जा कर लिया, जिसमें 20 भारतीय सैनिक मारे गए। सुप्रीम कोर्ट ने राहुल के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# हम हर मामले की सुनवाई करेंगे तो बाकी अदालतों का क्या उपयोग, सुप्रीम कोर्ट ने भूपेश बघेल को दिया झटका

रापयपुर। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनके बेटे चैतन्य बघेल को सुप्रीम कोर्ट से कोई राहत नहीं मिली है। अदालत ने सोमवार को दोनों की याचिकाओं पर सुनवाई से साफ इनकार करते हुए उन्हें अंतरिम राहत के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने को कहा है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट को निर्देश भी दिया है कि वह दोनों की अर्जियों पर जल्द सुनवाई करे।





### कोर्ट ने क्या कहा

भूपेश बघेल और उनके बेटे की याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कई सख्त टिप्पणियां कीं। कोर्ट ने कहा कि दोनों ने एक ही याचिका में पी ए म ए ल ए (पीएमएलए) के विभिन्न प्रावधानों को चुनौती देने के सा थ - सा थ जमानत जैसी व्यक्तिगत राहत की मांग भी की है, जो उचित नहीं है।

### सीधे सुप्रीम कोर्ट आने पर सवाल उठाया

इसके अलावा, सुप्रीम कोर्ट ने भूपेश बघेल और चैतन्य बघेल के सीधे सुप्रीम कोर्ट आने पर भी सवाल उठाया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि जब किसी मामले में कोई प्रभावशाली व्यक्ति शामिल होता है, तो वो सीधे (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# झारखंड के पूर्व सीएम शिबू सोरेन का निधन, 3 दिन के राजकीय शोक की घोषणा, पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। झारखंड के पूर्व सीएम शिबू सोरेन का निधन हो गया है। दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में पूर्व सीएम ने अंतिम सांस ली है। दिशोम गुरु के नाम से लोकप्रिय शिबू सोरेन का सर गंगा राम अस्पताल में एक महीने से अधिक समय से इलाज चल रहा था। उनके निधन पर 3 दिन के राजकीय शोक की घोषणा की गई है। पीएम मोदी ने अस्पताल पहुंच कर पूर्व सीएम के शव को श्रद्धांजलि दी है।





### अस्पताल पहुंचे पीएम मोदी

पूर्व सीएम के निधन को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सर गंगा राम अस्पताल पहुंचे हैं। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झामुमो के संस्थापक संरक्षक शिबू सोरेन का लंबी बीमारी के बाद आज अस्पताल में निधन हो गया था।

### राष्ट्रपति और नितिन गडकरी गए थे अस्पताल

कुछ ही दिन पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में शिबू सोरेन के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेने गए थे।शिबू सोरेन का जून 2025 से दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में इलाज चल रहा था। जहां उन्हें ब्रेन स्ट्रोक और किडनी से संबंधित समस्याओं के लिए वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया था। शिबू सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक और प्रमुख नेता थे। जिन्हें दिशोम गुरु के नाम से भी जाना जाता था। शिबू सोरेन का जन्म 11 जनवरी 1944 को झारखंड के रामगढ़ जिले (तत्कालीन बिहार के हजारीबाग जिले) के नेमरा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ट्रम्प की भारत को ज्यादा टैरिफ लगाने की धमकी:

# कहा- भारत रूसी तेल खरीदकर मुनाफे पर बेच रहा, उसे यूक्रेन में मरने वालों की परवाह नहीं

वॉशिंगटन डीसी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत पर और ज्यादा टैरिफ लगाने की धमकी दी है। उन्होंने सोमवार को कहा कि भारत रूस से सस्ता तेल खरीदकर उसे खुले बाजार में मुनाफे के साथ बेच रहा है। ट्रम्प ने कहा कि भारत को इस बात की कोई परवाह नहीं है कि रूस के हमले से यूक्रेन में कितने लोग मारे जा रहे हैं। इस वजह मैं भारत पर लगने वाले टैरिफ में भारी इजाफा करूंगा। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने शुक्रवार को कहा था कि ऐसी खबरें हैं कि भारत ज्यादा दिन तक रूस से तेल नहीं खरीदेगा।



दरअसल, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि भारत ने अमेरिकी दबाव और कीमत बढ़ने की वजह से रूस से तेल खरीदना लगभग बंद कर दिया है। हालांकि, इन दावों को खारिज करते हुए ह्ह्ठ ने कहा था कि भारतीय कंपनियां अभी भी रूस से तेल खरीद रही हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सलाहकार स्टीफन मिलर ने आज ही कहा है कि भारत, अमेरिका के साथ ईमानदारी से पेश नहीं आ रहा है। मिलर ने फॉक्स न्यूज पर एक इंटरव्यू में कहा कि भारत खुद को हमारा करीबी देश बताता है, लेकिन इसके बावजूद वह हमारे सामानों को मंजूरी नहीं देता और अमेरिकी सामानों पर भारी टैरिफ लगाता है। मिलर ने आगे कहा कि भारत, अमेरिका की इमिग्रेशन पॉलिसी का गलत फायदा उठाता है और अब रूस से तेल खरीदकर यूक्रेन युद्ध को अप्रत्यक्ष रूप से (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# अब 100 यूनिट तक ही मिलेगा हाफ बिजली बिल, 400 यूनिट की लिमिट खत्म; कांग्रेस बोली- सरकार ने राहत छीन ली, ये जनता से धोखा



रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ सरकार ने मध्यमवर्गीय परिवारों को बड़ा झटका दिया है। हॉफ बिजली बिल योजना में कटौती की गई है। पहले 400 यूनिट बिजली के बिल तक आधा बिल देना पड़ता था। लेकिन अब इसमें कटौती करके 100 यूनिट कर दिया गया है। हाफ बिजली बिल योजना की शुरुआत भूपेश बघेल के कार्यकाल में हुई थी। सरकार के इस फैसले के बाद छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने विष्णुदेव सरकार पर हमला बोला है।

### योजना को कर दिया बंद

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि साय सरकार ने बिजली बिल हॉफ योजना को बंद कर दिया है। साय सरकार ने मात्र 100 यूनिट तक की खपत वाले का ही बिजली बिल हॉफ करने का निर्णय लिया है। इससे प्रदेश के अधिसंख्यक उपभोक्ता बिजली बिल हॉफ योजना से वंचित हो गये है। वर्तमान निर्देश के अनुसार 100 यूनिट से अधिक खपत होने पर बिजली बिल पूरा लगेगा तथा 100 यूनिट का छूट भी नहीं मिलेगा।

### पहले कैसे मिलता था लाभ

दीपक बैज ने कहा - पहले किसी को बिजली का खपत मान लो 600 यूनिट था उससे ज्यादा भी था तो उसके पहले 400 यूनिट तक की खपत पर बिजली बिल आधा हो जाता था, शेष पर ही उसको पूरा बिल देना पड़ता था। कांग्रेस, साय सरकार के इस फैसले का विरोध करती है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने 5 वर्षों तक विपरीत परिस्थितियों में भी बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना शुरू किया था जिसका लाभ प्रदेश के 44 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को मिलता था। जिसे 5 साल में लगभग प्रत्येक उपभोक्ता का 40 से 50 हजार रु. तक की बचत हुई है। कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू किये गये 400 यूनिट बिजली बिल हॉफ के दायरे में प्रदेश का लगभग हर उपभोक्ता आता था।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पिछले माह ही सरकार ने बिजली के दाम चौथी बार बढ़ाया था। घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है, गैर घरेलू बिजली की दर 25 पैसे प्रति यूनिट महंगी कर दी गई है। सर्वाधिक बढ़ोतरी कृषि पंप के बिजली के दाम में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि करके की गई थी। डेढ़ साल के भीतर साय सरकार ने घरेलू बिजली की दरों में अब तक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# सत्येंद्र जैन को बड़ी राहत: चार साल चली जांच में नहीं मिले सीबीआई को भ्रष्टाचार के सबूत, कोर्ट ने बंद किया केस

नई दिल्ली। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और पूर्व दिल्ली मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ भ्रष्टाचार मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया। कोर्ट ने कहा कि लंबी जांच के बावजूद कोई आपराधिक साक्ष्य नहीं मिला, जिसके आधार पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 या किसी अन्य अपराध के तहत मामला चलाया जा सके।



### 2019 में ईडी ने दर्ज की थी रिपोर्ट

सीबीआई ने 29 मई 2019 को दिल्ली सरकार के सतर्कता निदेशालय (डायरेक्टोरेट ऑफ विजिलेंस) की शिकायत के आधार पर सत्येंद्र जैन, जो उस समय दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री थे और अन्य पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि जैन और पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने नियमों का उल्लंघन करते हुए 17 सदस्यीय एक क्रिएटिव टीम को अनियमित रूप से नियुक्त किया था। यह भी आरोप था कि इन नियुक्तियों के लिए मानक भर्ती प्रक्रिया को दरकिनार किया गया और असंबंधित परियोजना फंडों से भुगतान किया गया, जो वित्तीय नियमों का उल्लंघन था।

### सीबीआई को नहीं मिला कोई सबूत

लगभग चार साल की जांच के बाद, सीबीआई ने अप्रैल 2022 में अपनी क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की थी, जिसमें कहा गया कि जैन या अन्य आरोपियों के खिलाफ कोई आपराधिक साक्ष्य नहीं मिला। सीबीआई ने अपनी जांच में पाया कि न तो कोई व्यक्तिगत लाभ, रिश्वतखोरी, या आपराधिक मंशा का सबूत मिला और न ही दिल्ली सरकार को कोई वित्तीय नुकसान हुआ। जांच में यह भी पाया गया कि पेशेवरों की नियुक्ति की आवश्यकता उचित थी और इसमें कोई भ्रष्टाचार या आपराधिक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# राज्योत्सव में देश के प्रधानमंत्री करेंगे नवीन विधानसभा का उद्घाटन

### रजत जयंती वर्ष में छत्तीसगढ़ को मिलेगा नया विधानसभा भवन - मुख्यमंत्री श्री साय

### मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष ने किया नवीन विधानसभा भवन का निरीक्षण





रायपुर। नवा रायपुर में निर्माणाधीन छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन का कार्य तीव्र गति से अपने अंतिम चरण में पहुँच रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह तथा उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने विधानसभा भवन स्थल पर पहुँचकर निर्माणकार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य को निर्धारित समय-सीमा, सितम्बर 2025 तक हर हाल में पूर्ण किया जाए, ताकि राज्योत्सव (1 नवम्बर) के अवसर पर इसे जनता को समर्पित किया जा सके। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का यह रजत जयंती वर्ष है, जिसे पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। नवीन विधानसभा भवन का निर्माण कार्य अब पूर्णता की ओर अग्रसर है। रजत जयंती वर्ष पर राज्य को एक नया, भव्य विधानसभा भवन प्राप्त होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को राज्योत्सव कार्यक्रम हेतु आमंत्रित किया गया है, और उनके करकमलों से इस नवीन विधानसभा भवन का लोकार्पण प्रस्तावित है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि नए विधानसभा भवन का निर्माण अब अंतिम चरण में पहुँच चुका है। आज विधानसभा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# छत्तीसगढ़ में होगी पांच हजार शिक्षकों की भर्ती: सीएम साय बोले- 2047 तक विकसित प्रदेश बनाने का संकल्प

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि हमारी सरकार शिक्षा को राष्ट्र निर्माण की बुनियाद मानती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब से मैंने शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी संभाली, उसी क्षण से मेरी प्राथमिकता रही कि विभाग को गहराई से समझते हुए उसमें सुधार की ठोस पहल की जाए। सबसे पहले एक गहन समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें यह पाया गया कि राज्य में शिक्षक और छात्रों का अनुपात राष्ट्रीय औसत से बेहतर होने के बावजूद वितरण असमान है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ के लिए एक विस्तृत विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया है। डॉक्यूमेंट में शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि राज्य के विद्यालयों और महाविद्यालयों की गुणवत्ता अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हो तथा राज्य की जीएसडीपी में शिक्षा का योगदान सशक्त और प्रभावशाली बने। ग्रामीण क्षेत्रों में छात्रों की संख्या अधिक है, लेकिन शिक्षक अपेक्षाकृत कम हैं, जबकि शहरी क्षेत्रों में शिक्षक अधिक संख्या में पदस्थ हैं। इस असंतुलन को दूर करने हेतु राज्य में युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया आरंभ की गई। इसके परिणामस्वरूप आज छत्तीसगढ़ का कोई भी स्कूल शिक्षक विहीन नहीं है। इस प्रभाव का विस्तार इतना व्यापक रहा कि इरकभट्टी जैसे गांवों में वर्षों से बंद पड़े विद्यालय दोबारा शुरू हो गए हैं। राज्य में अब भी शिक्षकों की आवश्यकता बनी हुई है, जिसे ध्यान में रखते हुए 5000 नए शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया शीघ्र आरंभ की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में लागू किया गया है, और राज्य में हमारी सरकार ने इसे तत्परता से अपनाया है। छत्तीसगढ़ में अब 18 स्थानीय भाषाओं एवं बोलियों में प्राथमिक शिक्षा प्रदान की जा रही है। इससे न केवल स्थानीय भाषाओं के संरक्षण को बल (शेष पृष्ठ 6 पर...)



# लोकसभा में बिहार वोटर लिस्ट रिवीजन पर नहीं थम रहा हंगामा, मॉनसून सत्र में सिर्फ दो दिन चल सका प्रश्नकाल

नई दिल्ली। बिहार में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन मुद्दे को लेकर विपक्षी दलों द्वारा किए गए नारेबाजी और हंगामे की वजह से सोमवार को एक बार फिर लोकसभा की कार्यवाही नहीं चल सकी। सुबह 11 बजे शुरू हुई सदन की कार्यवाही हंगामे की वजह से 10 मिनट बाद ही दो बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। फिर जैसे ही दो बजे सदन की कार्यवाही शुरू हुई। विपक्षी दलों के सदस्यों ने फिर हंगामा शुरू कर दिया। इसके 14 मिनट बाद ही 2.14 बजे लोकसभा की कार्यवाही पांच अगस्त सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। 21 जुलाई से शुरू हुए मॉनसून सत्र में इस बार बीते सप्ताह मंगलवार और बुधवार को ही प्रश्नकाल चल सका है। बाकी सभी दिन विपक्ष के हंगामे के चलते कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी है। सोमवार सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने पर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने प्रश्नकाल शुरू कराया। तभी विपक्षी दलों के सदस्य एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा की मांग करने लगे। हंगामे के बीच ही सदन में दूसरे प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी की सांसद रुचि वीरा ने प्रश्नकाल के दौरान श्रम एवं रोजगार (शेष पृष्ठ 6 पर...)



आज भी सदन की कार्यवाही स्थगित

CMYK

# महापौर मधुसूदन यादव ने किया वार्ड का निरीक्षण, अटल परिसर और फिल्टर प्लांट का लिया जायजा

राजनांदगांव (दावा)। वार्ड निरीक्षण के लिए महापौर श्री मधुसूदन यादव आज सुबह वर्धमान नगर में साफ-सफाई देख अटल परिसर निर्माण कार्य का जायजा लेकर कार्य मे तेजी लाने के निर्देश दिए। वही शहर में गंदा पानी आने की शिकायत पर मोहारा फिल्टर प्लांट का आकस्मिक निरीक्षण कर 17 एमएलडी प्लांट की सफाई करने तथा एलम, ब्लोरिन की पर्याप्त भण्डारण रखने के निर्देश दिए।

महापौर ने आज सुबह वार्ड भ्रमण में वर्धमान नगर में साफ-सफाई देख निर्माणाधीन अटल परिसर का जायजा लेकर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उप अभियंता ने बताया कि प्रतिमा के लिए पेडेस्टल, बाउण्ड्रीवाल का निर्माण किया गया है। फ्लोर टाईल्स एवं अन्य कार्य प्रगति पर है। महापौर ने ग्रनाईट व टाईल्स लगाने के कार्य में तेजी लाकर गेट निर्माण व विद्युतिकरण करने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण में तेजी लावे इसके लिए मेन पावर बढ़ावे, कार्य की प्रतिदिन मानिटरिंग करे। उन्होंने कहा कि शासन की महत्वपूर्ण योजना अटल परिसर के तहत पूरे प्रदेश में अटल जी की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। इसमें



**महापौर गंदे पानी की शिकायत पर अचानक पहुंचे मोहारा फिल्टर प्लांट, 17 एमएलडी प्लांट की सफाई करने, सामग्री की पर्याप्त भण्डारण के दिये निर्देश**

किसी प्रकार की लापरवाही न हो और शासन मंशानुरूप अटल परिसर का निर्माण किया जाए।

निरीक्षण की कडी में महापौर ने आकस्मिक रूप से जल संयंत्रगृह मोहारा पहुंच प्लांट का निरीक्षण कर वर्तमान व्यवस्था के संबंध में निगम के अधिकारियों से जानकारी लिए। उन्होंने कहा कि शहर के कुछ क्षेत्रो में गंदा पानी आने की शिकायत प्राप्त हो रही है। ज्यादातर 17 एमएलडी प्लांट से सप्लाई क्षेत्रो से शिकायत मिल रही है। जिसे ध्यान मे रख उक्त प्लांट की सफाई कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। मशीनो में छोटी मोटी खराबी आने पर उसका तुरंत मरम्मत किया जाए। बाढ जैसी स्थिति निर्मित होने पर सभी कर्मचारियो को एर्लट रहने कहा है। उन्होंने कहा कि जल संयंत्रगृह में आवश्यक सामग्री फिटकरी, ब्लीचिंग, क्लोरिन गैस का पर्याप्त भंडारण रखे। इसके अलावा आवश्यक उपकरण भी रखना सुनिश्चित करे, इंटकवेल में कचरा फसने पर उसे तत्काल निकाले। जिससे पेयजल आपूर्ति बाधित न हो। इसके अलावा एंनीकट में जल स्तर कम होने पर एनीकट के गेट बंद करावे। निरीक्षण के दौरान उप अभियंता अशोक देवांगन, तिलक राज ध्रुव व युवराज कोमरे आदि उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### चिखली पुलिस ने अशांति फैलाने वाले 4 बदमाशों को पकड़ा



राजनांदगांव (दावा)। चिखली चौकी पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले आरोपियों पर प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है। चिखली थाना प्रभारी अरुण कुमार नामदेव ने बताया कि सोमवार 4 अगस्त को आमजन एवं गवाहों के साथ लड़ाई-झगड़ा कर शांति भंग करने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने की संभावनाओं पर तामेश्वर यादव पिता संतोष यादव उम्र 20 साल निवासी शीतला मंदिर रोड चिखली, नूतन निर्मलकर उर्फ सानू पिता संजयान्द निर्मलकर उम्र 24 साल निवासी गौरीनगर वार्ड नं. 13, शिवम बनाफर पिता विरेंद्र बनाफर उम्र 26 साल निवासी गौरीनगर, अंकित सिंह पिता स्व. जॉन फेरल सिंह उम्र 26 साल साकिन आदर्श स्कूल के पास गौरीनगर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### छत्तीसगढ़ सरकार ने नुआखाई पर्व के लिए घोषित की सार्वजनिक छुट्टी



राजनांदगांव(दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पश्चिमी ओडिशा समाज के प्रमुख त्योहार नुआखाई के लिए ऋषि पंचमी के दिन सार्वजनिक छुट्टी की घोषणा की है। इस संबंध में सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है, जिसके तहत अब नुआखाई पर्व के अवसर पर पूरे राज्य में छुट्टी रहेगी। इस निर्णय का 'छत्तीसगढ़ घासी-घासिया समाज' ने हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया है। समाज के प्रदेश महामंत्री गोलू नायक ने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को घासी-घासिया समाज की ओर से हृदय से धन्यवाद और आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय समाज की सांस्कृतिक पहचान को सम्मान देने वाला एक ऐतिहासिक कदम है। नुआखाई पर्व पश्चिमी ओडिशा और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। जिसमें नई फसल की पूजा और सामाजिक एकता का उत्सव शामिल होता है। इस छुट्टी की घोषणा से पर्व की तैयारी और उत्सव में लोगों की भागीदारी को और बढ़ावा मिलेगा।

### विनोद कुमार शुक्ला का सम्मान



राजनांदगांव (दावा)। कान्यकुब्ज सभा राजनांदगांव द्वारा 3 अगस्त को 59वें ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित मूर्धन्य साहित्यकार पं. विनोद कुमार शुक्ल का रायपुर में उनके निवास स्थान पर सम्मान किया गया। संस्था के पदाधिकारियों ने शैलेन्द्र नगर रायपुर स्थित उनके निवास पर पहुंचकर उन्हें बधाई दी तथा शाल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया। 3 अगस्त को कान्यकुब्ज सभा राजनांदगांव के अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, सचिव अजय शुक्ला, कोषाध्यक्ष अखिलेश तिवारी, सांस्कृतिक प्रभारी मुकेश तिवारी, सह सचिव भूपेन्द्र बाजपेयी, कार्यकारिणी सदस्य शैलेष शुक्ला एवं नांदगांव साहित्य परिषद के महासचिव डॉ. चन्द्रशेखर शर्मा ने अपरान्ह 3 रायपुर में पं. विनोद कुमार शुक्ल से सौजन्य भेंट की एवं उन्हें सम्मानित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रतिनिधि मंडल ने एक घंटे से अधिक समय तक पं. विनोद कुमार शुक्ल का सानिध्य एवं आशीर्वाद प्राप्त किया एवं उनके संस्मरण सुने। श्री शुक्ल द्वारा उनसे भेंट करने आए पदाधिकारियों के परिवार का परिचय प्राप्त कर संस्कारधानी राजनांदगांव की याद कर बहुत भावुक एवं प्रसन्न दिखाई पड़े। डॉ. चन्द्र शेखर शर्मा ने इस अवसर पर अपनी चंद रचनाएं भी सुनाई, पं. शुक्ल ने उनकी कविताओं की सराहना की।

### कल शहर में पेयजल आपूर्ति बाधित

राजनांदगांव (दावा)। 17 फिल्टर प्लांट में लामेला (सी.एफ.एल.) सफाई कार्य एवं इंदिरा नगर हास्पिटल परिसर की टंकी का मेन राईजिंग पाईप लाईन का वाल्व रिपेयरिंग कार्य 6 अगस्त बुधवार को किया जाना है। जिसके कारण 17 प्लांट बंद रहेगा। उक्त कार्य के कारण बुधवार 6 अगस्त की शाम पेयजल आपूर्ति नहीं हो पाएगी। जिससे बसंतपुर, क्लब चौक, तेलीपारा, ग्रीन सिटी, राजीव नगर बसंतपुर, बंगालीचाल, भोईपारा, हास्पिटल कालोनी, शिव नगर, आर.के. नगर, अनुपम नगर, सहदेव नगर, कौरिनभाठा, सर्किट हाउस, सृष्टि कालोनी, कुंज विहार कालोनी, गायत्री कालोनी, जल तरंग कालोनी, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, बर्फानी आश्रम, महेश नगर, आर्शीवाद कालोनी, हरिओम नगर, रिद्धी-सिद्धी कालोनी, गोकुल नगर, लक्ष्मी नगर, जीवन-ए कालोनी, गांधी नगर, चंद्रा कालोनी एवं आशा नगर, रेवाडीह, पेण्ड्री ईस्कॉन विहार, जीवन आवास, अटल विहार कालोनी, मेडिकल कालेज, ममता नगर, वर्धमान नगर, पूनम कालोनी, 18 एकड, लेबर कालोनी, तुलसीपुर, सिविल लाईन, लालबाग, नवागांव, बापूटोला, बिड़ी श्रमि कालोनी, मोतीपुर, नया ढाब, रामनगर आधा क्षेत्र में 6 अगस्त की शाम पेयजल सप्लाई नहीं हो पाएगी।




श्री कृष्णा (एयरकूल) में
रोजाना 4 खेल
एक्शन से भरपूर
सन आफ सरदार 2
अजय देवगन, तृप्ति डिमरी, रवि किशन



ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

## कलेक्टर ने श्री सांई बुनकर सहकारी समिति मर्यादित रेवाडीह का किया आकस्मिक निरीक्षण

**बुनकरों द्वारा किये जा रहे गणवेश वस्त्र एवं अन्य वस्त्र उत्पादों का किया अवलोकन, लगभग 250 बुनकर गणवेश वस्त्र एवं अन्य वस्त्रों के बुनाई का कर रहे कार्य**



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम रेवाडीह में संचालित श्री सांई बुनकर सहकारी समिति मर्यादित का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने बुनकर कर्मशाला भवन में समिति के बुनकरों द्वारा किये जा रहे गणवेश वस्त्र एवं अन्य वस्त्र उत्पादों का अवलोकन किया। उन्होंने बुनकरों से बुनाई संबंधी गतिविधियों का जायजा लिया। कलेक्टर ने बुनकरों से चर्चा कर प्रतिदिन किए जाने वाले उत्पादन तथा मासिक आय सहित अन्य विषयों के संबंध में चर्चा की।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे को बुनकरों ने बताया कि कर्मशाला भवन में लगभग 50 महिलाएं कार्यरत हैं। साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्यादित रायपुर के शासकीय वस्त्र प्रदाय योजनांतर्गत श्री सांई बुनकर सहकारी समिति मर्यादित रेवाडीह के लगभग 250 बुनकर गणवेश वस्त्र एवं अन्य वस्त्रों के बुनाई का कार्य कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्यादित रायपुर द्वारा धागा प्रदाय कर तैयार वस्त्रों के अनुसार बुनकरों को बुनाई पारिश्रमिक एवं बुनकर समितियों को सेवा प्रभार प्रदान किया जाता है। बुनकरों ने बताया कि गांव में ही रोजगार मिलने एवं बुनाई कार्य से खुश है। इस कार्य से अच्छी आमदनी प्राप्त हो रही है। कलेक्टर ने बुनकरों के कार्यों की सराहना की और इसी प्रकार मन लगाकर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान उप संचालक हाथकरघा राजू कोल्हे, सांई बुनकर समिति के अध्यक्ष चूड़ामणि देवांगन सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी एवं बुनकर उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने किया 7 बदमाशों को जिला बदर



राजनांदगांव (दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग की अनुशंसा पर कलेक्टर डॉ. सर्वेशर नरेन्द्र भुरे द्वारा 7 आदतन अपराधियों को जिला बदर किया गया है। बताया जा रहा है कि उक्त कार्रवाई जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से की गई है।इस कार्रवाई के तहत 2 बदमाशों को 3 माह के लिये, 5 बदमाशों को 6 माह के लिये जिला बदर किया गया है। बताया जाता है कि इन बदमाशों के विरुद्ध पूर्व में मारपीट, चोरी, लूट, सट्टा, अवैध शराब बिक्री, आर्म्स एक्ट, हत्या का प्रयास आदि के कई प्रकरण दर्ज हैं। जिला बदर की कार्यवाही छ0ग0राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3, 5, 6 के तहत् की गई है। सभी को सीमावर्ती क्षेत्रों की सीमा से बाहर रहने का आदेश जारी किया गया है। यदि कोई उल्लंघन करता है तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**जिले के सात आपराधिक तत्व हुए जिला बदर**

बताते चलें कि जिले में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के अनुशंसा पर कलेक्टर डॉ. श्री सर्वेशर नरेन्द्र भुरे द्वारा 07 आदतन अपराधियों को जिला बदर किया गया है। जिला बदर किए गए अपराधियों में नंद कुमार साहू पिता अशोक साहू, निवासी बुधवारीपारा वार्ड नंबर-15 डोंगरगढ़ के विरूद्ध डोंगरगढ़ में मारपीट, झगड़ा -लड़ाई एवं अवैध शराब विक्रय के मामले में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज है जिसके लिए 3 माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है। वहीं सज्जन टांडेकर पिता स्व. नंदकिशोर, निवासी ग्राम रामपुर के विरूद्ध मारपीट, चोरी, लूट, डकैती आदि मामले दर्ज हैं जिसके लिए 03 माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है। कोमल यादव पिता परसराम यादव, ग्राम गठुला के विरूद्ध मारपीट, झगड़ लाड़ाई एवं अवैध शराब विक्रय के मामले में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज है जिसके लिए 06 माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है इसके अलावा खूबलाल जंघेल पिता प्राणनाथ जंघेल, निवासी मोतीपुर के विरूद्ध अवैध शराब विक्रय के मामले में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज है जिसके लिए 03 माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है। सागर वाहने पिता यशवंत वाहने, निवासी चिखली के विरूद्ध मारपीट, चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट आदि मामले दर्ज हैं जिसके लिए 06 माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है। भास्कर खान पिता मुजिबुद्धिन उर्फ मुजीब खान, निवासी चिखली के विरूद्ध मारपीट, हत्या आदि अपराध दर्ज हैं जिसके लिए 06 माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है। अरशद असरफी खान पिता मो. रफीक खान, निवासी कंडरापारा, डोंगरगढ़ के विरूद्ध मारपीट, जुआ अधिनियम आदि मामले दर्ज हैं जिसके लिए 06 माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है। बताया गया कि आगे भी यह कार्यवाही जारी रहेगी।

**आदतन अपराधियों पर की गई कड़ी कार्रवाई**

## प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ दिलाने 15 तक विशेष अभियान

राजनांदगांव (दावा)। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के नवीन पात्र हितग्राहियों के लिए 15 अगस्त तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत योजना का लाभ लेने से वंचित पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना केन्द्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। जिसका उद्देश्य गर्भवती महिलाओं एवं स्तनपान कराने वाली माताओं के स्वास्थ्य में सुधार एवं मजदूरी के क्षति के एवज में नकद राशि के रूप में आंशिक क्षतिपूर्ति प्रदान करना है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत जिले की हजारों महिलाएं लाभान्वित हो रही है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरूप्रीत कौर ने बताया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत वर्ष 2024-25 में 7293 एवं वर्ष 2025-26 में 2000 से अधिक गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं को संबल मिला है। योजना के तहत पात्र महिलाओं को पहले बच्चे के जन्म पर 2 किस्तों में गर्भावस्था के पंजीयन पर एवं 6 महीने के भीतर एक बार प्रसव




पूर्व जांच कराएं जाने पर पहली किस्त के रूप में 3000 रूपए एवं दूसरी किस्त के रूप में 2000 रूपए बच्चे के जन्म के पंजीकरण तथा बीसीजी, पोलियो, डीटीपी एवं हिपेटाइसिस बी या इसके समानांतर प्रथम चक्र का टीका लगाये जाने के बाद प्रदान की जाती है। वही दूसरी संतान बालिका होने पर एकमुश्त 6000 रूपए प्रदान किया जाता है। योजना का लाभ लेने महिला का बैंक खाता आधार सिडिंग होना आवश्यक है। राशि का भुगतान डीबीटी मोड के माध्यम से लाभार्थी के खाते में किया जाता है। हितग्राही को आंगनबाड़ी केन्द्र में पंजीकरण कराना आवश्यक है। फार्म के साथ स्वयं, पति व परिवार के सदस्य का मोबाईल नंबर, महिला के बैंक खाते का विवरण, जच्चा-बच्चा कार्ड जमा करना, आधार कार्ड का विवरण जमा करना होता है। पात्रता हेतु एक आवश्यक दस्तावेज राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड, ई-श्रम कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड जमा करना होता है। साथ ही द्वितीय संतान बालिका का जन्म पंजीकरण एवं बालिका के प्रथम चक्र का संपूर्ण टीकाकरण की जानकारी जमा करना आवश्यक है। योजना का लाभ लेने हेतु एलएमपी (अंतिम माहवारी) से 570 दिवस अथवा बच्चे के जन्म के 270 दिवस के भीतर आवेदन किया जा सकता है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ लेने से निर्धारित अवधि और पात्रता को पूरा करने वाले वंचित हितग्राही अपने निकटस्थ आंगनबाड़ी केन्द्र से सीधे संपर्क कर सकते है। इसके आवा अथवा मोबाईल एप (https://pmmvy.wcd.gov.in/apk/PMMVYsoft.apk) से भी आवेदन कर सकते है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के दूरभाष के 9406136904 एवं 7804905439 पर कार्यालयीन समय पर या हेल्प लाईन नंबर 14408 पर भी संपर्क कर सकते है।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं नीतू पटेल पिता श्री ईश्वर लाल पटेल आयु 43 वर्ष निवासी- मकान नंबर 173/7, वार्ड नं.-04, पुराना ढाबा, राजनांदगांव (छ.ग.) यह शपथ करता हूँ कि मैने अपना नाम बदलकर नितेश पटेल पिता श्री ईश्वर लाल पटेल रख लिया है। अतः आज से मेरा नाम शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं अन्य दस्तावेज में नया नाम नितेश पटेल पिता श्री ईश्वर लाल पटेल से ही जाना पहचाना जाने हेतु छत्तीसगढ़ राजपत्र (गजट) में प्रकाशन करना चाहता हूँ।

**नितेश पटेल**
**पिता - ईश्वर लाल पटेल**
निवासी - मकान नंबर 173/7, वार्ड नं.- 04, पुराना ढाबा, राजनांदगांव (छ.ग.)

### || नाम परिवर्तन की सूचना ||

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मै मोना घीया ध.प. अश्विन कुमार घीया, आयु लगभग 46 वर्ष, जाति-बनिया, निवासी-ग्राम अंबागढ़ चौकी, तहसील चौकी, जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी (छ.ग.) की निवासी हूँ। मेरी अंकसूची जिसमें मेरा नाम मोना घीया के स्थान पर सरस्वती घीया अंकित है, उक्त नाम गलत है। मेरे नाम से जारी पेनकार्ड, आधार कार्ड व अन्य समस्त कागजातों में नाम के स्थान पर मोना घीया दर्ज है। उक्त नाम सही है। इसलिये उक्त नाम को मेरी अंकसूची में सुधार करवाना चाहती हूँ। इस आम सूचना के संबंध में किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति होगी तो 7 दिवस के भीतर आपत्ति मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा नियत अवधि बीतने के पश्चात् उक्त अंकसूचियों में नाम सुधार कर लिया जावेगा, अतएव आम सूचना प्रस्तुत है जो जरूरत वक्त पर काम आवे।

स्थान अंबागढ़ चौकी
दिनांक 04/08/2025

आवेदिका
**(मोना घीया)**

### न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)
### ईश्तहार

राजस्व मामला क्रमांक 202507093700052
अ-6 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक डॉ. अनिल महाकालकर आ. स्व. देवराव महाकालकर, निवासी-राजनांदगांव तहसील व जिला-राजनांदगांव के द्वारा शहर राजनांदगांव मोहल्ला गुड़ाखू लाईन स्थित शीट क्रमांक 47 बी. भूखण्ड क्रमांक 255/1, क्षेत्रफल 179.26 वर्गमीटर जो धारकगण राजश्री आ. स्व. अशोक महाकालकर, वृशाली, शिवाली आ. स्व. अशोक महाकालकर, सुनील कुमार, राजेश आ. स्व. नीलकंठ राव महाकालकर, विजय कुमार आ. स्व. मूलचंद महाकालकर, वत्सला ध.प. स्व. मूलचंद महाकालकर, राजकिशोर, नंदकिशोर, प्रदीप, रामचंद, लक्ष्मण राव आ. स्व. हीरालाल महाकालकर, डॉ. अनिल महाकालकर आ. स्व. देवराव महाकालकर, मीरा ध.प. स्व. देवराव महाकालकर, निवासी-राजनांदगाँव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूखण्ड के सहधारकगण वत्सला बाई ध.प. स्व. मूलचंद महाकालकर, मीरा ध.प. स्व. देवराव महाकालकर, नंदकिशोर आ. स्व. हीरालाल महाकालकर, रामचंद आ. स्व. हीरालाल की मृत्यु होने से उनका नाम विलोपित कर उनके स्थान पर वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख **13.08.2025** को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक **28.07.2025** को मेरे हस्ताक्षर, एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**नजूल जांच, राजनांदगाँव**

## एलबी संवर्ग शिक्षकों की प्रथम सेवा गणना की मांग फेडरेशन के मांग पत्र में शामिल


**22 अगस्त को 1.80 लाख शिक्षक उतरेंगे आंदोलन में**



राजनांदगांव(दावा)। प्रदेश भर के 1,80,000 एलबी संवर्ग शिक्षकों के लिए बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने शिक्षक एलबी संवर्ग की बहुप्रतीक्षित मांग-प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर समस्त लाभ देने को अपने मांग पत्र में शामिल कर लिया है।

यह जानकारी छत्तीसगढ़ जागरूक शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष एवं फेडरेशन में शिक्षक एलबी संवर्ग विंग के प्रदेश प्रवक्ता जाकेश साहू ने दी। उन्होंने बताया कि एलबी संवर्ग शिक्षकों की यह मांग वर्षों से लंबित थी, जिसे फेडरेशन के प्रदेश संयोजक कमल वर्मा को लगातार अवगत कराया जा रहा था। फेडरेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष केदार जैन, मनीष मिश्रा, प्रदीप पांडे, लैलूंन भारतद्वाज, चेतन बघेल, धरमदास बंजारे सहित एलबी संवर्ग के तमाम नेताओं ने इस मुद्दे को लगातार उठाया। नेताओं की सक्रियता और एलबी संवर्ग की संख्या बल को देखते हुए फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने इस मांग को अपने प्रमुख मांग पत्र में सम्मिलित कर लिया है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा आगामी 22 अगस्त को प्रदेश के सभी 33 जिला मुख्यालयों में विभिन्न मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन, रैली एवं ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम तय किया गया है। अब इस आंदोलन में एलबी संवर्ग शिक्षकों की प्रथम सेवा गणना कर समस्त लाभ की मांग भी शामिल होगी। एलबी संवर्ग शिक्षकों ने अपनी मांग को फेडरेशन के मांग पत्र में शामिल कराने हेतु फेडरेशन संयोजक कमल वर्मा एवं नेतृत्व कर रहे सभी पदाधिकारियों का आभार जताया है।

## त्रिगुण सादानी बने विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री



राजनांदगांव (दावा)। विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की प्रांतीय बैठक 1 से 3 अगस्त तक बिलासपुर में आयोजित की गई। बैठक में संगठन के केंद्रीय मंत्री बसंत रथ व क्षेत्रीय संगठन मंत्री जितेन्द्र पवार समेत प्रांत स्तर के पदाधिकारी एवं समस्त जिलों के विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, मातृशक्ति व दुर्गा वाहिनी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की दिशा एवं विस्तार को लेकर केंद्रीय पदाधिकारियों ने दिशा-निर्देश दिए। संगठन विस्तार के क्रम में विभिन्न दायित्वों का वितरण किया गया। इसी तारतम्य में त्रिगुण सादानी को विश्व हिंदू परिषद राजनांदगांव का जिला मंत्री नियुक्त किया गया।

प्रांतीय बैठक में अरुण गुप्ता को प्रदेश विधि प्रमुख, अनूप श्रीवास को विभाग मंत्री, तरुण हथेल व योगेश बागड़ी को जिला उपाध्यक्ष, बबीता मिश्रा को मातृशक्ति सह संयोजिका और दुर्गा चौरे को दुर्गा वाहिनी सह संयोजिका का दायित्व सौंपा गया। बैठक में प्रांत सह मंत्री नंदू राम साहू, विभाग मंत्री अरुण गुप्ता, विभाग सह मंत्री प्रशांत दुबे, विभाग सह संयोजक सुनील सेन, जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्निहोत्री, जिला मंत्री अनूप श्रीवास, सामाजिक समरसता प्रमुख शैलेश मेश्राम (बाबाजी), नगर मंत्री नवीन अग्रवाल, त्रिगुण सादानी, मातृशक्ति संयोजिका अंजलि वाडेकर, बबीता मिश्रा, दुर्गा चौरे सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे। नवनियुक्त पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे जाने पर नंदूराम साहू, प्रशांत दुबे, सुनील सेन, बाबाजी बौद्ध, भारत साहू, चंद्रेश जैन, जुगल शर्मा, दीपक ठाकुर, मनोज यादव, अशोक श्रीवास, निलेश निषाद, हनी गुप्ता, लालमुनाई, लव कुमार मिश्रा, तरुण सादानी, अंकित खंडेलवाल, कुबेर साहू समेत विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

### शुभांक

अनुमानित
बी. के
2-4-7
235-0 899-6
राजधानी
3-6-9
336-2 127-0

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# इको फ्रेंडली गणेश प्रतिमा के निर्माण में जुटे लखोली के मूर्तिकार रंगारी

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी नगरी की गौरवशाली गणेशोत्सव परंपरा की तैयारियां अब शुरू हो गई है। गणेशोत्सव समितियों विघ्न हर्ता भगवान श्री गणेश जी की स्थापना से लेकर 11 दिनों के कार्यक्रम के सरंजाम जुटाने सक्रिय हो गए हैं। वहीं शहर सहित आसपास के गांवों के मूर्तिकारो के यहां विभिन्न रुपों में विध्नहर्ता भगवान गणेश प्रतिमा निर्माण का कार्य शुरू हो गया है।

बताते चलें कि पिछले दिनों कलेक्टर महोदय द्वारा गणेश प्रतिमा के निर्माण में प्लास्टर ऑफ पेरिस आदि सहित अन्य पर्यावरण घातक चीजों के उपयोग न करने के लिए मूर्तिकारों से अपील की गई है। वहीं धार्मिक संगठनों द्वारा भी भगवान गणेश की प्रतिमा को विदूरूप रुप न देने और न सजाने के लिए लोगों से आग्रह किया है। इस बात को गांठ बांधे लखोली बैगा पारा के मूर्तिकारी गौतम रंगारी अपने गणेश प्रतिमाओं को इको फ्रेंडली रुप देने जुटे हुए हैं। विगत 15-20 वर्षो से मनोहारी गणेश प्रतिमा का निर्माण करने वाले मूर्तिकार गौतम रंगारी ने बताया कि वह स्वयं धार्मिक व्यक्ति होने के नाते कभी नहीं चाहते कि हमारे प्रथम पूज्य गणेश देवता किसी अन्याय गर्हित साधनों से निर्मित हो। वे अपनी पत्नी तारा रंगारी व पुत्री वैष्णवी आदि के साथ नदी किनारे की मुलायम मिट्टी, पैरा, गोबर, सुतली, लकड़ी आदि के संयोजन से आकर्षक प्रतिमा का निर्माण करते हैं। वहीं भगवान गणेश की प्रतिमा को रंग देने के लिए प्राकृतिक रंगों का उपयोग करते हैं जिससे नदी-तालाब का जल प्रदूषित न हो। उन्होंने बताया कि वे देवी-देवताओं की मूर्ति निर्माण में कभी भी प्लास्टर ऑफ पेरिस का इस्तेमाल करते उन्होंने बताया कि जब हम जल को देवता मानते हैं। गंगा मां की दर्जा देते हैं तो उस जीवनदायिनी नदियों-तालाबों के जल को चंद रुपियो की लालच में प्लास्टर ऑफ पेरिस का उपयोग कर कैसे प्रदूषित कर सकते हैं?



**प्राकृतिक साधनों व रंगों से गणपति बप्पा को दे रहे आकर्षक स्वरूप**

### गणेश प्रतिमाओं को विदूरूप रुप देने का विरोध

बता दें कि लखोली निवासी मूर्तिकार गौतम रंगारी एक अच्छा ढोलक वादक भी है। इनका पूरा परिवार कलाकारी गुणों से ओतप्रोत है। उन्होंने मूर्तिकला की कलाकारी अपने तुलसीपुर निवासी बड़े भाई देवा रंगारी से सिखी है। उन्होंने बताया कि वह भगवान गणेश को पाश्चात्य सभ्यता का जामा पहनाया जाने के खिलाफ है। उसी तरह अन्य तरह के विदूरूप पूर्ण रुप देने को भी वह उचित नहीं मानता। इसे वह हमारी संस्कृति के खिलाफ मानते हैं। उनका कहना है कि भगवान श्री गणेश सौम्य रुप में ही बहुत अच्छे लगते है। उनके सांस्कृतिक व पारंपरिक रुप से जन- जन में मान्य है। पुराणों के अनुसार उनके रुप को दिखाया जाना चाहिए लेकिन ऐसा न होकर आज पाश्चात्य रंग में रंगे गणेश जी बनाए जाते हैं। जिससे हमारी धार्मिक भावनाओ को ठेस लगती है। इन पर अंकुश लगना चाहिए। हालांकि वे भगवान गणेश को देश प्रेम व देश भक्ति के रंग में रंगे होने को वह बूरा नहीं मानते। क्योंकि अंग्रेजो के गुलामी काल में यही गणपति बप्पा हम सब को सांस्कृतिक रुप से जोड़े रखा था। इसे हमें नहीं भूलना चाहिए।

### शहर के विभिन्न स्थानों पर विराजित होती है उनकी प्रतिमाएं

मूर्तिकार गौतम रंगारी ने बताया कि उन्हें मूर्ति कला लोक कला संगीत का शौक है इसलिए वे इन ईश्वरीय देन कला में किसी प्रकार की मिलावट के पक्ष में नहीं है। इसमें भी सत्यं, शिवमं सुंदरम् होना चाहिए। प्रकृति के अनुरूप होना चाहिए। शुद्धता भी कोई चीज होती है। ईश्वर इसी में विराजते हैं। इस बात पर वह विशेष ध्यान देते हुए चार- पांच फीट के मूर्ति से लेकर सात-आठ फीट की सौम्य मुद्रा वाले दर्जन भर के करीब मनोहारी प्रतिमाओ का निर्माण करते हैं। भगवान गणेश की उक्त मनोहारी प्रतिमाएं शहर के गौरी नगर, गंज लाइन, किला पारा क्षेत्र आदि के अलावा आसपास के गांव- देहात के क्षेत्रों में विराजती हैं। मूर्तिकार रंगारी ने बताया कि इस बार वह गणेश जी को राष्ट्रीय स्वरुप दे रहे हैं। लगभग 8 फीट के गणेश जी के इर्द-गिर्द मूषक महराज को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहराते हुए चित्रित किया गया है। वहीं एक और गणेश जी को उन्होंने चांद पर बैठे हुए दिखाया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के चित्रण से धार्मिक भावनाए उभरती है और हमें हमारी संस्कृति पर गर्व होने लगता है इसे बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।

### गोबर से बने प्राकृतिक रंगों का हो उपयोग

मूर्तिकार गौतम रंगारी ने कहा कि जिस तरह दीपावली के समय स्व - सहायता महिला समूह द्वारा गोबर से बने दीए व रंग पेंट का निर्माण किया जाता हैं उसी तरह गणेश जी व अन्य देवी- देवताओ की पार्थिव प्रतिमाओं को आकर्षक रुप में रंगने के लिए शुद्ध गोबर से बने रंगों के इस्तेमाल की व्यवस्था होनी चाहिए। इससे नदी तालाब के जल प्रदूषित नहीं होंगे। वहीं लोगों की आस्था अनुरूप गोबर गणेश, गौरी गणेश की भावनाएं जुड़ी रहकर प्राकृतिकता के साथ संस्कृति का भाव बोध भी बना रहेगा।

# गणेश उत्सव के 11 दिवसीय भंडारा में शामिल होंगे डॉ. रमन सिंह



राजनांदगांव (दावा)। शहर की ऐतिहासिक और भव्य गणेश उत्सव परंपरा को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। नगर सहित जिले भर में श्रद्धालु इस आयोजन को लेकर उत्साहित हैं। इसी कड़ी में क्षेत्रीय विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मां अंबे धाम गणेश मंदिर समिति द्वारा आयोजित 11 दिवसीय गणेश उत्सव एवं भंडारा कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

समिति के आग्रह को स्वीकार करते हुए डॉ. रमन सिंह ने आयोजन में गरिमामयी उपस्थिति देने की सहमति प्रदान की है। आयोजन को सफल और भव्य बनाने हेतु समिति के सदस्य पूर्व पार्षद गप्पू सोनकर एवं समिति अध्यक्ष संजय सरोदे के नेतृत्व में 3 जुलाई को रायपुर पहुंचे। जहां उन्होंने डॉ. सिंह से भेंट कर विनम्र अनुरोध किया। डॉ. सिंह ने समिति के निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए आयोजन में शामिल होने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष सुरेश साहू, कोषाध्यक्ष नवीन जैन, सूचना प्रभारी गप्पू सोनकर, सचिव मोहन राजपूत, वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा एवं महेश अग्रवाल सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि मां अंबे धाम गणेश मंदिर समिति द्वारा हर वर्ष श्रद्धा और भक्ति के साथ गणेश उत्सव का आयोजन किया जाता है। जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रतिदिन भंडारे में सहभागी होते हैं। डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति से इस वर्ष का आयोजन और भी विशेष बनने जा रहा है।

# 28 किलोमीटर दौड़कर चौथी डाक कांवड़ यात्रा पहुंची छिपा, लोधेश्वर महादेव में हुआ भव्य स्वागत



राजनांदगांव (दावा)। सावन पर्व के चौथे सोमवार डाक कांवड यात्रा मोहरा शिवनाथ नदी से जल लेकर ग्राम छिपा पहुंची। जहां लोधी समाज के वरिष्ठों एवं छिपा ग्रामवासी के द्वारा डाककांवड का भव्य स्वागत किया गया। जहां लोधी समाज के वरिष्ठ विष्णु लोधी, ओंकार लोधी, जीवन वर्मा लोधी के साथ समस्त लोधी परिवार मुख्य रूप से उपस्थित थे। इसी क्रम मे हिंदू जागरण मंच ने नंदई चौक, गंज चौक एवं मानव मंदिर चौक में फुल बरसाकर डाक कांवडियों के साथ अन्य कांवड़ियों का स्वागत अभिनंदन किया। हिंदू जागरण मंच के द्वारा डाक कावड़िया के लिए रास्ते में जल की व्यवस्था भी कि गई थी एवं सफाई कर्मचारियों एवं ट्राफिक पुलीस कर्मचारी को गुलाब फुल देकर उनका अभिनंदन किया गया।

आयोजनकर्ता शिवगण माँ पाताल भैरवी बर्फानी धाम से राजेश मारू भैया, श्री महाकाल मंदिर सिंघोला से पवन डागा भैया, हिंदू जागरण मंच से सुशील लडडा भैया, आज चौथे सोमवार को विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्निहोत्री, राज बहादुर सिंह भैया, छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के जिला अध्यक्ष विजय साहू, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के जिला अध्यक्ष मनीष देवांगन ने सिटी बजाकर इस यात्रा को प्रारंभ किया। जीवनदान सेवा संस्था ने बताया आज चौथे कांवड यात्रा में बेटियो ने पुरे जोश के साथ गोल्ड मेडलिस्ट बेटी नीतू सलामे, किरण साहू एवं चेष्टा जंघेल ने बिना रुके 28 किलोमीटर दौड लगाई।

जीवनदान सेवा साथ के प्रदेश महासचिव हरीश भानुशाली, प्रदेश उपाध्यक्ष अभय जंघेल, भारतभूषण वैष्णो, कोषाध्यक्ष अमर सिंह राजपूत, आनंद मुदंडा, राजनांदगांव जिलाध्यक्ष अविनाश जैन, जिला उपाध्यक्ष अमित चौहान, शहर अध्यक्ष रिषभ मल्ल, संस्था के भिलाई टीम से योगेश्वर मानिकपुरी एवं नरेंद्र भिलाई से राजनांदगांव पहुंचे थे। महेश्ववर जंघेल, यस साहु, रितेश साहू, चंदन साहू, शाशि साहु, स्वर्ण डीजे से राजा कुर्रे, राहुल साहू, सत्यम ओझा, शिवम ओझा, मिताली वर्मा, पूर्व जंघेल, ग्राम भाटापारा उपसरपंच दीपक वैष्णव, अनुज, नितिन, दुर्गेश, दिव्यांश, कमलेश डर्सेना आदि उपस्थित थे।

# सर्व समाज का सावन तीज महोत्सव





**राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी में एक से बढ़कर एक आयोजन के साथ एक नई पहल का आगाज सर्वसमाज का सावन तीज महोत्सव का आयोजन गौरवपथ सोबर कैफे मे किया गया।**

इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पत्रकार महिला कांऊसलर निकहत परवीन एवं मेम्बर जज नेहा गुप्ता ने शिरकत की। इस आयोजन की खास बात यह रही कि सर्व समाज के लोगों ने इस आयोजन में अपनी सहभागिता दिखाई। इस कार्यक्रम में आयोजित सावन तीज महोत्सव में स्वल्पाहार, सावन के झूले सेल्फीजोन और मुख्य आकर्षण अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर ढोल नंगाड़े के साथ नृत्य करते हुए अतिथियों एवं सावन सुंदरियों का स्वागत किया गया। सावन के इस कार्यक्रम में हरे रंग के परीधान में सजी सांवन सुंदरीयां एक से बढ़कर एक गेम, नृत्य का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की संयोजक सरोज खंडेलवाल ने एकता भाईचारा का परिचय देते हुए सर्वसमाज के दृष्टिकोण से एक नई पहल की शुरूआत की है। जिसमें सर्व समाज के महिलाओं ने तीज सावन महोत्सव को शानदार बनाया।

इस आयोजन में विभिन्न प्रकार के गेम जैसे- कुर्सी दौड़, बलून विथ पेन क्वाइन गेम, हाउसी, के साथ-साथ सावन सुंदरियों का चयन, उनकी साजसज्जा में चलने में देखने में प्रश्नोत्तर जैसे सभी गतिविधियों में परिपक्व महिला ही सावन सुंदरी का खिताब जीत पायेगी आखिरकार सावन सुंदरीयों का खिताब श्रीमति रजनी अग्रवाल, श्रीमति शारदा अग्रवाल ने जीता उन्हे इस आयोजन में क्राउन पहना कर सभी ने बधाईयां दी ऐसे आयोजन हमारे संस्कारधानी की गरीमा का गौरव है। जिसमें सभी का समायोजन शामिल है और एकता का प्रतीक है। इस आयोजन में उपस्थित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही कार्यक्रम का शानदार सफल संचालन अनामिका बरड़िया के द्वारा किया गया।

# नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल को प्रग्योत्सव सम्मान



राजनांदगांव (दावा)। भिलाई में आयोजित नेशनल कल्चरल एक्स्ट्रावेगेंजा में शहर के नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल बल्देवबाग ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रग्योत्सव सम्मान-2025 हासिल किया है। 1 जुलाई को हुए इस समारोह में देश भर के 1,000 से अधिक समूहों ने भाग लिया था। स्कूल की इस उपलब्धि पर डायरेक्टर नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी, कुंतल बाजपेयी, प्राचार्या आरती पिल्लई, हेड मिस्ट्रेस वैशाली सिंग, डांस टीचर विशाल शर्मा, मनोनिता विश्वकर्मा सहित पूरे स्टाफ ने विद्यार्थियों को बधाई दी। स्कूल प्रशासन ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इसे एक बड़ी उपलब्धि बताया है।

# आम उपभोक्ता को बिजली बिल में लगेगा डबल झटका



राजनांदगांव (दावा)। लोगों की बिजली बिल में प्रदेश की भाजपा सरकार ने डबल झटका दिया है। पहले बिजली के दाम में बढ़ोतरी कर दी। वहीं कांग्रेस शासन काल में दी जाने वाली 400 यूनिट तक की 50 प्रतिशत छूट को खत्म करके इसे प्रतिमाह 100 यूनिट कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिंटू ने कहा कि प्रदेश की सरकार जन विरोधी सरकार है। बिजली बिल में दी जाने वाली छूट को खत्म करके सरकार जनता को लूटने का काम कर रही है।

**चार सौ युनिट की छूट को भाजपा सरकार ने किया खत्म**

उन्होंने कहा कि जनता पहले ही बढ़ी हुई महंगाई की बोझ तले दबी है तो वहीं अब बिजली बिल में बढ़ोतरी करने के साथ 400 युनिट तक की छूट को खत्म करना न्याय संगत नहीं है। उन्होंने कहा कि एक आम उपभोक्ता 400 यूनिट के भीतर ही बिजली की खपत करता है। ऐसे में इस छूट को खत्म करना जन विरोधी निर्णय है।

प्रदेश प्रवक्ता श्री पिंटू ने कहा कि भूपेश सरकार के समय कांग्रेस शासन काल में बिजली बिल की दरों में काफी कमी थी और बिजली बिल हाफ योजना से लोगों को काफी राहत मिली थी, लेकिन प्रदेश में सरकार बदलते ही जनता को अतिरिक्त बोझ के तले दबाया जा रहा है।

### भाजपा सरकार की जन विरोधी नीति

विष्णुदेव साय की जन विरोधी भाजपा सरकार की नियत और नीति स्पष्ट दिखाई दे रही है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिंटू ने कहा कि बिजली की दरों में बढ़ोतरी, बिजली बिल में 400 युनिट तक 50 प्रतिशत की छूट को खत्म करना, 5 डेसिमल से कम जमीन की रजिस्ट्री पर पाबंदी लगाना भाजपा सरकार की नीति और नियत को बताने काफी है। सरकार के इन फैसलों से आम जनता को काफी आर्थिक समस्या होगी। उन्होंने कहा कि पहले ही बिजली बिल लगभग दोगुना आ रहा है, वहीं अब इस छूट को खत्म करने से लोगों के घरों का बजट बिगड़ जाएगा। कांग्रेस प्रवक्ता श्री पिंटू ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के नाम पर भी लोगों को ठगा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सूर्य घर योजना भी फ्लॉप है। इस योजना में लोगों की रुचि भी नजर नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग भी इस योजना पर ध्यान नहीं देता है। श्री पिंटू ने कहा कि प्रदेश में सरप्लस बिजली उत्पादन होने के बावजूद प्रदेश के लोगों को सस्ते दर पर बिजली नहीं दी जा रही है। सरकार बड़े उद्योगपतियों के करोड़ों रुपए के बिजली बिल माफ कर देती है और गरीबों से दोगुनी वसूली करती है।

# अपने कर्तव्यों का पूरी ईमानदारी से पालन करें - मुनि वीरभद्र



राजनांदगांव (दावा)। श्री विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन तक उपवास का रिकॉर्ड बनाने वाले जैन मुनि वीरभद्र (विराग) ने आज यहां कहा कि अपने कर्तव्यों का पूर्ण ईमानदारी से पालन करें। बाप हो तो बाप के दायित्व का पालन करें और बेटा हो तो बेटे के दायित्व का पालन करें। उन्होंने कहा कि आजकल देखने में यह आ रहा है कि लोग यदि कर्तव्य पूरा करते हैं तो उसका यश भी चाहते हैं। मुनि श्री वीरभद्र (विराग) ने कहा कि यश के पीछे मत भागो और यश की चाह छोड़कर अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा के साथ पालन करें। स्वयं को आचार संपन्न बनाएं अर्थात आप जिस पद पर हैं। उस पद की गरिमा का पूरा ख्याल रखें और उसके अनुरूप आचरण करें। परमात्मा के वचन का आत्म चिंतन करें। आत्म कल्याण के लिए यह जरूरी भी है कि हम परमात्मा के वचन का मनन-चिंतन करें व इसका पालन करें।

**मां-बाप को वृद्धाश्रम ना भेजें, उनकी सेवा करें**

मुनि श्री वीरभद्र (विराग) ने कहा कि अच्छे कार्य का श्रेय हम अपने को देते हैं और यदि कोई कार्य बिगड़ जाता है तो उसका दोष हम दूसरों पर मढ़ देते हैं। हम यह जानने की कोशिश नहीं करते कि आखिर यह गलती क्यों हुई? और हम यह मानने की कोशिश भी नहीं करते हैं कि जो कुछ हो रहा है वह कर्मो कारण हो रहा है। हम यह सोचते नहीं और तत्वों का चिंतन करते नहीं। मुनि वीरभद्र (विराग) ने कहा कि धर्म छोड़कर जीने से अच्छा तो मर जाना है। उन्होंने कहा कि आजकल सेवक बड़े हो गए हैं और परमात्मा गौण हो गए हैं। इसके पीछे कारण यह है कि हमारी दृष्टि परिवर्तित हो गई है। उन्होंने कहा कि दृष्टि एक समान जरूर रखें, किंतु आदर सम्मान का भी पूरा ध्यान अवश्य रखें और जो जितने सम्मान के पात्र हैं। उन्हें वह सम्मान अवश्य दें। जैन संत ने कहा कि आवश्यकताएं कभी खत्म नहीं होती। शरीर को टिकाना है तो भोजन चाहिए। मुनि श्री ने कहा कि दुख होता है कि मां-बाप को वृद्धाश्रम में रखा जा रहा है। उन्होंने आपको सब कुछ दिया, किंतु आपने उनको वृद्धाश्रम भेज दिया और वह भी उस समय जिस समय उन्हें आपकी ज्यादा आवश्यकता थी। उन्होंने कहा कि मां-बाप की सेवा करें उन्हें वृद्धाश्रम न भेजें। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में विमल हाजरा ने दी।

# नेहरू नगर में सुविधा विस्तार के लिए महापौर ने किया भूमिपूजन



राजनांदगांव (दावा)। शहर विकास की कडी में वार्ड नं. 14 के नेहरू नगर में सुविधा विस्तार के तहत अधोसंरचना मद अंतर्गत 5 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण, 8 लाख रूपये की लागत से उद्यान निर्माण एवं लगभग 10 लाख रूपये की लागत से नाला में पुलिया निर्माण कराया जाना है। जिसका महापौर मधुसूदन यादव ने वार्ड पार्षद सतीश मसीह एवं नेहरू नगरवासियों की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर श्रीफल फोड कर भूमिपूजन किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में नेहरूनगर के श्रीमती नीलम सिंह, यशोधरा साहू, महिमा राय, राम अवतार जोशी, जे.पी.साहू, अनिल त्रिपाठी, प्रभंजय सोनी, मनीष श्रीवास्तव, प्रियांशु वैष्णव व दिनेश ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। तत्पश्चात महापौर द्वारा नेहरू नगर मे आयोजित कार्यक्रम में विधिवत भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन अवसर पर महापौर ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिह, सांसद संतोष पाण्डे की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा उप मुख्यमंत्री अरूण साव द्वारा शहर में मूलभूत सुविधा रोड, नाली के अलावा उद्यान, भवन, मंच, तालाब सौदर्यीकरण, मुक्तिधाम उन्नयन आदि कार्य के लिये राशि उपलब्ध कराये थे। जिससे वार्डो में विकास कार्य कराये जा रहे है। इसी कडी में आज नेहरू नगर में विकास कार्य के लिए भूमिपूजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेगे। इस अवसर कार्यपालन अभियंता दीपक खाण्डे, उप अभियता मुनेन्द्र साठिया सहित नेहरू नगर वासी उपस्थित थे।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी : यादव समाज की शोभा यात्रा में एकता की मिसाल




राजनांदगांव (दावा)। यादव भवन नंदई में 3 अगस्त को यादव समाज द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर शोभा यात्रा निकालने के लिए एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कोसरिया यादव समाज ने समाज के सभी वर्गों - कोसरिया, झेरिया और ठेठवार - को एक साथ मिलकर शोभा यात्रा निकालने का संकल्प लिया।

### शोभायात्रा में एकता और उत्साह

समाज के संगठन प्रभारी भोला यादव ने बताया कि यह शोभा यात्रा गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम की तरह और तिरंगे के तीन रंगों की तरह यादव समाज के तीनों वर्गों की एकता का प्रतीक होगी। सभी भाई-बंधु आपसी भाईचारे और सद्भावना के साथ एक ही बैनर के तहत शामिल होंगे। शोभा यात्रा में राजनांदगांव के अलग-अलग वार्डो से भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं पर आधारित झाँकियाँ शामिल होगी। जिस वार्ड से झाँकी आएगी। उसे स्व. लालाराम यादव और स्व. रामबाई यादव की स्मृति में मनोज यादव नंदई द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया जाएगा। जो परिवार अपने बच्चों को राधा-कृष्ण के रूप में सजाकर लाएंगे, उन्हें भी पुरस्कृत किया जाएगा।

इस बैठक में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष मन्ना यादव, जिला महिला अध्यक्ष शीला यादव, जिला युवा अध्यक्ष हरीश यादव, नगर अध्यक्ष सूरज यादव, नगर महिला अध्यक्ष सुश्री मधु यादव, कोषाध्यक्ष विजय यादव, नारायण यादव, पुनाराम यादव, दिलीप यादव, मन्नु यादव, राजीव यादव, अर्जुन यादव, भूपेन्द्र यादव, दुष्यंत यादव, वासुदेव यादव, मनोज यादव, विनायक यादव, सावन यादव, राजेश यादव, सुनीता यादव, मीना यादव, निर्मला यादव, संतोषी यादव,सुशीला यादव, प्रमिला यादव, रोशनी यादव, लक्ष्मी यादव, चंद्रिका यादव, गायत्री यादव, सुमीत्रा यादव, प्रियंका यादव, सोहद्रा यादव, गीता यादव, कांति यादव, जानकी यादव, ललिता यादव सहित भारी संख्या में उपस्थित थे।

# जंगली सुअर को तेज रफ्तार गाड़ी ने कुचला



डोंगरगढ़ (दावा)। शहर की सीमा पर स्थित डोंगरगढ़ से गाज मर्रा जाने वाले मार्ग पर स्थित फॉरेस्ट नाका के पास एक तेज रफ्तार गाड़ी ने जंगली सुअर को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना देर रात्रि की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा तत्काल वन विभाग की टीम को सूचित किया गया। मौके पर पहुंची वन विभाग के कर्मचारियों ने मृत जंगली सुवर को अपने साथ ले गए। तथा उनके द्वारा कहा गया कि कल उसका पोस्ट मार्टम करा कर रिपोर्ट पेश की जाएगी।

# भाजपा सरकार के संरक्षण में खाद की कालाबाजारी - विक्की पटेल



राजनांदगांव (दावा)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विक्की पटेल ने प्रदेश में किसानों को खाद की अनुपलब्धता व पूंजीपतियों और बिचौलियों द्वारा काला बाजारी कर अधिक मूल्यों पर बेचने पर प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद के संकट से जूझना पड़ रहा जो की चिन्ता का विषय है। ऐसा संकट कांग्रेस के कार्यकाल में भूपेश की सरकार के समय कभी नहीं आया। जिले में नवाज खान के सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष रहते खाद की कमी कभी भी किसानों को नहीं हुई है। समय से पूर्व किसानों को खाद उपलब्ध करा दिया जाता था, किंतु आज का परिदृश्य अलग है किसान भाइयों को खाद के लिए भटकना पड़ रहा है। उनके माथों पर चिंता की लकीरें साफ नजर आती है। हर मामले में फेल भाजपा की सरकार बिचौलियों को लाभ पहुचाने में लगी है। डीएपी, यूरिया आदि खाद किसान डबल मूल्यों में मजबूरी के कारण खरीदना पड़ रहा हैं। एक तरफ सरकार शराब का फूल स्टाक भट्टियों में भेज रहा है, लेकिन खाद की किल्लत को पूरा नहीं कर पा रहा है। किसान हितैसी का दावा करने वाली भाजपा की सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो चुकी हैं।

## अनमोल दावा

**इंसान अगर आपको केवल जरूरत पड़ने पर ही याद करता है तो उस बात का बुरा मत मानो, क्योंकि जब अंधेरा हो जाता है, तभी दिए की याद आती है।**

## रेवन्ना को उम्रकैद : न्याय की हुई जीत

जनता दल (एस) के पूर्व सांसद और पूर्व पीएम एचडी देवगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना को रेप के एक मामले में मिली उम्रकैद की सजा न्याय की मिसाल है। केस दर्ज होने के करीब सालभर में पीड़िता को इंसाफ मिल गया। केस को त्वरित गति से निपटाने के लिए पुलिस से लेकर जूडिशरी तक ने असाधारण तेजी दिखाई। इससे साबित होता है कि अगर ठान लिया जाए तो कोई भी अपराधी अदालत के कटघरे से बच नहीं सकता।

प्रज्वल रेवन्ना का अपराध मानवता को शर्मसार करने वाला है। उसने कमजोर और गरीब तबके की महिलाओं से लेकर सरकारी कर्मचारियों तक को निशाना बनाया। यहां तक कि अपनी पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं को भी नहीं छोड़ा और सभी पीड़िताओं के विडियो शूट किए थे। पुलिस के अनुसार, प्रज्वल रेवन्ना ने करीब 100 महिलाओं का यौन शोषण किया। उसने उस भरोसे का कत्ल किया, जो एक जनप्रतिनिधि पर जनता को होता है।

पिछले साल अप्रैल में लोकसभा चुनाव से ऐन पहले प्रज्वल के निर्वाचन क्षेत्र हासन में उसके कुकृत्य को उजागर करने वाले सैकड़ों पेन ड्राइव लोगों को मिले थे। इसी के बाद उसकी असलियत सामने आई। दोषी करार दिए जाने के बाद जो प्रज्वल रेवन्ना अदालत में रो रहा था, वही मामला खुलने के बाद बचने के लिए अपनी ताकत का कोई भी इस्तेमाल करने से नहीं हिचका था। वोटिंग के तुरंत बाद अपने राजनयिक पासपोर्ट का इस्तेमाल कर वह विदेश भाग गया था। यह भी आरोप है कि उसके पिता और कर्नाटक सरकार में मंत्री रहे एचडी रेवन्ना व उसकी मां भवानी रेवन्ना ने पीड़िता का अपहरण करा लिया था, ताकि वह बयान न दर्ज करा सके।

प्रज्वल रेवन्ना और उसके परिवार ने अपनी ताकत व राजनीतिक पहुंच का भरपूर इस्तेमाल किया। यह मुकदमा शायद कभी अंजाम तक न पहुंचता, अगर वह पीड़िता डटी न रही होती। स्ढ्ढञ्ज प्रमुख बीके सिंह ने भी सर्वाइवर की तारीफ करते हुए कहा कि वह चट्टान की तरह अडिग रही। उसके हौसले और हिम्मत को सलाम करते हुए जांच एजेंसी की भी प्रशंसा की जानी चाहिए। अपराध के करीब चार साल बाद सबूतों को जुटाना और इतने गतिरोध के बीच आगे बढ़ना आसान नहीं रहा होगा। प्रज्वल के खिलाफ यौन शोषण के चार मामले दर्ज किए गए थे। अभी केवल पहले का फैसला आया है यानी लड़ाई अभी लंबी है। लेकिन, इस पहले केस ने यह विश्वास पैदा किया है कि राजनीतिक हस्तक्षेप न हो और ईमानदारी बरती जाए, तो तेजी से न्याय बिल्कुल मिल सकता है।

# टैरिफ दादागिरी के बीच 'स्वदेशी' एक जनक्रांति बने



**- ललित गर्ग -**

वाराणसी में अपने लोकसभा क्षेत्र से एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों का आह्वान किया है कि वे संकल्प लें कि अपने घर स्वदेशी सामान ही लाएंगे। उनका यह आह्वान न केवल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 'दबाव की राजनीति' और 'टैरिफ की दादागिरी' का माकूल जबाव है बल्कि भारत को सशक्त अर्थ-व्यवस्था बनाने की बुनियाद भी है। मोदी ने 'आत्मनिर्भर भारत' का आह्वान इसी सोच के साथ किया है। उन्होंने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि भारत को 'लोकल के लिए वोकल' बनना होगा। यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक गहन आर्थिक और सांस्कृतिक रणनीति है जो हमें बाहरी निर्भरता से मुक्त कर सकती है। यह वही आत्मनिर्भरता है, जिसका बीजारोपण महात्मा गांधी ने चरखे और खादी के माध्यम से किया था और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्वदेशी जागरण के माध्यम से कर रहा है।

डोनाल्ड ट्रंप की बौखलाहट का ही परिणाम है कि उन्होंने दुनिया की तीसरी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर भारत की अर्थव्यवस्था को 'मृत अर्थव्यवस्था' तक कह दिया, उनका यह कहना न केवल तथ्यहीन और निराधार है, बल्कि भारत की आर्थिक संप्रभुता पर एक असभ्य एवं अक्षम्य आक्षेप भी है। इससे भी अधिक विडंबनापूर्ण और चिंताजनक बात यह है कि भारत के कुछ विपक्षी दलों ने इस अपमानजनक बयान को घरेलू राजनीति की 'ऑक्सीजन' मानकर इसे आंतरिक राजनीति का हथियार बनाकर न केवल प्रचारित किया, बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से उसका समर्थन भी किया। अक्सर विपक्षी दल देशविरोधी नैरेटिव को बढ़ावा देने में जुट जाते हैं। वे यह भूल जाते हैं कि राजनीतिक असहमति लोकतंत्र का अंग हो सकती है, लेकिन राष्ट्रीय अस्मिता पर आघात के समय एकजुटता ही राष्ट्रवाद की पहचान होती है। यह वही देशविरोधी मानसिकता है जो विदेशी मंचों पर देश की छवि को चोट पहुंचाती है और राजनीतिक स्वार्थों एवं मतभेदों को राष्ट्रीय स्वाभिमान से ऊपर रखती है।

भारत की अर्थव्यवस्था को जिस तरह ट्रंप ने 'मृतप्राय' कहा, वह न केवल मौजूदा आर्थिक तथ्यों की अवहेलना है, बल्कि भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव को दबाने का एक रणनीतिक षडयंत्र भी है। आईएमएफ, विश्व बैंक और ओईसीडी जैसी प्रतिष्ठित संस्थाएं भी लगातार यह संकेत देती रही हैं कि भारत विश्व की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया जैसी पहलों के चलते भारत की अर्थव्यवस्था ने कोरोना महामारी के बाद



जिस गति से पुनरुत्थान किया है, वह अनेक विकसित देशों के लिए भी उदाहरण है। सच्चाई यह है कि भारत की अर्थव्यवस्था न तो मृत है, न ही दिशाहीन। हां, चुनौतियां हैं, बेरोजगारी, महंगाई, आय असमानता, लेकिन इनसे जूझते हुए भारत आत्मनिर्भरता और नवाचार की दिशा में उल्लेखनीय कदम उठा रहा है। वैश्विक मंचों पर भारत की वाणी अब कमजोर नहीं, बल्कि दृढ़ता और आत्मविश्वास से परिपूर्ण है। ऐसे समय में जब अमेरिका जैसे देश एकतरफा फैसलों से वैश्विक व्यापार संतुलन को तोड़ने पर आमादा हैं, तब भारत को अपनी आत्मनिर्भरता और स्वदेशी के मंत्र को एक संकल्प बनाकर व्यवहार में लाना होगा। अमेरिका हो या चीन, आर्थिक नीतियों में नैतिकता नहीं, स्वार्थ ही केंद्र में रहता है। इसीलिए भारत को अब यह समझना होगा कि केवल आयात पर निर्भर रहकर हम अपनी आर्थिक सुरक्षा नहीं कर सकते। जब तक हम उत्पादन, निर्माण और उपभोग के क्षेत्र में स्वदेशी विकल्प नहीं अपनाते, तब तक हम इस टैरिफ आतंकवाद और वैश्विक अस्थिरता के शिकार बने रहेंगे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और स्वदेशी जागरण मंच वर्षों से यह बात दोहराते रहे हैं कि भारत की आर्थिक समृद्धि का मूल मंत्र 'स्वदेशी' है। यह विचार केवल देसी वस्तुओं के प्रयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका तात्पर्य है, स्वदेशी संसाधनों, तकनीकों, कौशल और संस्कृति के आधार पर विकास का रास्ता तय करना। भारत का आर्थिक इतिहास इसका साक्षी है कि जब-जब देश ने अपनी आंतरिक क्षमताओं पर विश्वास किया, तब-तब उसने वैश्विक मंच पर अपना प्रभुत्व सिद्ध किया। चाहे दूध उत्पादन में श्वेत क्रांति हो, अंतरिक्ष में इसरो की सफलताएं हों या कोविड काल में स्वदेशी वैक्सीन बनाना, भारत ने दिखाया है कि वह किसी से कम नहीं। स्वदेशी का मंत्र सिर्फ 'यहां बनाएं' तक सीमित नहीं है, यह 'यहां के लोगों द्वारा, यहां की सोच के साथ' बनाया गया भारत है। प्रधानमंत्री मोदी का 'मेक इन इंडिया' अभियान अब 'मेड बाय इंडिया' की दिशा में अग्रसर हो रहा है। भारत को ऐसी आर्थिक संरचना बनानी होगी जिसमें विदेशी पूंजी या तकनीक की बजाय स्वदेशी नवाचार, स्वदेशी उद्योग, और स्वदेशी उद्यमिता को बल मिले। इस संदर्भ में सरकार को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि जो नीतियां बनें, वे स्वदेशी उद्योगों को बढ़ावा देने वाली हों, न कि बहुराष्ट्रीय कंपनियों की लॉबी के दबाव में चलने वाली।

आज का समय वैसा ही है जैसा 1905 में बंग-भंग आंदोलन के समय था, जब बाल गंगाधर तिलक, लाला लाजपत राय और अरविंद घोष जैसे क्रांतिकारियों ने विदेशी वस्त्रों की होली जलाई थी। आज फिर एक नई क्रांति की जरूरत है, लेकिन यह क्रांति फैक्ट्रियों में, बाजारों में, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर लड़ी जाएगी। हमारे युवाओं को चाहिए कि वे स्टार्टअप, इनोवेशन और तकनीकी प्रयोगों में विदेशी नकल न करें, बल्कि भारतीय जरूरतों और मूल्यों के अनुरूप नए समाधान विकसित करें। यही आत्मनिर्भर भारत की आत्मा है। हर भारतीय को यह समझना होगा कि जब वह विदेशी मोबाइल, ब्रांडेड कपड़े, या चीनी उत्पाद खरीदता है, तो वह सिर्फ एक उत्पाद नहीं ले रहा, बल्कि वह अपने देश के एक कारीगर, किसान या उद्यमी से रोजी-रोटी छीन रहा है। अब समय है कि उपभोक्ता भी जिम्मेदार बने। स्वदेशी उपभोग सिर्फ एक विकल्प नहीं, बल्कि देशभक्ति का आधुनिक रूप है।

आज जब वैश्विक पूंजीवाद लड़खड़ा रहा है और पश्चिमी देशों की नीतियों में आत्मकेंद्रितता हावी हो रही है, भारत को अपनी सांस्कृतिक, आर्थिक और बौद्धिक जड़ों की ओर लौटना ही होगा। यही समय है जब 'स्वदेशी' एक आंदोलन बने, एक जनक्रांति बने और एक ऐसी नई अर्थव्यवस्था की नींव डाले जो टिकाऊ, समावेशी और पूर्णतः आत्मनिर्भर हो। प्रधानमंत्री मोदी ने जो स्वदेशी का दीप जलाया है, वह केवल सरकार का काम नहीं, यह हम सभी का नैतिक, राष्ट्रीय और आत्मिक दायित्व है। तभी हम न केवल ट्रंप जैसी टैरिफ दादागिरी का जवाब दे पाएंगे, बल्कि एक सशक्त, सम्मानित और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर सकेंगे, अपने स्वेद, अपने स्वप्न और अपने स्वदेश के बल पर। जरूरत इस बात की भी है कि हम अपने विशाल असंगठित क्षेत्र को संगठित क्षेत्र में शामिल करने के लिये प्रयास करें। हम याद रखें कि चीन ने अपने देश में लघु उद्योगों को संगठित करके ही दुनिया में उत्पादन के क्षेत्र में बादशाहत हासिल की है। उपयोग उत्पादन बढ़ाने के लिये कर सकें।

लेखक, पत्रकार, स्तंभकार, ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट
25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92
फोनः 22727486, 9811051133

## कविता

### दुलारी नारी से महतारी

तु बेटी बनकर आती है, जीवन में खुशियां लाती हैं
माता पिता के सूने गोद में, हरियाली भर लाती है
माता पिता की जिम्मेदारी, तेरे उम्र के साथ ही बढ़ती है
पढ़ती है तु बढ़ती है झूठे मान्यताओं से लड़ती है
फिर एक दिन ऐसा आता है, तेरा भी मन घबराता है
अपनों के बीच मचलता दामन, औरों से बंध जाता है
तु प्यारी दूलारी से नारी बनकर आती है,
पिता का मान बढ़ाती, नये रिस्ते अपनाती है
कुछ दिन रात बीते तेरी काया में बदलाव हुआ
मन भारी भारी लगता है, खाने खाने को जी करता है
दो हिस्से में बटता तन तेरा चेहरा गजब दमकता है
एक दिन ऐसा एहसास हुआ, मृत्यु का निकट आभास हुआ
एक दिया और एक बाती में, नव ज्योति का प्रकाश हुआ
उस नन्हें दीपक का तूने प्राणों से अधिक ख्याल किया
उसकी हर जरूरतों का तन मन धन से संभाल किया
जीवन के हर एक पहलू पर तेरा ही उपकार है
तेरे ही बलीदानों से मानव जीवन साकार है
तू प्यारी दूलारी से नारी फिर महतारी हो जाती है
तू जननी लक्ष्मी दुर्गा तूही प्राणी में सम्मान है
तेरे चरणों में भोला का सौ सौ बार प्रणाम है।

**– भोला राम साहू**
**ग्राम सुन्दरा राजनांदगांव**

## विचार सरिता

# हंसी के किस्से: कवि को किसी के साथ पकड़ने हेतु चंद्रमुखी पहुंच गई बाजार



**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**

मंडी में सब्जियाँ लेने को निकले कवि कुमार को बरसात की बूंदों ने घेर लिया। उन्होंने छाता खोल लिया और संयोगवश चंद्रमुखी उन्हें रास्ते में मिल गई।मंदिर जाती चंद्रमुखी भी छाते के नीचे आ गई। दोनों में बात चीत होने लगी,

''बारिश की बूँदै बितनी प्यारी हैं न जीजाजी?'' चंद्रमुखी ने कहा।

कवि कुमार ने जवाब दिया,

''हाँ चंद्रमुखी! ये बारिश की बूँदें धरती के लिए बहुत आवश्यक हैं। ऐसा लगता है, जैसे धरती ने इन जल पट्टिकाओं से नव श्रृंगार किया हो.''

कवि अपनी बात पूरी करने जा रहे थे कि उनके फोन की घंटी बजी।वे इस मानसूनी चर्चा के बीच फोन कॉल आ जाने से झल्ला उठे। उन्होंने ऐसे आनंद पूर्ण वातावरण को जारी रखने के लिए अपनी जेब में हाथ डाला और जेब के भीतर ही फोन कॉल को डिस्कनेक्ट कर दिया।

इसके बाद कवि कुमार ने अपनी बात पूरी कीज.ऐसा लगता है,जैसे धरती ने इन जल पट्टिकाओं से नव श्रृंगार किया हो. जैसे इन बादलों और धरती का मिलन हो.. और जैसे बारिश की बूंदों ने एक रजत सेतु का निर्माण किया होज्ज बादलों से धरती तक..

''आप सच कह रहे हैं जीजाजी... ऐसा ही सुंदर और मन को मोह लेने वाला वातावरण है...'' चंद्रमुखी ने मुस्कुराते हुए उत्तर दिया।

अचानक फोन से कवि को एक जानी पहचानी आवाज सुनाई दीज..कवि ने पहचानने की कोशिश की... यह आवाज उनकी श्रीमती रिमझिम की थी.. वास्तव में फोन जेब में कवि से डिस्कनेक्ट नहीं हो पाया था और स्पीकर में चला गया था। अतः पत्नी रिमझिम जिन्होंने कवि को फोन किया था, वे कवि और चंद्रमुखी की सारी बातें सुन रही थीं.. ''कहां बादल और धरती के मिलन की बात हो रही है और यह दूसरी मधुर आवाज किसकी है? सब्जियों का थैला लेकर आप जाने कहां निकल गए हैं? क्या आप उड़ते - उड़ते सीधे किसी हिल स्टेशन में किसी वर्षा सुंदरी के पास पहुंच गए हैं?'' रिमझिम ने रौद्र रूप धारण करते हुए फोन पर कहा।

कवि की हालत ऐसी हो गई जैसे आसमान से गिरा और खजूर में अटकेज. उन्होंने सफाई देने की कोशिश की, लेकिन नेटवर्क खराब होने के कारण रिमझिम पूरी बात सुन नहीं रही थी.. इसी बीच मंदिर नजदीक आने वाला था और चंद्रमुखी के मंदिर में रुक जाने से कवि अपने निर्दोष होने का साक्ष्य भी खोने जा रहे थे...।

कवि विचित्र दुविधा में फंसे हुए थे लेकिन उन्हें भाग्य ने उबार लिया, जब उन्होंने बड़ी तेजी से एक ऑटो रिक्शा से उतरती हुई अपनी श्रीमती रिमझिम को देखा। रिमझिम ने सोचा था कि कवि किसी और के साथ हैं लेकिन छाते में अपनी ही बहन चंद्रमुखी को कवि के साथ देखकर उनका गुस्सा ठंडा हो गया और उन्होंने इतना ही कहा, ''तो पहले ही बता दिया होता कि आपके साथ और कोई नहीं बल्कि चंद्रमुखी है।''

''आपने तो सुनने की कोशिश कहां की? कवि ने फिर सफाई दी...''

मंदिर सामने था और चंद्रमुखी वहां रुक गई। कवि श्रीमती जी के साथ पैदल ही सब्जी मंडी की ओर बढ़ गए। अब उनकी आंखों के सामने कालिदास के मेघदूत सा कोई वर्षा दृश्य नहीं था बल्कि आलू, बैगन, भिंडी और टमाटर तैर रहा था।

## कविता

### गांव के मौसम

तुंहर गांव के मौसम बड़ा पियारा हे।
चारों कोती रुख-राई, तरिया-कुंआ,
खेत-बियारा हे।।
तुंहर गांव के मौसम....
सुघ्घर ममहात रथे इंहा के माटी,
नइ राहय कोन्हो में आंटा के आंटी।
बड़ सुघ्घर प्रेम-भाई चारा हे।।
तुंहर गांव के मौसम...
चिरई-चिरगुन चहचहाथे बिहिनिया ले,
कउंवा हं नेवता देथे चढ़ छनिहा ले,
अवइया कोई तुहर दुलारा हे।।
बड़ सुघ्घर प्रेम, भाईचारा हे..
तुंहर गांव के मौसम...
नेताजी आ के करें रिहिसे भूमि पूजन,
सकलाए रिहिन हे, गांव के सब्बो झन।
बोरिंग के पानी ऊंहा के अबड़ खारा हे।।
बड़े सुघ्घर प्रेम भाईचारा हे..
तुंहर गांव के मौसम...
एक पंइत आए रिहिसे, एक झन सैलानी,
ते दिन ले मतलाय हे,तरिया के पानी,
होय नी एक्को कन निस्तारा हे।।
बड़ सुघ्घर प्रेम भाईचारा हे..
तुंहर गांव के मौसम...
तरिया के पार में हे शीतला माई,
नीम-पीपर संग, तीर में हे अमराई।
मिलत रथे सुघ्घर लहारा हे।।
बड़े सुघ्घर प्रेम भाईचारा हे..
तुंहर गांव के मौसम...
गांव के थोकिन दुरिहा में हे मरघट्टी,
ओकर ले बड़ दूरिहा में हे दारु भट्टी
करथे लोगन ओकर ले किनारा हे।।
बड़े सुघ्घर प्रेम भाईचारा हे..
तुंहर गांव के मौसम...
बने-बने मनखे अउ हे दाई-माई
एक-दूसर में बने रहिथे सहगाई
बंधे रथे, फूल, तुलसी दल, जंवारा हे।।
बड़े सुघ्घर प्रेम भाईचारा हे..
तुंहर गांव के मौसम...
डोकरी दाई ह रतिहा में सुनाथे कहानी,
गुंजथे रामायण के दोहा, कबीरा के बानी।
बोहाथे धरम्-अध्यातम के धारा हे।
तुंहर गांव के मौसम...
गांधी जी के झंडा ल, धरे हावे जौन बंदा,
बेचावत हावे, उंखरे ताबीज अउ गंडा।
रामराज ल देश दिए निकारा हे।।
बड़े सुघ्घर प्रेम भाईचारा हे....
तुंहर गांव के मौसम बड़ा पियारा हे।।



**– आत्माराम कोशा 'अमात्य'**

## सामायिक चर्चा

### राजनीति छोड़ दूंगा, समाज सेवक बनूंगा

खबर पढ़कर बानी बोले
''अब ये देखो यार! भ्रष्टाचार को लेकर
पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर
अब लटक रही तलवार।
तो गिरफ्तारी से बचने भूपेश चले
सुप्रीम कोर्ट की राह पर दायर याचिका से
पूर्व सीएम ने कहा गजाधर!
जैसे उनके बेटे चैतन्य को
राजनीतिक द्वेष में फंसाकर,
गिरफ्तार किया गया है
वैसे ही उन्हें भी टारगेट
किया जा सकता है, भूपेश का कहना है कि
उनके खिलाफ बदले की भावना से
काम किया जा सकता है।
इस पर गजाधर ! आपका मन क्या कहता है?''
गजाधर मुस्कराए बोले
''अच्छा! अच्छा! अब समझ में आया
कि इसी खबर के कारण बानी !
पड़ोसी रामरतन के छुटमैया नेता
भग्गू भैया को हो रही है परेशानी।
उन्होंने रामरतन से कहा – 'बाबूजी!
ये राजनीति, अच्छी नहीं होती है'
और जब कुर्सी मिल जाती है
लालच के कारण पहले तो अच्छी लगती है,
पर बाद में मुसीबत ऐसी आती है
कि .... खैर छोड़िए बाबूजी! मैं एम.ए. पास हूँ।
अब मैं राजनीति छोड़ दूंगा।
और एक शिक्षक बनकर
विद्यार्थियों को ईमानदारी का पाठ पढ़ाऊंगा
और बड़े लगन और बड़ी मेहनत से
समाज की सेवा करूंगा
और ''सच्चा'' समाज सेवक बनूंगा।''




**गिरीश बख्शी**

## कविता

### आओ जाने वर्णमाला संसार

''अ'' से अमरुद, ''आ'' से आमा । मां के भाई हमार मामा ।।
''इ'' से इज्जत, ''ई'' से ईमान । पढ़ लिख कर बढ़ाओ ज्ञान।।
''उ'' से उल्लू, ''ऊ'' से ऊंट । पानी पियो घुंट घुंट।।
''ऋ'' से ऋतु, ''ऋ'' से ऋषि। किसान करथे उन्नत कृषि।।
''ए'' से एड़ी, ''ऐ'' से ऐनक। ज्ञान प्रकाश से जीवन रौनक।।
''ओ'' से ओला, ''औ'' से औलाद। ज्ञान बढ़ाओ बानो फौलाद।।
''अं'' से अंगूर, ''अः'' है खाली। बच्चों मिलकर बजाओ ताली।।
''क'' से कमल, ''ख'' से खरगोश। हमर क्रांतिकारी खुदीराम बोस ।।
''ग'' से गाजर, ''घ'' से घास। स्कूल जाबो ज्ञान के पास ।।
''ड.''है खाली, ''च'' से चश्मा। पढ़बे लिखबे ना खाबे चकमा।
''छ'' से छाता, ''ज'' से जंगल।सच तुम बोलो करो ना दंगल।।
''झ'' से झंडा, ''ञ'' है खाली। बच्चों मिलकर बजाओ ताली।।
''ट'' से टमाटर, ''ठ'' से ठोस। पढ़बो-लिखबो बनबो बोस।।
''ड''से डमरू, ''ढ़'' से ढ़ोलक । राष्ट्रवादी बाल गंगाधर तिलक ।।
''ण'' है खाली, ''ण'' है खाली। बच्चों मिलकर बजाओ ताली ।।
''त'' से तबला, ''थ'' से थाना । मां के बाबू हमर नाना ।।
''द'' से दवाई, ''ध'' से धनुष । जंगल में रहिथे वनमानुष ।।
''न'' से नल, ''प'' से पान । कभी ना करो धूम्रपान ।।
''फ'' से फौजी, ''ब'' से बलिदान । यही है देश की शान ।।
''भ'' से भारत, ''म'' से महान । ज्ञान में ही दुनिया जहान ।।
''य'' से योगी, ''र'' से राई । झांसी की रानी लक्ष्मीबाई ।।
''ल'' से लड़का, ''व'' से वजन। जय जवान जय किसान ।।
''श'' से शरबत, ''ष'' से षट्कोण। बैंक देता लोगों को लोन ।।
''स'' से सपेरा, ''ह'' से होली ।
मीठा खाजा, मीठा बोली ।।
''क्ष'' से क्षमा, ''त्र'' से त्रिशूल ।
मां-बाप को कभी ना भूल ।।
''ज्ञ'' से ज्ञानी। पढ़ लिखकर हम बनेंगे ज्ञानी।।



**रामलाल साहू**
**(प्रधान पाठक प्राथमिक शाला कट्टाहा नवागांव, खैरागढ़)**

## राशिफल

**मेष** – आज का दिन आपके लिए खास रहने वाला है। आज आपके काम में तरक्की होगी, जिससे आपका दिन खुशनुमा बना रहेगा। आज आपका मन धार्मिक कार्यों में लगेगा, जिससे मन संतुष्ट रहेगा। आज आप दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहें और अपने काम के ऊपर फोकस करें। आज आप अपनी पसंदीदा गतिविधियों को महत्व देंगे।

**वृष राशि** – आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज आपका दिन बहुत ही सहज बना रहेगा, जिससे मन को संतुष्टि मिलेगी। आज दूसरों से आगे जाने की इच्छा आपके आत्मविश्वास और कार्यकुशलता में वृद्धि करेगी। आज आपकी आस्था और विश्वास बरकरार रहेगा, जिससे आप जिस भी कार्य को करेंगे, वह अवश्य पूरा होगा।

**मिथुन** – आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज अगर आप किसी काम की शुरूआत या बढ़ाना चाह रहे हैं तो उससे संबंधित सलाह लेना आपके लिए फायेदमंद रहेगा। आज प्रॉपर्टी में बिजनेस के लिए लाभदायक स्थिति बनी हुई है। आज आपको ऑफिशियल कार्यों में सफलता मिलेगी और भविष्य के लिए नई योजनाएं बनेंगी।

**कर्क** – आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप दिन की शुरुआत एक नए तरीके से करेंगे जिससे आपको खुशी मिलेगी। आज आप अपनी पुरानी गलतियों को सुधारकर आगे बढ़ेंगे और आपके अंदर आ रहे बदलाव के कारण घरवाले भी आपसे प्रसन्न रहेंगें। आज अधूरे काम पूरे करने के लिए दिन सही है।

**सिंह** – आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आपको व्यापार में बढ़िया धन लाभ होगा, जिससे घर में प्रसन्नता बनी रहेगी। आज आप व्यर्थ के कामों में पड़कर समय नष्ट ना करें और कुछ समय अपने स्वास्थ्य एवं मनोबल को बेहतर बनाने में व्यतीत करें। आज आप किसी काम को पूरा करने के लिए भाई की मदद लें।

**कन्या** – आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आज जीवनसाथी व परिवार जनों का सहयोग आपके आत्म बल व आत्मविश्वास को बनाकर रखेगा। आज आप अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें , कुछ समय मेडिटेशन और आराम के लिए अवश्य निकालें। आज किसी काम को पूरा करते समय अपनों की सलाह बहुत काम आएगी।

**तुला** – आज का दिन आपके लिए फेवरेबल बना रहेगा। आज आत्म चिंतन करने से आपके दृष्टिकोण में आश्चर्यजनक और पॉजिटिव परिवर्तन देखने को मिलेगा। आज आपके किसी रिश्तेदार से आपसी रिश्ते अच्छे होंगे, जिससे मधुरता बनी रहेगी। स्वास्थ्य में चल रही समस्या से भी राहत मिलेगी।

**वृश्चिक** – आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज धार्मिक और आध्यात्मिक उन्नति की तरफ भी आपका ध्यान केंद्रित होगा। आज आप अपने लक्ष्य के प्रति पूर्ण रूप से एकाग्र चित्त रहें, आपको सफलता अवश्य मिलेगी। आज युवाओं को किसी अनुभवी तथा प्रतिष्ठित व्यक्ति का आशीर्वाद व मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**धनु** – आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज विद्यार्थी तथा युवा अपनी सफलता को लेकर मन में किसी भी तरह का संशय ना रखें, जल्द ही सब ठीक होगा। आज आप नया निवेश करने से पहले अच्छी तरह जांच-पड़ताल कर लें। आज आप घर के बड़े बुजुर्गों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

**मकर** – आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज दूसरों से ज्यादा उम्मीदें करने की बजाय अपनी कार्य क्षमता व योग्यता पर ही विश्वास रखें। आज युवा वर्ग भावनाओं में आकर किसी काम में जल्दबाजी न करें और व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाए। आज आप परिवार के सदस्यों के साथ सुखद पलों को साझा करेंगे।

**कुंभ** – आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहेगा। आज नौकरी और बिजनेस के सिलसिले में यात्रा का प्रोग्राम बन सकता है। आज आप उस कार्य में कामयाब होंगे, जिसके लिए लंबे समय से प्रयासरत थे। इस राशि के छात्रों को आज किसी विषय को समझने के लिए अपने सीनियर की मदद लेंगे।

**मीन** – आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज किसी करीबी की सलाह आपके लिए फायदेमंद साबित होगी। ये समय आपके लिए आगे बढ़ने का है, सही योगदान देंगे तो आपको आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। आज आप अपना पूरा ध्यान काम में लगायेंगे, जिसके आपको बेहतर परिणाम हासिल होंगें।

# एक बार फिर अपने प्रजा का हालचाल जानने संगीत नगरी पहुंचे चंद्रमौलेश्वर महाराज, निकली पालकी यात्रा, यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

- 0 समुचा शहर हुआ शिव भक्ति में लीन, चोरों तरफ भगवा ही भगवा रंग में सराबोर रहा नगर
- 0 हर हर महादेव की गुंज में डुबा रहा शहर, हर गली और चौक चौराहों पर पुष्प वर्षा होती रही
- 0 हर चौक चौराहों पर शीतल जल, फल और हलवा पुड़ी का हुआ वितरण





खैरागढ़ (दावा)। नगर में आयोजित महाकाल बाबा की भव्य पालकी यात्रा में श्रद्धा का अप्रतिम सागर उमड़ पड़ा। हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति से पूरा शहर शिवभक्ति में डूब गया। बाबा चंद्रमौलेश्वर सेवा समिति और श्रीराम गौ सेवा समिति के द्वारा आयोजित इस यात्रा में भगवान शिव के विभिन्न रूपों की जीवंत झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी। शिवरूपों की झांकी और भक्तिमय वातावरण शहर के विभिन्न शिवालयों से निकली पालकी यात्रा में भजन मंडलियों की गूंज और लोक कलाकारों की प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया।

### शिव तांडव और रूद्र नृत्य की प्रस्तुति पर श्रद्धालु झुम उठे

कलाकारों ने भस्मधारी शिव, भूत-पिशाच, रूद्र रूप और तांडव नृत्य की झांकियों के माध्यम से जनमानस को मंत्रमुग्ध कर दिया। शिव तांडव और रुद्र नृत्य की प्रस्तुति पर श्रद्धालु झूम उठे। फूलों से स्वागत, भक्ति की वर्षा हुई। मुख्य मार्गों से गुजरती पालकी यात्रा का श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। श्रीराम गौ शाला में सर्वप्रथम विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने राजाधिराज महाकाल और चंद्रमौलेश्वर भगवान की पूजा अर्चना की उनके साथ नगर पालिका अध्यक्ष गिरीराज चंद्राकर, पार्षद व सभापति रेखा विकेश गुप्ता, किर्ती वर्मा, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष अनुभा चंद्राकर उपस्थित रही। विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने पालकी को कांधा दिया और यात्रा में पैदल शामिल भी हुई। यात्रा श्रीं राम गौशाला से प्रारंभ होकर शीतला मंदिर प्रांगण इतवारी बाजार, मेन रोड होते हुए जयस्तंभ चौक, राजीव चौक, मस्जिद रोड, गोलबाजार, बख्शी मार्ग, कुम्हारपारा, बरेठपारा, ठाकुर पारा होते हुए बांके बिहारी मंदिर पहुंची जहां पूजा अर्चना आरती कर अस्पताल चौक होते हुए, मां दंतेश्वरी मंदिर पहुंची जहां पर जनसमुदाय की उपस्थिति में महाआरती का आयोजन भव्य रंग बिरंगी आतिशबाजी के बीच समापन हुआ और प्रसादी वितरण किया गया।

यात्रा के दौरान हल्की वर्षा ने मानो वातावरण को और भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालु बारिश में भीगते हुए भी 'हर-हर महादेव' के जयघोष करते चलते रहे।

### प्रशासन रहा सतर्क, व्यवस्था रही सशक्त

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने विशेष सुरक्षा इंतजाम किए थे। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए प्रमुख मार्गों को वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट किया गया, जिससे किसी भी तरह की असुविधा न हो।

### भक्ति, संस्कृति और समाज का संगम

यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र रहा, बल्कि इसने खैरागढ़ की लोक संस्कृति, नृत्य और परंपराओं को भी जीवंत मंच प्रदान किया। महाकाल की पालकी यात्रा ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि खैरागढ़ शिवभक्ति और सांस्कृतिक परंपराओं का सजीव प्रतीक है।

## मां नर्मदा मंदिर से घटियारी मंदिर तक निकाली गई कांवड़ यात्रा



गंडई पंडरिया (दावा)। गंडई नगर से महज महज सात किमी की दूरी पर स्थित मां नर्मदा मंदिर से घटियारी मंदिर तक बीते रविवार को सुबह 11 बजे कांवड़ यात्रा पूर्व जनपद उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार के नेतृत्व में एवं हिन्दु नव जागरण समिति के तत्वाधान में निकाली गई। कांवड़ियों ने नर्मदा मंदिर के जल को कांवड़ में भरकर ग्राम बिरखा में स्थित प्राचीन शिव मंदिर (घटियारी) तक लाया गया। जहां पर शिव अभिषेक किया गया।

शिव अभिषेक के बाद भक्तों के लिए भोजन प्रसादी का वितरण किया गया। कांवड़ यात्रा सुसज्जित झांकी और डीजे की धुन पर निकाला गया। इस यात्रा में बोल बम के जयकारे से माहौल भक्तिमय रहा। कांवड़ यात्रा में जिला पंचायत अध्यक्ष पति खम्हन ताम्रकार, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, भाजपा अजा. जिला अध्यक्ष जीवन दास रात्रे, प्रकाश जंघेल, दूजे वर्मा, दिवाकर सोनी, अनुज साहू, दिनेश भट्ट, राकेश टंडन, रोशन ताम्रकार, लीला साहू, रामावतार साहू, भीखू हिरवानी सहित अन्य पदाधिकारी, नगर व ग्रामवासी शामिल रहे।

## पहला कॉलम...

### जिपं अध्यक्ष ने किया विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के आकलन शिविर का निरीक्षण



छुरिया (दावा)। समावेशी शिक्षा कार्यक्रम के तहत छुरिया के सामुदायिक भवन में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए एक आकलन शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविंद्र वैष्णव मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुई। उनके साथ जनपद पंचायत छुरिया के अध्यक्ष संजय सिन्हा और जिला पंचायत सभापति बिरम मंडावी भी मौजूद थे। शिविर के दौरान दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें आवश्यकता के अनुसार सहायक उपकरण प्रदान किए गए। ऐसे बच्चे जो सुन नहीं सकते थे, उन्हें कान की मशीनें दी गईं और जो चल नहीं सकते थे। उन्हें व्हीलचेयर प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त पहले से पंजीकृत 60 छात्र-छात्राओं को भी अलग-अलग तरह के उपकरण वितरित किए गए। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविंद्र वैष्णव ने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधि, डॉक्टर और बच्चों के अभिभावक भी उपस्थित थे।

### त्रिपुंड नर्मदेश्वर शिव मंदिर में शिव रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन



डोंगरगढ़ (दावा)। दिनांक 2 अगस्त दिन शनिवार को चमन नगर केदार बड़ी डोंगरगढ़ में स्थित त्रिपुंड नर्मदेश्वर शिव मंदिर में सावन माह के अष्टमी नवमी तिथि में समिति एवं कॉलोनी वालो के द्वारा शिव रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन आरती का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के पश्चात भोजन प्रसादी एवं महिलाओं के द्वारा सावन गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें कॉलोनी के सभी निवासीगण शिव जी से प्रार्थना किए की नगर एवं कॉलोनी में शांति एवं कल्याण की कृपा बनाए रखने की प्रार्थना करे एवं भगवान अपनी मंगल कमाना सभी को प्रदान करे। पूजन में समिति के अध्यक्ष तेजलाल लिल्हारे एवं जजमान के रूप में कमलेश चंदेल एवं समिति के समस्त सदस्यगण उपस्थित थे। मंदिर के आचार्य अनिल शर्मा ने पूजन संपन्न कराया। कार्यक्रम में श्रीमती प्राची सोनी पूर्व पार्षद, श्रद्धा पांडे, लीना साहू, प्रीति सोनी संतोषी पाली, पुष्पा चंदाराणा, दुर्गा सेवता, कविता शर्मा, लीमा चौरसिया, जया राव, राखी सिंह दीक्षा रेड्डी, किरण चंदेल, चांदनी रेड्डी, प्रभा वेष्णव, पायल मोहने, स्वाति मोहबिया, गोदावरी कतलाम, संध्या सिंह, फुलेश्वरी देशमुख, जे. साहू अपने परिवार उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम की जानकारी कार्यक्रम के संचालक सट्टा पाण्डेय के द्वारा दी गई।

### छुईखदान के प्राचीन रानी मंदिर में सावन के चौथे सोमवार को उमड़े श्रद्धालु



छुईखदान (दावा)। छुईखदान स्थित प्राचीन रानी मंदिर में सावन के चौथे सोमवार 4 अगस्त को बड़ी संख्या में भक्तों ने भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की। मंदिर समिति के संरक्षक लाल जे. के. वैष्णव ने बताया कि भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक कर बेलपत्र, कनेर, धतूरा और अन्य सामग्री अर्पित की। इस दौरान भक्तों ने नमः शिवाय और हर हर महादेव जैसे जयघोष लगाए और शिव चालीसा का पाठ भी किया। भक्तगण सुनील महोबिया और लल्ला जितेंद्र किशोर वैष्णव सहित कई अन्य लोगों ने कांवड़ से जल लेकर भगवान को अर्पित किया और भजन-कीर्तन में हिस्सा लिया।

#### गोस्वामी तुलसीदास जी का जन्मोत्सव भी मनाया गया

इसके अलावा छुईखदान में 31 जुलाई को संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी का जन्मोत्सव भी धूमधाम से मनाया गया। उदय देवांगन के अनुसार जय बजरंग मानस मंडली, शिवराम मानस मंडली और त्रिदेव मानस समिति ने मानस पाठ किया। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ के प्रोफेसर डॉ. राजन यादव ने विशेष व्याख्यान देते हुए उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सावन के पूरे महीने में बाईसाहब राधाकृष्ण मंदिर की महिला रामायण भजन मंडली ने सभी मंदिरों में जाकर रामायण पाठ और भजन-कीर्तन का आयोजन किया।

## रामचरितमानस जैसे महाकाव्य की रचना कर गोस्वामी तुलसीदास ने समाज को नई दिशा दी



सुप्रसिद्ध रामायण व्याख्याकार भजन सिंह भाटिया को किया सम्मानित

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम आरला में जय मां सरस्वती मानस परिवार, तुलसी मानस प्रतिष्ठान ब्लॉक इकाई राजनंदगांव एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में ब्लॉक स्तरीय पूज्यपाद गोस्वामी तुलसीदास जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। रामचरितमानस जैसे महाकाव्य की रचना कर भारतीय समाज को एक नई दिशा देने वाले संत कवि तुलसीदास की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम में उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति देवकुमारी साहू रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती प्रतिमा पप्पू चंद्राकर ने किया और विशिष्ट अतिथि श्रीमती मधुसुकृत साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य, जनपद प्रतिनिधि रमेश पप्पू चंद्राकर,सरपंच श्रीमती साधना राहुल साहू, उपसरपंच शशिकला देवांगन, सरपंच प्रतिनिधि राहुल साहू, एवं अन्य के अतिथि मे शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सभापति देव कुमारी साहू ने कहा कि रामचरित्र मानस हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। भगवान रामचन्द्र मर्यादा पुरुषोत्तम का जीवन चरित्र अनुकरणीय है। भारतीय समाज को गोस्वामी तुलसीदास ने समाज को एक नई दिशा दी है।

राजनांदगांव जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा पप्पू चंद्राकर ने संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्री रामचंद्र 14 वर्ष की कठिन वनवास में रहे और अपने माता-पिता और गुरु जनों की आज्ञा पालन के कारण ही मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम जी सबके हृदय में बसे हैं। 500 वर्षों के बाद भारत देश में उनकी भव्य मंदिर अयोध्या मे देश की यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बनवाई। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन होने से गांव में भक्तिमय वातावरण रहता है। सभी परस्पर मिलकर एक दूसरे के साथ मिलकर कार्य करें और क्षेत्र के विकास के लिए हम सभी संकल्पित हैं। आयोजक समिति एवं ग्रामवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया। पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मधुसुकृत साहू ने संबोधित करते हुए आयोजन समिति एवं ग्राम वासियों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उन्होंने कहा कि आज हमें अपने जीवन में भगवान राम की तरह मर्यादाओं में रहकर कार्य करें और भगवान श्रीराम के चरित्र को अपने जीवन में चरितार्थ करें। आयोजक समिति द्वारा अतिथियों को गुलदस्ता, प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

तुलसी मानस प्रतिष्ठान ब्लॉक इकाई राजनांदगांव द्वारा वरिष्ठ बुजुर्ग जनों को श्रीफल एवं गमछा भेंटकर सम्मानित किया गया। ग्राम के मोहनलाल साहू, चंदूलाल साहू,पंचूराम साहू एवं सुरगी के सुप्रसिद्ध व्याख्याकार भजन सिंग भाटिया को सम्मानित किया गया। आयोजक समिति के पंचराम साहू ने बताया कि कार्यक्रम मे पहले जय मां सरस्वती मानस परिवार ग्राम आरला ने अपनी प्रस्तुति दी तत्पश्चात तारिणी महिला मानस परिवार कांकेतरा, शिव संगम मानस परिवार भोथीपार खुर्द, आदर्श मानस परिवार उसरीबोड , सत्संग के गंगा मानस परिवार रेवाड़ीह, जय गजानंन मानस परिवार आरी (कोनारी) महादेव विष्णु कश्यप के भजन, मोर जहुरिया मानस परिवार ढ़ोडिया की मंडली अपनी प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि श्रीमती साधना राहुल साहू सरपंच,खेमदास साहू पूर्व सरपंच, शशिकला देवांगन उप सरपंच, संतोष लहरे पूर्व सरपंच, पंचराम साहू, मुरलीधर साहू, नारायण साहू, रेख राम साहू, राजकुमार केकती, कृष्णा साहू, टहल दास साहू, हेमनाथ साहू, फूलचंद साहू, कनक कुमार साहू, ज्ञान दास साहू, ओ.एल. देवांगन सहित तुलसी मानस प्रतिष्ठान ब्लॉक इकाई राजनांदगांव के पदाधिकारीगण एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## शासकीय प्राथमिक शाला टटेंगा में सरपंच ने कराया न्योता भोज



हरदी (दावा)। शासकीय प्राथमिक शाला टटेंगा में सरपंच दीप्ति साहू द्वारा स्कूली बच्चों को नेवता भोज कराया गया। नेवता भोज में खीर पुड़ी पापड़ सब्जी परोसा गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक लिखन सरपा, डोमिन साहू, लिकेश्वरी भंडारी एवं संजय साहू आदि उपस्थित थे। दीप्ति साहू सरपंच टटेंगा कसही द्वारा आज शाला में न्योता भोज का कार्यक्रम किया गया। खीर पुड़ी, पापड़ बच्चों को दिया गया। शाला परिवार की ओर से बहुत-बहुत धन्यवाद दिया गया।

## राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता 2025 में पूर्वी कोर्राम, डिम्पल चंद्रवंशी और सरस्वती नेताम का चयन



छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले की बेटियों का जलवा

अंबागढ़ चौकी (दावा)। भारत योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन से संबद्ध छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में 1 से 3 अगस्त तक कोरबा में आयोजित 6वीं राज्य स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता (महिला वर्ग) में मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले की प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में सब-जूनियर (10-14 वर्ष), जूनियर (14-18 वर्ष), सीनियर (18-28 वर्ष), सीनियर-ए (28-35 वर्ष), सीनियर-बी(35-45 वर्ष) और सीनियर-सी (45-55 वर्ष) वर्गों में मुकाबले आयोजित किए गए। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले से जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार साहू, टीम मैनेजर बल्दू राम यादव एवं महिला कोच ऐश्वर्य राजलक्ष्मी कोर्राम के नेतृत्व में कुल 9 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

प्रतिभागियों में माहुद मचान्दुर से लीना बाम्बेसर, बुद्धरत्ना रामटेके, अपर्णा रामटेके, प्रेरणा रामटेके, जिज्ञासा साहू, आमाटोला से डिम्पल चन्द्रवंशी, रेशमा गोड़, एन्जल टेकाम तथा कौड़ीकसा से पूर्वी कोर्राम और सरस्वती नेताम शामिल थीं। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कु. पूर्वी कोर्राम, कु. डिम्पल चंद्रवंशी एवं सरस्वती नेताम ने गोल्ड मेडल हासिल किया। जबकि कु. अपर्णा रामटेके ने सिल्वर मेडल जीतकर जिले का मान बढ़ाया। गोल्ड मेडल विजेता प्रतिभागी अब आगामी नेशनल योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता 2025 में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस उपलब्धि पर जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार साहू, सचिव घना राम साव, कोषाध्यक्ष बल्दू राम यादव, संयुक्त सचिव (तकनीकी) सोमदत्त साहू, रामगोपाल शर्मा (अध्यक्ष, पतंजलि योग समिति अंबागढ़ चौकी), अशोक वर्मा (उपाध्यक्ष, पतंजलि योग समिति राजनांदगांव), डॉ. रंजन कुमार साहू (कोषाध्यक्ष, पतंजलि योग समिति राजनांदगांव), योग शिक्षक रामेन्द्र तिवारी, ममता देवांगन, डी.के.राम एवं संपत राम छेदैया ने हर्ष व्यक्त करते हुए विजयी प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई दी है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## साय सरकार को स्मार्ट मीटर नहीं ट्रांसफार्मर बदलने की जरूरत - महेंद्र यादव



लो वोल्टेज और बार-बार बिजली गुल से जनता में भारी आक्रोश

राजनांदगांव (दावा)। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण महामंत्री व जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव ने कहा कि साय सरकार को स्मार्ट मीटर नहीं पुराने ट्रांसफार्मर को बदलकर उच्च क्षमता की ट्रांसफार्मर लगानी चाहिए। ताकि लोगों को लो वोल्टेज की समस्या से निजात मिल सके। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में विगत कई दिनों से अत्यधिक लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। जिससे नागरिकों के साथ-साथ छात्रों, बुजुर्गों एवं कामकाजी लोगों को परेशानी हो रही है। विद्युत आपूर्ति में लगातार गिरावट के कारण पंखा, फ्रिज, लाइट जैसे मूलभूत सुविधाएं भी ठीक से नहीं चल पा रही है। समस्या की स्थाई समाधान के लिए उन्होंने सरकार से नया ट्रांसफार्मर लगाया जाए।

श्री यादव ने आगे कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की नेतृत्व में पिछली सरकार ने बिजली बिल को हाफ हाफ किया था, लेकिन सत्ता सरकार में बैठते ही साय सरकार ने बिजली बिल में लगातार बढ़ोत्तरी की जा रही है। जबकि अन्य प्रदेशों में बिजली बिल को मुफ्त किया गया है। एक तरह से देखा जाए तो गरीबों के जेब में डाका डालने का काम साय सरकार कर रही है। लगातार बदलते मौसम के कारण लोगो को गर्मी से जूझना पड़ रहा है और ऊपर से लो वोल्टेज और बार बार बिजली गुल से आम जन जीवन प्रभावित हो रहा है। लोगों मे साय सरकार के भारी आक्रोश पनप रही है। महेंद्र यादव ने आगे कहा कि अडानी ग्रुप को लाभ पहुंचाने के लिए स्मार्ट मीटर लगाकर निम्न, गरीब स्तर, मध्यम वर्ग लोगों के जेब मे डाका डालने का कार्य सायं सरकार रही है।

### खैरागढ़-छुईखदान, गंडई जिले में पुलिस की साप्ताहिक कार्रवाई

खैरागढ़ (दावा)। पूरे जिले में 36(च)(1) के 18 प्रकरण ,36(सी) के 31 प्रकरण, 34(1)(ब) के 7 प्रकरण में कुल 10 लीटर शराब इस प्रकार आबकारी एक्ट के तहत कुल 56 व्यक्तियों पर कानूनी कार्यवाही की गई है। थाना छुईखदान में धारा - 3(2) छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 एक्ट के तहत 1 प्रकरण में 52 पत्ती तास खेलते 06 जुआरियों से 1970 रूपये जप्त किया गया।

## गंडई के मूलभूत समस्या को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



शीघ्र निदान करने का दिया आश्वासन

गंडई पंडरिया (दावा)। गंडई नगर इन दिनों मूलभूत समस्या से जूझ रहा है। कहीं बिजली पानी की समस्या तो कहीं सड़क की समस्या इस समस्या को लेकर गंडई के नगर वासी भी अत्यंत परेशान हैं। समस्या का निदान करने वाला भी कोई नहीं है। समस्या को देखते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गंडई के तत्वाधान में सोमवार को जिलाधीश के नाम पर एसडीएम गंडई को समस्याओं से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लिखा कि गंडई नगर एवं गंडई परिक्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को जल्द से जल्द हल किया जाए। जैसे मेन चौक गंडई से टिकरीपारा तक सड़क जर्जर को तत्काल मरम्मत कारण साथ ही साथ में चौक गंडई से बहेराभाटा तक सड़क जर्जर हो चुका है उसे भी मरम्मत कराया जाए। टिकरी पारा वार्ड क्रमांक 11, 12, 13, 14 एवं 5 में पीने की पानी एवं आम निस्तार अपनी समस्या के निदान करने का प्रस्ताव राज्य शासन को पानी टंकी हेतु भेजा जा चुका है परंतु अब तक इस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है अति शीघ्र स्वीकृति प्रदान कराएं। विद्युत कटौती व स्मार्ट मीटर लगने से बिजली बिल में वृद्धि से नगर एवं गंडई परिक्षेत्र में आम जनता में सरकार एवं प्रशासन के प्रति भारी जन आक्रोश है। गंडई के मुख्य मार्गों एवं ग्राम पंचायत में फसल एवं राहगीरों को आवारा पशुओं के कारण जन-धन की हानि के रोकथाम हेतु आवश्यक ठोस कार्यवाही करने, नगर पंचायत एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब को लेकर खासकर महिलाओं में भारी आक्रोश है जिसका निराकरण करने एवं कन्या हायर सेकेंडरी विद्यालय गंडई के सामने से शराब भट्टी को अन्यत्र स्थानांतरित करने के लिए आग्रह किया है।

ज्ञापन में आगे लिखा है कि किसानों को सिंचाई हेतु सुराही जलाशय शीघ्र पानी छोड़ने की कृपा करें क्षेत्र में बरसात नहीं होने से फसल पानी की कमी की वजह से भारी नुकसान हो रहा है। इसे प्राथमिकता में लेकर कार्यवाही करें। साथ ही आसपास क्षेत्र के लिए सबसे बड़ी समस्या बनी गंडई-दुर्ग-रायपुर मार्ग को जोड़ने वाली दनिया पुल जो पूर्ववर्ती सरकार के समय से स्वीकृत है। कार्य को प्राथमिकता के साथ तत्काल प्रभाव से शुरू करने के लिए आग्रह किया है। वह ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गंडई के अध्यक्ष भीगेश यादव ने कहा कि उपरोक्त कार्य को प्राथमिकता में लेकर सात दिवस के अंदर निराकरण करने के लिए आग्रह किया गया है। अगर समस्याओं का निराकरण किसी प्रकार से देरी होती है तो ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गंडई इन समस्याओं का निराकरण को लेकर आम जनता के साथ उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य हो सकती है। इस दौरान नगर पंचायत गंडई के अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो, ब्लॉक अध्यक्ष भिगेश यादव, क्रांति ताम्रकार, मोहसिन खान, संजू चंदेल, दामोदर जायसवाल उपस्थित रहे।

## महुआ कच्ची शराब की बिक्री करने वाला आरोपी धरा गया




राजनांदगांव (दावा)। गैंदाटोला पुलिस ने अपने थानाक्षेत्र में महुए की अवैध कच्ची शराब बेचने वाले आरोपी को धर दबोचा है। उक्त आरोपी अपने घर परछी में 25 लीटर महुआ की कच्ची शराब छूटा कर रखा हुआ था जिसे वह 60 रुपए गिलास में बेचा करता था। फिलहाल वह पुलिस के हत्थे चढ़ा हुआ है। बताया जाता है कि ग्राम गर्रापार के गौठान बरदी की चरवाहा आरोपी दल्लीराम निषाद पिता दुर्जन निषाद 35 साल द्वारा उक्त कच्ची शराब बेचा जा रहा था।

गैंदाटोला थाना प्रभारी उमेश बघेल द्वारा बताया गया कि ग्राम गर्रापार में चल रहे लंबे समय से बिक्री कर रहे महुआ कच्चीी शराब पर रेड कार्यवाही हेतु नजर बनाया रखा गया था कि सोमवार 4 अगस्त को सूचना मिलने पर तत्काल थाना गैंदाटोला में सक्रिय पुलिस टीम गठित कर आरोपी दल्लु राम निषाद को पकड़ा गया पुलिस ने उसके घर पर आरोपी के कब्जे से 25 लीटर महुआ कच्ची शराब कीमती 5000 रूपये को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। वहीं आरोपी के परिजन को गिरफ्तार की सूचना देकर विधिवत कार्यवाही करते हुये अपराध धारा-34(2) आबकारी एक्ट कायम कर न्यायलय ज्युआडिशियल रिमांड पर पेश किया गया हैं।

# पहला कॉलम...

## ट्रंप के न्यू जर्सी स्थित गोल्फ क्लब पर घुसा प्लेन

नई दिल्ली। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सुरक्षा में सेंध का मामला सामने आया है। रविवार को एक सिविलियन विमान ट्रंप के न्यू जर्सी स्थित गोल्फ क्लब के ऊपर प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र में घुस गया। फॉक्स न्यूज की खबर के मुताबिक, यह घटना दोपहर करीब 12:50 बजे हुआ, जब एक पायलट ने बेडमिंस्टर में ट्रंप नेशनल गोल्फ क्लब के ऊपर लगाए गए अस्थायी उड़ान प्रतिबंध को तोड़ दिया और घुसपैठ कर दी। इसके बाद नॉर्थ अमेरिकन एयरोस्पेस डिफेंस कमांड  ने तुरंत हरकत में आते हुए फाइटर जेट्स को गोल्फ कोर्स की ओर रवाना किया। इन जहाजों ने चेतावनी के लिए फ्लेयर्स का इस्तेमाल किया और घुसपैठिए प्लेन को प्रतिबंधित क्षेत्र से बाहर निकाला।यह घुसपैठ रविवार को दूसरी बार हुआ। गौरतलब है कि पूरे सप्ताह में प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र में पांच बार अनधिकृत घुसपैठ हुई है।

ये प्लेन तब उस जोन में घुसा जब ट्रंप उस वक्त अपने गोल्फ क्लब में मौजूद थे, जैसा कि उनके सार्वजनिक शेड्यूल में दर्ज था। वह रविवार शाम को व्हाइट हाउस लौटने वाले थे। इस घटना पर व्हाइट हाउस की ओर से अभी कोई बयान नहीं आया है।

## पाकिस्तान में बाढ़ से अब तक 299 लोगों की मौत

नई दिल्ली। पाकिस्तान के कई हिस्सों में इस समय बाढ़ का कहर देखने को मिल रहा है। पड़ोसी मुल्क में जून के अंत से लेकर अभी तक बाढ़ के कारण 299 लोगों की जान गई। इसके अलावा 700 से अधिक लोग घायल हुए हैं। मृतकों में 140 बच्चे शामिल हैं।

पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने इस बात की जानकारी दी है। एनडीएमए ने कहा कि 26 जून से शुरू हुई बाढ़ ने पूरे देश में तबाही का मंजर छोड़ दिया है। पाकिस्तान समाचार पत्र द डॉन के अनुसार, पाकिस्तान के कई हिस्से इस समय बाढ़ की त्रासदी झेल रहे हैं। सरकारी जानकारी के मुबाबिक, भीषण मौसम ने 1,676 घरों को भी नुकसान पहुंचाया है। इसमें 562 पूरी तरह से नष्ट हो गए और 1,114 आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। बाढ़ के कारण 400 से अधिक पशुओं की भी जान गई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, एनडीएमए ने पुष्टि की है कि उसने 223 बचाव अभियान चलाए हैं और बाढ़ प्रभावित इलाकों से 2,880 लोगों को सफलतापूर्वक निकाला है। बताया जा रहा है कि राहत कार्यों में 13,400 से ज्यादा जरूरी वस्तुओं का वितरण शामिल है, जिनमें 2,000 टेंट, 958 कंबल, 569 रजाईयां, 613 गद्दे और 1,100 से ज्यादा खाने के पैकेट शामिल हैं।

## फाइटर जेट्स बनाने वाले कर्मचारियायें की हड़ताल

न्यूयॉर्क। एविएशन दुनिया की दिग्गज कंपनी बोइंग से जुड़ी एक महत्वपूर्ण खबर सामने आई है। दरअसल, बोइंग डिफेंस के करीब 3000 से अधिक कर्मचारी हड़ताल पर चले गए हैं। यही अमेरिकी कंपनी एफ-35 और अन्य कई मिलिट्री विमान बनाती है।

जानकारी के अनुसार, ये कर्मचारी वेतन, वर्क शेड्यूल और पेंशन से जुड़े ऑफर को लेकर खुश नहीं थे। इसी बात का विरोध जताने के लिए कर्मचारी हड़ताल पर चले गए हैं। हालांकि, कंपनी की ओर से दावा किया जा रहा है कि इससे कंपनी पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा। वहीं, इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ मशीनिस्ट्स एंड एयरोस्पेस वर्कर्स यूनियन ने रविवार को बताया कि सेंट लुइस, सेंट चार्ल्स, मिसौरी और मस्काउटा, इलिनोइस स्थित बोइंग संयंत्रों के लगभग 3,200 कर्मचारियों ने बोइंग के साथ संशोधित चार-वर्षीय श्रम समझौते को अस्वीकार करने के लिए मतदान किया।इसके अलावा एक पोस्ट में कहा कि बोइंग में 3,200 उच्च-कुशल आईएएम यूनियन सदस्य आधी रात को हड़ताल पर चले गए क्योंकि अब बहुत हो गया।

## सारा तेंदुलकर डॉलर के कैंपेन की बनीं ब्रांड एंबेसडर

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया की नई टूरिज्म एंबेस्डर बनीं दिग्गज क्रिकेटर की बेटी सारा तेंदुलकर उन्होंने अपने ग्रेस और स्टाइल के चलते अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी नई पहचान बनाई है। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया सरकार एक नया पर्यटन अभियान शुरू कर रही है। इसके लिए उन्होंने भारत समेत कई नामचीन लोगों को इसके लिए शामिल किया है। 13 करोड़ डॉलर के इस अभियान का नाम कम एंड से जी डे है। आइए जानते हैं इस अभियान के बारे में।

इस अभियान के तहत लोगों को अंतर्राष्ट्रीय यात्रा के लिए प्रोत्साहित करना है। इसमें लोगों को ऑस्ट्रेलिया भ्रमण के लिए योजनाएं और बुकिंग की सुविधा मिलेगी। यह अभियान चीन में 7 अगस्त से शुरू होगा, जबकि साल के अंत तक ये अभियान कई बाजारों तक शुरू किया जाएगा। इस अभियान के लिए ब्रेंड एंबेसडर की भूमिका में अमेरिका, चीन से लेकर जापान के दर्शकों के बीच मशहूर लोगों को भी शामिल किया जाएगा। भारत से सारा तेंदुलकर, अमेरिका से रूबी द रू, स्टीव इरविन के बेटे रॉबर्ट इरविन भी शामिल हैं।

# टेस्ट क्रिकेट में भारत की सबसे करीबी जीत, ओवल में हारी हुई बाजी जीती टीम इंडिया; सीरीज 2-2 से बराबर



नई दिल्ली। भारत ने ओवल टेस्ट को 6 रन से जीत लिया है. पांचवें दिन मेजबान इंग्लैंड को जीत के लिए 35 रन बनाने थे, लेकिन वह सिर्फ 28 रन ही बना पाई और 6 रन से मैच हार गई. इसी के साथ एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी 2-2 से बराबरी पर छूटी है. यह ओवल मैदान पर भारत द्वारा जीता गया सिर्फ तीसरा टेस्ट मैच है. साथ ही यह टेस्ट क्रिकेट इतिहास में भारत की सबसे कम रनों के अंतर से आई जीत है. अजीत वाडेकर और विराट कोहली के बाद शुभमन गिल ऐसे तीसरे भारतीय कप्तान बन गए हैं, जिनकी कप्तानी में टीम इंडिया ने ओवल मैदान पर टेस्ट मैच जीता है.

बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने 106 के स्कोर तक 3 विकेट गंवा दिए थे. यहां से हैरी ब्रूक और जो रूट ने 195 रनों की पार्टनरशिप कर टीम इंडिया की मुश्किलें बढ़ाईं, रूट और ब्रूक ने क्रमशः 105 रन और 111 रनों की पारी खेली. ओवल पर भारत ने सबसे पहली बार 1971 में जीत दर्ज की थी, उस समय अजीत वाडेकर भारत के कप्तान हुआ करते थे. उसके 50 साल बाद विराट कोहली की कप्तानी में भारत ने 2021 में इंग्लैंड को हराया था. टेस्ट क्रिकेट इतिहास में यह भारत की सबसे कम रनों के अंतर से आई जीत है. इससे पहले भारत की सबसे कम अंतर से आई जीत का अंतर 13 रन था, जो 2004 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आई थी. वहीं 1972 में भारत ने इंग्लैंड को 28 रनों से हराया था.

बारिश से प्रभावित ओवल टेस्ट में भारत की पहली पारी महज 224 रनों पर सिमट गई थी. इसके जवाब में इंग्लैंड ने 92 रनों की सलामी साझेदारी कर बढ़िया शुरुआत हासिल की थी, लेकिन अगले सिर्फ 155 रनों के भीतर इंग्लैंड ने सारे विकेट गंवा दिए, जिससे इंग्लैंड की पहली पारी 247 के स्कोर पर समाप्त हुई. इंग्लैंड को पहली पारी में 23 रनों की मामूली, लेकिन बेहद महत्वपूर्ण बढ़त मिली. जब टीम इंडिया दूसरी बार बैटिंग करने आई तो पिच पहले से बेहतर हो चुकी थी. केएल राहुल और साई सुदर्शन ज्यादा बड़ी पारी नहीं खेल पाए, लेकिन यशस्वी जायसवाल की 118 रनों की शतकीय पारी की बदौलत भारत बड़े स्कोर की ओर आगे बढ़ा. उन्होंने आकाशदीप के साथ 107 रनों की साझेदारी की. आकाशदीप ने 66 रन बनाए. भारत की दूसरी पारी 396 रनों पर समाप्त हुई।

# डॉक्टर से 1.5 करोड़ की ठगी : शेयर-मार्केट में मुनाफे का झांसा, तीन साल बाद चार आरोपी गिरफ्तार



रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक डॉक्टर से शेयर-मार्केट में भारी मुनाफे का झांसा देकर 1.5 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने तीन साल की लंबी जांच के बाद चार लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो जोड़े (पति-पत्नी और भाई-बहन) शामिल हैं।

### ऐसे दिया ठगी को अंजाम

पुलिस के मुताबिक, ठगों ने डॉक्टर को शेयर-मार्केट में पैसा लगाने और जल्द ही करोड़ों रुपये कमाने का लालच दिया। डॉक्टर ने उनके झांसे में आकर अलग-अलग किस्तों में उन्हें 1.5 करोड़ दिए। ठगों ने कुछ समय तक डॉक्टर को मुनाफे का झूठा भरोसा दिलाते रहे, लेकिन बाद में संपर्क तोड़ दिया। जब डॉक्टर को धोखाधड़ी का एहसास हुआ, तो उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। तीन साल की जांच के बाद, पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# अमेरिका में फिर हुआ विमान हादसा, समुद्र में क्रैश हुआ प्लेन

नई दिल्ली। अमेरिका में एक बार फिर विमान हादसा हुआ है। हादसा नॉर्थ कैरोलिना में ओक आइलैंड के पास समुद्र में हुआ है। हादसा उस वक्त हुआ जब लोग आइलैंड के किनारे सैर रहे थे। इसी दौरान अचानक एक छोटा विमान समुद्र में जा गिरा। हादसा शनिवार, 2 अगस्त 2025 की शाम को हुआ था। जो प्लेन हादसे का शिकार हुआ वह एक इंजन वाला छोटा विमान था।



समुद्र में विमान के क्रैश होने के बाद तत्काल बचाव प्रयास शुरू किए जिससे पायलट की जान बच गई। हादसे में पायलट को मामूली चोटें आईं जिसका इलाज तट के पास ही एक अस्पताल में किया गया। समुद्र में गिरे विमान को पानी से निकालने के लिए अन्य जहाजों की मदद ली गई। अधिकारियों के अनुसार, विमान में केवल पायलट ही सवार था। संघीय उड्डयन प्रशासन घटना के कारणों की जांच का नेतृत्व कर रहा है।

घटना के चश्मदीदों ने कहा कि प्लेन इस तरह से नीचे गिरा जैसे वह पानी में लैंड कर रहा हो। इस हादसे के बाद समुद्र के किनारे लोगों में दहशत फैल गई। अभी इस बारे में पुख्ता जानकारी नहीं मिल सकी है कि तकनीकी खराबी या अन्य किसी कारण के चलते पायलट को पानी में उतरना पड़ा।

# पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज में मिटाया पुराना कलंक, 2-1 से अपने नाम की टी20आई सीरीज



नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज को तीसरे और आखिरी टी20आई मैच में 13 रन पटखनी दी। यह मुकाबला वेस्टइंडीज के लॉडरहिल के सेंट्रल ब्रोवर्ड रीजनल पार्क स्टेडियम टर्फ ग्राउंड में खेला गया।

मैच में पाकिस्तान के कप्तान आगा सलमान ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया। पहले बैटिंग करते हुए पाकिस्तान की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 189 रन बनाए। इसके जवाब में विंडीज की टीम रन ही बना सकी। इस तरह ये तीन मैचों की टी20आई सीरीज पाकिस्तान ने 2-1 से अपने नाम की।

पहले बैटिंग करने आई पाकिस्तान की शुरुआत शानदार रही। ओपनर साहिबजादा फरहान और सईम अयूब ने आक्रामक शुरुआत की। दोनों ओपनर्स के बीच पहले विकेट के लिए 138 रन की साझेदारी हुई। दोनों ने कमाल की शुरुआत करते हुए एक बड़ा स्कोर बनाने की नींव रखी।

रहान शुरुआत से ही आक्रामक अंदाज ने नजर आए, जबकि अयूब पावरप्ले में टाइम लेकर धैर्य के साथ खेलते दिखे, लेकिन जब एक बार इन दोनों की पार्टनरशिप टूटी तो बाकी बैटर्स ने कुछ ज्यादा योगदान नहीं किया और स्कोर को 189 रन तक पहुंचाया।

इसके जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम की शुरुआत खराब रही। 15 गेंद का सामना करते हुए विकेटकीपर ज्वेल एंड्रयू 24 रन बनाकर चलते बने। एलिक ने 40 गेंद पर 60 रन बनाए, जिसमें 8 चौके और 1 छक्का शामिल रहा। कप्तान शाई होप महज 7 रन बनाकर आउट हुए। शेरफेन रदरफोर्ड ने रन बनाए और टीम को जीत दिलाने के लिए हर प्रयास किया। रोस्टन चेस रिटार्यड हर्ट होकर लौटे।

वेस्टइंडीज की टीम को आखिरी ओवर में जीत के लिए 25 रन की जरूरत थी और उनके पास बचे थे 5 विकेट। शेरफेन रदरफोर्ड क्रीज पर 51 रन बनाकर खेल रहे थे।

उम्मीद थी कि वह मैच को वेस्टइंडीज की ओर पलट सकते हैं, लेकिन आखिरी ओवर की तीसरी गेंद पर हसन अली ने उन्हें अपना शिकार बनाया। सहिबजादा फरहान ने उनका कैच लपका। इस ओवर की तीसरी गेंद पर गुड्डाकेश ने चौका और पांचवें गेंद पर सिक्स लगाकर अपनी ओर से कोशिश की, लेकिन पाकिस्तान की टीम को अंत में मैच में 13 रन से जीत मिली।

# शियायमन में समुद्री तट के पास हुआ दर्दनाक हादसा, नाव पलटने से 68 प्रवासियों की मौत; 74 लापता



काहिरा। यमन में समुद्र तट के पास दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां रविवार को समुद्र में एक नौका पलट जाने से उसमें सवार अफ्रीका के कम से कम 68 प्रवासियों की मौत हो गई। संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी ने बताया कि इस घटना में 74 अन्य लोग लापता हैं। यमन में अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन के प्रमुख अब्दुसत्तार एसोव ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि इथियोपिया के 154 प्रवासियों को ले जा रही नौका यमन के अबयान प्रांत के अपतटीय क्षेत्र में पलट गई।

अब्दुसत्तार एसोव ने बताया कि दुर्घटना में 12 प्रवासी बच गए। 54 प्रवासियों के शव खानफर जिले में किनारे पर आ गए। 14 अन्य एक अलग स्थान पर मृत पाए गए। एसोव ने कहा कि नाव दुर्घटना में केवल 12 प्रवासी ही बच पाए है और बाकी लापता हैं। लापता लोगों को मृत मान लिया गया है।

गौरतलब है कि, एक दशक से भी ज्यादा समय से चल रहे गृहयुद्ध के बावजूद, यमन पूर्वी अफ्रीका और हॉर्न ऑफ अफ्रीका से खाड़ी अरब देशों में काम के लिए पहुंचने वाले प्रवासियों के लिए एक प्रमुख मार्ग है। तस्कर अक्सर खतरनाक, भीड़-भाड़ वाली नावों पर प्रवासियों को लाल सागर या अदन की खाड़ी के पार ले जाते हैं। यमन में हुआ यह हादसा प्रवासी संकट की गंभीरता को दिखाता है।

हाल के महीनों में यमन के तट पर जहाजों के डूबने से सैकड़ों प्रवासी मारे गए हैं या लापता हो गए हैं, जिसमें मार्च में यमन और जिबूती के तट पर चार नावों के पलट जाने से दो प्रवासियों की मौत और 186 अन्य के लापता होने की घटना भी शामिल है। द्बह्रू की मार्च की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में 60,000 से अधिक प्रवासी यमन पहुंचे, जो 2023 में 97,200 से कम है।

## वनडे सीरीज से पहले फखर जमान हुए बाहर

नई दिल्ली। पाकिस्तान की टीम इन दिनों वेस्टइंडीज दौरे पर है। दोनों टीमों के बीच पहले टी-20 सीरीज खेली गई, जिसे पाकिस्तान ने 2-1 से अपने नाम किया। अब 8 अगस्त से वेस्टइंडीज और पाकिस्तान के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी। इस सीरीज से पहले पाकिस्तान की टीम को बड़ा झटका लगा है। टीम के स्टार बल्लेबाज फखर जमान जो वनडे फॉर्मेट में 11 शतक लगा चुके हैं वह हैमस्ट्रिंग इंजरी की वजह से सीरीज से बाहर हो गए हैं।

फखर जमान को ये चोट वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी-20 मैच के दौरान लगी। वेस्टइंडीज की पारी के 19वें ओवर में गेंद पक?ने के दौरान वह चोटिल हुए थे। इसी वजह से वह तीसरा टी-20 मैच भी नहीं खेल पाए।

# जो रूट ने 39वीं टेस्ट सेंचुरी ठोककर बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड, कुमार संगाकारा का टूटा रिकॉर्ड

नई दिल्ली। एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 के 5वें और आखिरी टेस्ट के चौथे दिन इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट और हैरी ब्रूक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के खिलाफ जोरदार वापसी की।



इंग्लैंड ने चौथे दिन की शुरुआत 50/1 के स्कोर से की और दिन के अंत तक 339/6 का स्कोर बनाया। इस दौरान जो रूट ने 105 रन की शानदार पारी खेलकर एक बड़ा रिकॉर्ड बनाया। बता दें कि इंग्लिश टीम को अब पांचवें दिन जीत के लिए 35 रन की दरकार है।

भारत के खिलाफ अपनी इस शानदार सेंचुरी के साथ, जो रूट ने एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 में कुल 537 रन पूरे किए। इसके साथ ही रूट भारत के खिलाफ तीन अलग-अलग टेस्ट सीरीज में 500+ रन बनाने वाले एकमात्र बल्लेबाज बन गए हैं।

केनिंग्टन ओवल में रूट की शतकीय पारी के बाद उन्होंने इतिहास रचा। वह विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप इतिहास में 6000 रन का आंकड़ा पार करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। वहीं, रूट एक्टिव खिलाड़ियों में टेस्ट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी हैं।

हालांकि, वह टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में चौथे नंबर पर आ गए हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**सुप्रीम कोर्ट का राहुल से सवाल-कैसे पता.....**

की अदालत में चल रही कार्यवाही पर रोक भी लगा दी। बता दें कि इस मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 29 मई को राहुल गांधी की याचिका खारिज कर दी थी। फिर राहुल गांधी ने समन आदेश और शिकायत को यह कहते हुए चुनौती दी थी कि यह दुर्भावना से प्रेरित और दर्ज की गई थी। बता दें कि शिकायतकर्ता उदय शंकर श्रीवास्तव ने एक अदालत में दायर अपनी याचिका में आरोप लगाया कि दिसंबर 2022 की यात्रा के दौरान, गांधी ने चीन के साथ सीमा गतिरोध के संदर्भ में भारतीय सेना के बारे में कई अपमानजनक टिप्पणियां कीं। इसके बाद निचली अदालत ने मुकदमे का सामना करने के लिए राहुल गांधी को आरोपी के रूप में समन किया। राहुल गांधी के अधिवक्ता प्रांशु अग्रवाल ने तर्क दिया था कि शिकायत को पढ़ने से ही आरोप मनगढ़ंत प्रतीत होते हैं। यह भी तर्क दिया गया कि राहुल गांधी लखनऊ के निवासी नहीं हैं, इसलिए उन्हें इस शिकायत पर तलब करने से पहले अधीनस्थ न्यायालय को आरोपों की सत्यता की जांच करनी चाहिए थी और उन्हें तभी तलब किया जाना चाहिए था जब आरोप प्रथम दृष्टया सुनवाई के लिए उपयुक्त पाए जाते।

**राहुल को सुप्रीम फटकार पर भाजपा....**

इस बयान पर कड़ी टिप्पणी की है। बता दें कि राहुल गांधी की जिस टिप्पणी पर शीर्ष अदालत ने उन्हें फटकार लगाई है, ये 9 दिसंबर, 2022 की है। उन्होंने भारत और चीन की सेनाओं के बीच गलवां में हुई झड़प पर टिप्पणी की थी। भाटिया के मुताबिक अदालत का ऐसा कहना कि अगर आप सच्चे भारतीय होते, तो ऐसा नहीं कहते.. राहुल गांधी की विश्वसनीयता पर सवाल उठाता है। उन्होंने सवाल किया कि कांग्रेस पार्टी के नेता के तौर पर वह कितने परिपक्व हैं? उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की उस टिप्पणी को भी रेखांकित किया जिसमें कोर्ट ने राहुल से पूछा, उन्हें चीनी सेना के कब्जे वाले क्षेत्र के बारे में कैसे पता। क्या वह वहां थे? इस पर गौरव भाटिया ने कहा, यह पहली बार नहीं है जब राहुल गांधी ने भारत विरोधी मानसिकता दिखाई है।

**हम हर मामले की सुनवाई करेंगे.....**

सुप्रीम कोर्ट पहुंच जाता है। अगर हम ही हर मामले की सुनवाई करेंगे, तो अन्य अदालतों का क्या उपयोग रह जाएगा? अगर ऐसा होता रहा तो फिर गरीब लोग कहां जाएंगे? एक आम आदमी और साधारण वकील के पास सुप्रीम कोर्ट में पैरवी करने की कोई जगह ही नहीं बचेगी। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि प्रावधानों की वैधता को चुनौती देने के नाम पर याचिकाकर्ता सीधे अंतिम राहत नहीं मांग सकते। कोर्ट ने कहा कि एक ही याचिका में आप सब कुछ नहीं मांग सकते। इसके लिए तय प्रक्रिया और मंच हैं। कोर्ट ने चैतन्य बघेल को जमानत याचिका के लिए हाईकोर्ट जाने को कहा और यह भी निर्देश दिया कि हाईकोर्ट इस पर जल्द सुनवाई करे। इसके अलावा, सुप्रीम कोर्ट ने पीएमएलए की धारा 50 और 63 को चुनौती देने के लिए अलग से याचिका दाखिल करने की सलाह दी। वहीं, दूसरी तरफ चैतन्य बघेल ने ईडी की विशेष कोर्ट में सोमवार को पेश किया गया। कोर्ट ने 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। चैतन्य बघेल को बेटे को ईडी ने शराब घोटाले में मनी लॉड्रिंग के केस में गिरफ्तार किया है।

**झारखंड के पूर्व सीएम शिबू सोरेन....**

गांव में हुआ था। वे झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रह चुके थे। ये तीन बार (2005, 2008, और 2009) सीएम के पद पर कार्यरत थे। हालांकि, वे कभी भी अपना सीएम कार्यकाल पूरा नहीं कर सके थे। शिबू सोरेन ने झारखंड आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने आदिवासियों के अधिकारों के लिए धनकटनी आंदोलन शुरू किया था। इसके तहत उन्होंने महाजनों और साहूकारों के खिलाफ आदिवासियों को एकजुट किया था। वे 1980 से 2019 तक दुमका से लोकसभा सांसद रहे और वर्तमान में राज्यसभा सांसद थे। उनकी अगुवाई में JMM ने झारखंड को अलग राज्य बनाने में निर्णायक योगदान दिया।

**ट्रम्प की भारत को ज्यादा टैरिफ.....**

फंड कर रहा है। मिलर का बयान ऐसे समय पर आया है जब अमेरिका, भारत पर रूस से तेल खरीदने को लेकर दबाव बना रहा है। मिलर ने कहा कि भारत अब चीन की तरह रूस का बड़ा ग्राहक बन गया है, जो हैरान करने वाली बात है। हालांकि, स्टीफन मिलर ने यह भी माना कि ट्रम्प और मोदी के रिश्ते बेहद अच्छे रहे हैं, लेकिन उन्होंने साफ कहा कि अगर भारत ने संतुलन नहीं बनाया, तो अमेरिका के पास सभी विकल्प खुले हैं। रॉयटर्स ने 30 जुलाई को अपनी रिपोर्ट में कहा था कि भारतीय तेल कंपनियां जैसे इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम ने रूस से तेल की खरीदी को रोक दी है, क्योंकि छूट कम हो रही है और शिपिंग में दिक्कतें आ रही हैं। इसमे यह भी कहा गया था कि, पिछले एक सप्ताह में रूस से कच्चे तेल की मांग नहीं की गई है। भारतीय रिफाइनरियां रूसी कच्चा तेल कम खरीद रही हैं, क्योंकि वहां से मिलने वाली छूट 2022 के बाद से सबसे कम हो गई है। अब रिफाइनरियों को डर है कि रूस पर लगे नए प्रतिबंधों से विदेशी व्यापार में मुश्किलें आ सकती है। यूरोपीय यूनियन ने 18 जुलाई को रूस पर नए प्रतिबंध लगाए थे। जिसमें रूसी तेल और ऊर्जा उद्योग को और अधिक नुकसान पहुंचाने के उपाय भी शामिल हैं । अप्रैल में ट्रम्प के टैरिफ ऐलान के बाद भारत ने अमेरिका से कच्चे तेल की खरीद दोगुनी कर दी है। अप्रैल-जून तिमाही में इसमें सालाना आधार पर 114 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वहीं नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी ने 37 जरूरी दवाओं की कीमतें 10-15 प्रतिशत तक घटा दी हैं। इनमें पेरासिटामोल, एटोरवास्टेटिन, और एमोक्सिसिलिन जैसी दवाएं शामिल हैं, जो हार्ट, डायबिटीज, और इंफेक्शन के मरीजों के लिए जरूरी हैं।

**अब 100 यूनिट तक ही मिलेगा हाफ बिजली....**

कुल 80 पैसे प्रति यूनिट बढोतरी की है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद आम जनता को मांग के अनुसार बिजली नहीं मिल रहा है। बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से शहर और गांव की जनता जूझ रहे हैं। कांग्रेस की सरकार के दौरान 24 घंटा बिजली की आपूर्ति होती थी। गर्मी के दिनों में मांग बढ़ने पर दूसरे राज्यों से भी बिजली की खरीदी किया जाता था और आम जनता को 24 घंटा बिजली की आपूर्ति की जाती थी।

**सत्येंद्र जैन को बड़ी राहत: चार साल....**

साजिश का सबूत नहीं था। विशेष जज दिग विनय सिंह ने सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार करते हुए कहा कि जब जांच एजेंसी को इतने लंबे समय तक कोई आपराधिक साक्ष्य नहीं मिला, जो भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के तहत अपराध को साबित कर सके, तो आगे की कार्यवाही का कोई औचित्य नहीं है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि हर वह निर्णय जो नियमों का पूरी तरह पालन नहीं करता, उसे भ्रष्टाचार के दायरे में नहीं लाया जा सकता। इसके लिए ठोस साक्ष्य की आवश्यकता होती है, जो इस मामले में नहीं मिला।

**राज्योत्सव में देश के प्रधानमंत्री करेंगे....**

सदन, विधानसभा अध्यक्ष का कक्ष, मुख्यमंत्री का कक्ष तथा सम्पूर्ण परिसर का अवलोकन कर निर्माण की प्रगति का निरीक्षण किया गया। निर्धारित समय पर नवीन विधानसभा भवन का विधिवत लोकार्पण किया जाएगा। नवीन विधानसभा भवन में छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान, पारंपरिक वास्तुकला और आधुनिक सुविधाओं का समुचित समावेश किया गया है। भवन में तीन प्रमुख विंग निर्मित किए जा रहे हैं ङ्क विंग-ए में विधानसभा सचिवालय, विंग-बी में मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय सहित विधानसभा सदन व सेंट्रल हॉल, तथा विंग-सी में उप मुख्यमंत्रियों एवं अन्य मंत्रियों के कार्यालय स्थित होंगे। उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कहा कि नया विधानसभा भवन केवल एक शासकीय संरचना नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक भव्यता एवं वैभव का प्रतीक बनेगा। 52 एकड़ क्षेत्रफल में निर्मित यह नवीन विधानसभा भवन आधुनिक तकनीकी विशेषताओं और सांस्कृतिक सौंदर्य से युक्त एक भव्य परिसर होगा। सदन में 200 विधायकों के बैठने की क्षमता के साथ-साथ 500 दर्शकों की क्षमता वाला अत्याधुनिक ऑडिटोरियम भी होगा। परिसर में 700 वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है तथा दो प्रस्तावित सरोवर, प्रत्येक डेढ़ एकड़ क्षेत्र में, विकसित किए जाएँगे। निर्माण पूर्ण होने के पश्चात यह भवन न केवल छत्तीसगढ़ की प्रतिष्ठा को नई ऊँचाइयाँ प्रदान करेगा, बल्कि देशभर में अपनी विशिष्ट स्थापत्य शैली और उन्नत सुविधाओं के कारण एक मिसाल के रूप में स्थापित होगा। निरीक्षण के दौरान अजय जामवाल, पवन साय, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव  सुबोध कुमार सिंह, लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, प्रमुख अभियंता  वी.के. भतपहरी उपस्थित थे।

**छत्तीसगढ़ में होगी पांच हजार शिक्षकों....**

मिला है, बल्कि बच्चों की सीखने की क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पीएम-श्री स्कूल योजना के अंतर्गत छात्रों को हाई-टेक सुविधाएँ मिल रही हैं। विद्यालय भवनों के रखरखाव हेतु 133 करोड़ का बजट स्वीकृत किया गया है। साथ ही, छात्रावासों की स्थिति सुधारने के लिए भी ठोस कदम उठाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ खनिज, वन, उपजाऊ भूमि और जैव विविधता से परिपूर्ण एक समृद्ध प्रदेश है, किंतु यह भी सत्य है कि यह राज्य वर्षों से नक्सलवाद की पीड़ा झेलता आया है। सरकार इन क्षेत्रों में विशेष रूप से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि बस्तर के धुड़मारास गांव को विश्व के 20 प्रमुख पर्यटन ग्रामों में स्थान मिला है, जो प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। पर्यटन को उद्योग का दर्जा प्रदान किया गया है, और बस्तर में बोधघाट परियोजना के माध्यम से 7 लाख हेक्टेयर सिंचाई सुविधा और 200 मेगावॉट बिजली उत्पादन के लक्ष्य पर कार्य प्रगति पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 25 वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय प्रगति हुई है। एक समय था जब राज्य में मात्र 1 मेडिकल कॉलेज था, आज 15 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं। राज्य में अब तक 19 निजी विश्वविद्यालय स्थापित हो चुके हैं और 3 नए विश्वविद्यालयों की स्थापना प्रक्रिया में है। कार्यक्रम के अंत में सीएम साय ने उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों को उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से अलंकृत किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षकों में सुश्री के. शारदा,  बी. आर. साहू, श्री भरत किशोर यादव,डॉ. धनंजय पाण्डेय, श्री बलदाऊ सिंह श्याम शामिल हैं। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं खेल एवं राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में विधायकगण पुरंदर मिश्रा,मोतीलाल साहू, गुरु खुशवंत साहेब, प्रदेश के शिक्षाविद्, विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ  उपस्थित थे।

**लोकसभा में बिहार वोटर लिस्ट रिवीजन....**

मंत्रालय से संबंधित पूरक प्रश्न पूछे। जिनका विभाग के मंत्री मनसुख मांडविया ने उत्तर भी दिया। लेकिन विपक्षी दलों के सदस्य लगातार नारेबाजी और हंगामा करते रहे। स्पीकर बिरला ने हंगामा कर रहे सदस्यों से कई बार कहा भी कि वह अपनी-अपनी सीट पर बैठ जाएं। स्पीकर ने विपक्षी दलों के सदस्यों द्वारा सदन में नारेबाजी करने और तख्तियां दिखाने पर निराशा प्रकट करते हुए कहा कि मैंने पहले भी आपसे कहा है और फिर से कह रहा हूं कि प्रश्नकाल बहुत महत्वपूर्ण समय होता है। आपके आचरण को देश देख रहा है। सुनियोजित तरीके से सदन की कार्यवाही नहीं चलने दी जा रही है। फिर हंगामा नहीं थमने पर उन्होंने सदन की कार्यवाही 11¬10 बजे दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इसके बाद फिर दो बजे शुरू हुई सदन की कार्यवाही में भी स्थिति ज्यों की त्यों बनी रहीं। हंगामे के बीच ही आवश्यक कागजात सदन के पटल पर रखे गए और सदन ने सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की दूसरी अनुसूची में संशोधन से संबंधित सांविधिक संकल्प को स्वीकृति दे दी। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने यह सांविधिक संकल्प पेश किया था। पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने सदस्यों से सदन चलने देने की अपील की और खेल से संबंधित दो विधेयकों को पारित करने की जरूरत पर जोर दिया। विधायी कार्यों की सूची में राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक, 2025 और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) विधेयक, 2025 सूचीबद्ध थे। पीठासीन सभापति ने कहा कि आज दो बहुत महत्वपूर्ण विधेयक हैं। सरकार 2036 के ओलंपिक की मेजबानी के लिए बोली लगाने जा रही है। देश के खेल और खिलाड़ियों के लिए इससे कुछ महत्वपूर्ण विधेयक नहीं हो सकते। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि खेल शासन विधेयक काफी समय से लंबित है। न्यायालय ने भी कहा है कि खेल में सुशासन के लिए एक अच्छा कानून बनाया जाए। सदस्यों से आग्रह है कि इस पर चर्चा करें। पीठासीन सभापति पाल ने नारेबाजी कर रहे सदस्यों से कहा कि आप चुनकर आएं ताकि कानून बना सकें। लेकिन मॉनसून सत्र में अब तक एक भी विधेयक पारित नहीं हो सका। देश की जनता देख रही है कि आप कानून बनाने के बजाय हंगामा कर रहे हैं। फिर हंगामा नहीं थमने पर सदन की कार्यवाही 2.14 बजे मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

# पं. शिवकुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय अनुसंधान केंद्र सुरगी में धूमधाम से मनाया गया स्थापना दिवस



राजनांदगांव पं. शिवकुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय अनुसंधान केंद्र सुरगी राजनांदगांव में धूमधाम से मनाया गया स्थापना दिवस। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्रमुख अधिष्ठाता महोदय डॉक्टर विनम्रता जैन के अध्यक्षता में एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि के रूप में पंडित शिवकुमार शास्त्री जी के पौत्र श्री दिवाकर बाजपेई जी उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि महाविद्यालय नारायणपुर के अधिष्ठाता डॉ. रत्ना नसीने एवं कृषि महाविद्यालय साजा बेमेतरा के अधिष्ठाता डॉ. ललित रामटेके की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विभिन्न परंपरागत खेल प्रतिस्पर्धाओं जैसे कुर्सी दौड़, मटकी फोड़, जलेबी दौड़, सुई धागा दौड़ इत्यादि के माध्यम से हुआ।

साथ ही रंगोली मेकिंग, पोस्टर मेकिंग, रंगारंग विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के माध्यम से कार्यक्रम का आगाज हुआ।

अपने स्वागत उद्बोधन में अधिष्ठाता बताते हुए कहा कि आज का दिन हमारे महाविद्यालय का गौरव का दिन है इस दिन महाविद्यालय की नींव रखी गई थी, उन्होंने कहा आज हम सब मिलकर उपलब्धियों का उत्सव मना रहे हैं। साथ ही सभी को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए महाविद्यालय को उच्च शिखर तक पहुंचाने की बात कही। मुख्य अतिथि श्री दिवाकर बाजपेई जी जो कि शास्त्री जी के पौत्र हैं उन्होंने अपने उद्बोधन में पं. शिव कुमार शास्त्री के जीवनी पर प्रकाश डाला एवं सभी को उनके पदचिन्हों पर अनुसरण करने को कहा। मंच का संचालन डॉ. पूजा साहू एवं आभार व्यक्त डॉ.शिवाजी लिमजे के द्वारा किया गया। समस्त प्रतिभागियों को अंत में मुख्य अतिथि के कर कमलों द्वारा पुरस्कार वितरण कर उत्साह वर्धन किया गया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय समस्त अधिकारी कर्मचारी गण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# भाजपा का जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह सम्पन्न

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। अम्बागढ़ चौकी के टाउन हॉल में जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जनपद पंचायत सदस्यों द्वारा अयोजीत जनप्रतिनिधियों का सम्मान कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, जिसमे नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं नव नियुक्त आदिवासी एकीकृत विकास परियोजना की जिलाध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह,नव नियुक्त छत्तीसगढ़ अन्य पिछड़ा वर्ग सलाहकार समिति सदस्य मदन साहू का सम्मान किया गया,सम्मान समारोह में पूर्व सांसद अशोक शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद परख, पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, पुखराज जी कांकरिया, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, नरेश बैद पतली, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भोजेश शाह मंडावी,जिला जिलामहामंत्रीद्व नरसिंह भंडारी, अनिल गुप्ता,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू, मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी, अमित श्रीवास्त, संदीप साहू, प्रकाश मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश सिंगी, पूर्व मंडल अध्यक्ष शत्रुघन चुरेन्द्र, जिला पंचायत सदस्य नेहरू रजक, शांति त्रिपुरे, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती कमलेश सारस्वत,अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष रियाजुद्दीन कुरैशी, व्यापारी प्रकोष्ठ जिला संयोजक मोहन जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता देवी शंकर बाजपेयी, संगीता मिश्रा, रेणुका टांडिया, जनपद पंचायत अध्यक्ष पुनऊ राम फुलकौरे, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष शंकर प्रसाद तिवारी, आदिल हमीद खान, दिलीप गुप्ता, संजय मिश्रा, अंबर जोशी, दिगम्बर शांडिल्य, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सर्व प्रथम भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया, तद्पश्चात समस्त अतिथियों का स्वागत किया गया।



# शासकीय सेवक की मृत्यु होने पर देय अनुग्रह राशि (अनुदान) का पुनरीक्षण करने मांग



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संध जिलाध्यक्ष दुर्ग भानुप्रताप यादव ने सचिव छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग (शासकीय कर्मचारी कल्याण शाखा) रायपुर के नाम कलेक्टर महोदय दुर्ग को ज्ञापन पेश किया है कि किसी शासकीय सेवक की मृत्यु होने पर उसके परिवार को वेतनमान में बेंड वेतन एवं ग्रेड वेतन के योग के छः माह के बराबर अधिकतम रूपये 50,000/-(अक्षरी पचास हजार रूपये) की सीमा तक अनुग्रह राशि दिये जाने का प्रावधान है।

वर्तमान में प्रदेश के शासकीय सेवकों को सांतवां वेतनमान प्राप्त है। मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग, वल्लभ भवन मंत्रालयः-भोपाल का पत्र क्रमांक एफ 4-1 2025/नियम/चार भोपाल दिनांक 03 अपैल 2025 के अनुसार शासकीय सेवक की सेवा में रहते हुये मृत्यु होने पर मृतक के परिवार को मृतक शासकीय सेवक के वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 में देय वेतन के छः गुना के बराबर अधिकतम रूपये 1,25,000 (अक्षरी एक लाख पच्चीस हजार रूपये) अनुग्रह अनुदान स्वीकृत किया गया है।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश से ही पृथक होकर छत्तीसगढ़ राज्य का गठन वर्ष 2000 में हुआ है तथा समय-समय पर मध्यप्रदेश शासन द्वारा शासकीय सेवकों से हितार्थ लिये जाने वाले निर्णय छत्तीसगढ़ राज्य में लागू किये जाते रहे है। मध्यप्रदेश रि-आर्गनाईजेशन एक्ट 2000 सेक्शन 61 के आधार पर मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग,वल्लभ भवन मंत्रालय-भोपाल का पत्र क्रमांक एफ 4-1 2025/नियम/चार भोपाल दिनांक 03 अपैल 2025 के उक्तादेशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य शासन द्वारा शासकीय सेवक की सेवा में रहते हुये किसी शासकीय सेवक की मृत्यु होने पर उसके परिवार को अधिकतम रूपये 1,25,000/-(अक्षरी एक लाख पच्चीस हजार रूपये) अनुग्रह अनुदान स्वीकृत किये जाने अनुरोध किया है।

# यूथ एवं इको क्लब का गठन व शपथ ग्रहण शास.उच्च.माध्य. विद्यालय तिलईरवार में

तुमड़ीबोड़ (दावा)। शा. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में यूथ एवं इको क्लब का गठन कर शपथ ग्रहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत विद्यालय स्तर पर पर्यावरणीय जागरूकता व स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए एवं मिशन फॉर लाइफ क्लब का गठन कर सभी छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाया गया। इस गठन में विवेक कुमार, पीयूष कुमार, कु. वैशाली, हिमांशु कुमार, कु.जैस्मिन, कु. दिव्या, सागर कुमार, सुमित कुमार, कु. वंगीता, कु. टीकांक्षा, कु. कामिनी, कु. देवकी, कु. खुशी, कु. यामिनी, कु. वेणु, कु. प्रियांशु, कु. परमेश्वरी, कु. वेदबती, कु. निहारिका, कु आरती, रविशंकर, कुनालदास, विकास कुमार, कु. लीना, कु. बबिता, निखिल साहू, नोहरदास, कु. पल्लवी आदि छात्र छात्राएं सम्मिलित है।




विद्यालय के यूथ एवं इको क्लब के प्रभारी शिक्षक थंगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता ने अपने उद्बोधन में बताया कि इको क्लब का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, जागरूकता पैदा करना और छात्र-छात्राओं में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। और हमें प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान में अपना सहयोग प्रदान करना है। सभी छात्र-छात्राओं को इको क्लब द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे में बताया कि हमें वृक्षारोपण, जल संरक्षण, कचरा प्रबंधन, प्रदूषण नियंत्रण, प्लास्टिक मुक्त, पर्यावरण शिक्षा और जागरूकता अभियान का कार्य समय-समय पर संचालित कर सफल बनाना है। इस कार्यक्रम में प्राचार्य महोदय श्रीमान अशीम कुमार यदु एवं युवा क्लब के सहयोगी शिक्षक नोहरदास लिलहारे की उपस्थिति एवं सहभागिता रही। प्राचार्य ने सभी छात्र-छात्राओं को इको क्लब के गठन पर बधाई एवं शुभकामनाएं दिए एवं इस कार्यक्रम में समस्त विद्यालय परिवार की उपस्थिति रही।

# जिला परिषद राजनांदगांव की समीक्षा बैठक के बीच मित्रता दिवस संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद एवं जिला सैन्य मातृशक्ति राजनांदगांव ने 03 अगस्त 2025 को मित्रता दिवस के अवसर पर विशेष बैठक रखा गया था। जिसमें जिला संयोजक के लिए संतोष सिंह जी को सर्व सम्मति से मनोनीत किया गया। जिला परिषद द्वारा निःशुल्क तैराकी प्रशिक्षण एवं डोंगरगढ़ में चलाए जा रहे निःशुल्क योद्धा फिजिकल अकादमी के कार्यों का समीक्षा किया गया। जिसे भविष्य में वृहद रूप चलाए जाने पर व्यापक चर्चा किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अशोक झा, संरक्षक जीएस भाटिया, बसंत रावटे, गुमान साहू, झनक विश्वकर्मा, उमेश गंगबेर, पियूष साव, संतोष सिंह, अमर साव, संजय पवार, अंगेश्वर सिन्हा, भोजेश्वर गंजीर, भूषण सिन्हा, तिरुपति राव, राजू, कमलेश विजयवार, युगलकिशोर, कन्हैया साहू, कलीराम, सी एल साहू, ईश्वर जागृत, विशाल साहू, एके पाण्डेय, उमा सिन्हा, कृष्ण कुमार, युवराज साव,घनश्याम साहू, सावन वर्मा, आर के मिश्रा शामिल हुए।

# कांग्रेस ने किया रायपुर-जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का भव्य स्वागत



कांग्रेस हमेशा क्षेत्र की जनता के हित और विकास के लिए समर्पित रही है - विजय राज चौहान शहर अध्यक्ष

डोंगरगढ़(दावा)। जबलपुर-रायपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस (ट्रेन क्रमांक 01702) का डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने पूरे उत्साह के साथ ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर क्षेत्रवासियों को एक महत्वपूर्ण सौगात समर्पित की।इस नई ट्रेन सेवा से डोंगरगढ़ से बालाघाट और जबलपुर के लिए आवागमन अब अधिक सुलभ होगा, जिससे न केवल यात्रियों को सुविधा मिलेगी बल्कि क्षेत्रीय व्यापार और विकास को भी गति प्राप्त होगी।

निजी कारणों से विधायक की अनुपस्थिति के बावजूद बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री विजय राज सिंह चौहान, अनिल गट्टानी, जितेन्द्र सिंह भाटिया, अनिल मेश्राम, रिम्मी भाटिया, किरण मेश्राम, पार्षद विनायक राव, पायल पूर्ति, सुमित खोब्रागड़े, दिनेश साखरे, नरेश करसे,संजीव गुप्ता, कृष्णा गुप्ता , कैलाश मेश्राम, बबलू खोब्रागड़े, कुणाल जांबुलकर, अमीन उईके,सारिका बडोले,सहित कांग्रेस की पूरी टीम उपस्थित रही और यात्रियों का पुष्पवर्षा कर, हर्षोल्लास से स्वागत किया।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय राज ने कहा है कि, कांग्रेस हमेशा क्षेत्र की जनता के हित और विकास के लिए समर्पित रही है।

# मुंशी प्रेमचंद की 145वीं जयंती पर साहित्यिक आयोजन, लेखन प्रेरणा का मिला संदेश




प्रेमचंद का साहित्य आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना उनके समय में था - डॉ ई व्ही रेवती प्राचार्य

डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद की 145वीं जयंती बड़े ही श्रद्धा व साहित्यिक वातावरण में मनाई गई। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. ईवी रेवती के दिशा निर्देशन में हिंदी विभाग द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्राचार्य डॉ. रेवती ने मुंशी प्रेमचंद के साहित्य में समाज के यथार्थ चित्रण पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं को लेखन कार्य में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रेमचंद का साहित्य आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना उनके समय में था।

इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. आशा चौधरी ने प्रेमचंद की सहज-सरल लेखन शैली की सराहना करते हुए बताया कि उनका साहित्य हर आयु वर्ग के पाठकों को सीधे छूता है और सामाजिक यथार्थ को जीवंत रूप में प्रस्तुत करता है।

हिंदी विभाग प्रमुख डॉ. नीता राजपूत द्वारा ÷प्रेमचंद का रचना संसार÷ विषय पर काव्यात्मक प्रस्तुति दी गई, जिसने श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया।बकार्यक्रम में नीलम सिन्हा द्वारा प्रेमचंद की प्रसिद्ध कहानी ÷बड़े घर की बेटी÷ का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया, जिसमें नारी मन की कोमलता और पारिवारिक संस्कारों की सुंदर व्याख्या की गई।विचार अभिव्यक्ति प्रतियोगिता में बीएससी अंतिम वर्ष के छात्र निखिल ने प्रथम, एमए भूगोल के उदय ने द्वितीय तथा बीएससी अंतिम वर्ष की प्रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीता राजपूत ने किया तथा आभार प्रदर्शन नीलम सिन्हा द्वारा किया गया। यह आयोजन न केवल साहित्य के प्रति जागरूकता का संदेश लेकर आया, बल्कि विद्यार्थियों को लेखन के प्रति प्रोत्साहित करने वाला भी सिद्ध हुआ।

# पूर्व पार्षद गप्पू सोनकर द्वारा कराए गए विकास कार्यों की हो रही सराहना



लखोली जनता कॉलोनी वार्डवासियों में खुशी की लहर

राजनांदगांव (दावा)। लखोली क्षेत्र में पूर्व पार्षद गप्पू सोनकर के कार्यकाल में कराए गए विकास कार्यों से क्षेत्र में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है। वार्ड क्रमांक 31 के अंतर्गत जनता कॉलोनी, केसर नगर और अटल आवास क्षेत्र में हुए इन कार्यों से स्थानीय नागरिकों में संतोष और प्रसन्नता का माहौल है।

पूर्व पार्षद रहते हुए श्री सोनकर ने वार्ड में लाखों रुपये के विकास कार्यों को न केवल साकार किया, बल्कि उनके प्रयासों से कई योजनाएं स्वीकृत होकर अमल में लाई गईं। उन्होंने इन कार्यों के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह एवं महापौर मधुसूदन यादव के प्रति आभार प्रकट किया है।

प्रमुख विकास कार्यों में शामिल हैं- गणेश मंदिर मार्ग पर पीसीसी रोड का निर्माण (लागत 10 लाख), रघुवर मार्ग पर लगभग 300 फीट लंबी नई पीसीसी रोड, दो सामुदायिक भवनों का निर्माण (कुल लागत 10 लाख), अटल आवास, केसर नगर एवं जनता कॉलोनी में 8 लाख की लागत से सौंदर्यीकरण कार्य, जनता कॉलोनी स्थित गणेश मंदिर के पास सामुदायिक भवन (लागत 7.30 लाख)।

इन कार्यों के परिणामस्वरूप क्षेत्र में आवागमन सुविधाजनक हुआ है, साफ-सफाई की स्थिति में सुधार आया है और सामुदायिक गतिविधियों के लिए आधारभूत ढांचा सुदृढ़ हुआ है। स्थानीय नागरिकों ने गप्पू सोनकर के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया है।

# श्रमिक परिवारों के बच्चों को मिलेगा निःशुल्क आवासीय शिक्षा का लाभ

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन ने श्रमिक परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल में पंजीकृत श्रमिकों के प्रथम दो बच्चों को राज्य सरकार द्वारा चयनित आवासीय विद्यालयों में कक्षा छठवीं से बारहवीं तक निःशुल्क आवासीय शिक्षा प्रदान की जाएगी।छत्तीसगढ़ी फिल्में श्रम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, शैक्षणिक सत्र 2025-26 में ऐसे विद्यार्थी जो कक्षा पाँचवीं में अच्छे अंक प्राप्त कर प्रावीण्य सूची के टॉप-10 में स्थान अर्जित करेंगे, उन्हें काउंसलिंग के बाद योजना का लाभ दिया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत प्रवेश शुल्क, शैक्षणिक शुल्क, गणवेश, पुस्तक-कॉपी, छात्रावास एवं भोजन की व्यवस्था का संपूर्ण व्यय श्रम कल्याण मण्डल द्वारा वहन किया जाएगा।

# धरती पुत्रों के जीवन में समृद्धि और खुशहाली के लिए 3100 रुपए दर से धान खरीद रही है -गीता घासी साहू



राजनांदगांव (दावा)। देशभर के किसानों के खाते में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसान सम्मान निधि की बिसवीं किस्त डाली गई।इस मौके को यादगार बनाते हुए प्रधानमंत्री किसान दिवस का आयोजन जगह-जगह किया गया जिसमें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्यजनो ने पीएम को स्क्रीन पर लाइव देखा और सुना।

इस मौके पर राजनांदगांव जिला पंचायत पूर्व अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त देते हुए बताया कि केंद्र सरकार ने बीते सालों में किसानों के उत्थान के लिए कई योजनाएं लागू की। पीएम किसान सम्मान निधि के तौर पर कृषकों को तीन किस्तों में 6000 रुपए प्रति वर्ष आर्थिक सहायता दी जा रही है। इसी के तहत आज प्रधानमंत्री ने 20 वी किस्त देशभर के कृषकों के खातों में अंतरित की है। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश सरकार 3100 रुपए प्रति किवंटल की दर से धान खरीद रही है ताकि धरती पुत्रों के जीवन में समृद्धि और खुशहाली आए।

# भाजपा कुमरदा मंडल की बैठक सम्पन्न

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में गुरुवार को भाजपा कुमरदा मंडल के पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों के लिए महत्वपूर्ण बैठक आयोजन की गई।

बैठक में मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत समेत महामंत्री रविंद्र वैष्णव व सौरभ कोठारी द्वारा भारत माता के तेल चित्र में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई अतिथियों का स्वागत भगवा गमछा और फूल माला पहनाकर किया गया मंडल अध्यक्ष हिरदे राम देवांगन स्वागत उद्बोधन किया मुख्य वक्ता कोमल सिंह राजपूत ने पदाधिकारी से परिचय प्राप्त कर कहा कि पार्टी के विचार एवं केंद्र व राज्य के सभी जन कल्याणकारी योजनाओं को बुथ स्तर तक ले जाना है और सभी बूथ में जीत सुनिश्चित करना है इसी भाव के साथ हम सबको एक साथ मिलकर काम करना है।



इस अवसर पर किरण वैष्णव जिला पंचायत अध्यक्ष राजनांदगांव गोपाल भूआर्य जिला पंचायत सभापति, मंडल अध्यक्ष हिरदे राम देवांगन पतिराम साहू कोमल सिंह महामंत्री, उपाध्यक्षा टूमेश साहू चंदूलाल पटेल, श्रीमति चित्रलेखा साहू, रजवंती बाई यादव, मनोहर साहू मंत्री ठाकुर राम यादव श्रीमती महावती मंत्री श्रीमती लक्ष्मी बाई गुहा मंत्री, दिग्विजय साहू कोषाध्यक्ष, चोवाराम साहू सह कोषअध्यक्ष, कपिल बघेल मीडिया प्रभारी, दिलेश्वर मानिकपुरी सोशल मीडिया प्रभारी एवं योगेंद्र राजपूत कार्यालय प्रभारी कुमरदा मंडल के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# श्रवण मास के अंतिम सोमवार पर नंदई चौक में कावड़ियों का किया पुष्प वर्षा से स्वागत



राजनांदगांव (दावा)। श्रावण मास के अंतिम सोमवार को आज शिव भक्तगण अपनी कावड़ में शिवनाथ नदी (हल्दी घाट, मोहारा) से जल उठाकर राजनांदगांव की ओर बढ़ रहे कांवड़ीयों पर नंदई चौक राजनांदगांव में भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, अकरम कुरैशी पूर्व मंत्री राज्य मंत्री, डी.सी.जैन, विजय हरिहरनो, राजा माखीजा, किशन यदु, रमेश सोनवानी, अजीत सिंह, नाभिलाभ जैन, भागचंद जैन, सतीश साहू नागेश यदु आदि ने पुष्पवर्षा कर कावड़ियों का किया स्वागत।

# शासन से 3 लाख शिक्षक नाराज - सुशील शर्मा

राजनांदगाव (दावा)। जिले के शालेय शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष सुशील शर्मा ने बताया कि आजकल शासन/प्रशासन अजीबो गरीब तुगलकी फरमान निकाल रही है,जिससे शिक्षक बहुत ज्यादा आक्रोषित और नाराज है। पहले 2008 के सेटअप को बदल कर युक्तियुक्ति किया गया जहाँ कुछ शिक्षकविहीन और एकल शिक्षकीय स्कूलों मे शिक्षक की व्यवस्था की गई है. वही हजारों स्कूलों में शिक्षकों की कमी हो गई है।प्राथमिक और मिडिल स्कूलों मे मर्ज करने के कारण प्रधान पाठकों के अधिकार को छीन लिया गया है

## रसोईयों और स्वीपर को निकाला जायेगा

शासन में 33000 शिक्षकों की भर्ती का वादा किया था कहा गया मोदी की गारंटी, चुनाव के पहले वेतन विसंगति दूर करने का वादा किये थे, वह वादा ही रह गया। सोना साहू ने सुप्रीम कोर्ट से जीतकर क्रमोन्नति ले रही है क्या शासन को नहीं चाहिए कि सोना साहू जैसे सबके लिए जनरल आर्डर जारी कर दे।



छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों को विगत 5 साल से अब हर साल महंगाई भत्ता के लिए हड़ताल करना पड़ता है तब शासन हमें 3 प्रतिशत डीए देती है, वह भी केन्द्र सरकार के देने के 6 माह बाद देती है। एक तरफ अभी व्याख्याता प्रमोशन के लिए बी-एड को अनिवार्य कर दिया गया है।वही दूसरे तरफ व्याख्याता से बड़े पोस्ट प्राचार्य में बी-एड अनिवार्य नहीं है, कोई भी प्रशिक्षित लोग प्राचार्य बन सकते है। तो व्याख्याता के लिए भी वही नियम रहने दिया जाये।

शिक्षकों को नाम पात्र का पुरानी पेंशन देने का भूपेश बघेल जी ने आदेश किया था उसमे जो कमी है उसे अभी तक नहीं सुधारा गया है।हम शिक्षा कर्मी लोग 1995-1998 से सेवा दे रहे है. लेकिन हमारा संविलियन 2018 मे किया गया है जिसके कारण 25-30 साल सेवा देकर रिटायर मेन्ट होने वाले लोगो 1000, 1200 पेंशन मिल रहा है। शनिवार को बच्चों को योगा, व्यायाम, पी टी, खेलकूद कराते थे, उसे अब पूरा दिन स्कूल लगाने का आदेश निकाला गया है जिसके कारण अब बच्चों को व्यायाम, खेलकूद, पी टी, नहीं कराया जा सकता, क्योंकि इन सब एक्टिविटी के लिए सुबह का समय ही उपयुक्त रहता है। 2012 से 2017 मृत हुए शिक्षा कर्मियों की विधवा आज अनुकम्पा नहीं लगने के कारण दर दर की ठोकर खाने को मजबूर है।चुनाव से पहले इन्होने घोषणा पत्र मे वर्ग 3 की वेतन विसंगति को दूर करने का वादा किये थे। जिसके कारण शिक्षक संघ आक्रोषित है। सरकार को जल्द से जल्द शिक्षक संघो के प्रतिनिधियों को बुलाकर नाराजगी को दूर करना चाहिए।

# सावन के अंतिम सोमवार को संस्कारधानी हुई शिव मय

राजनांदगांव (दावा)। श्रावण मास के अंतिम सोमवार को संस्कारधानी नगरी शिव भक्ति से सनी रही। सुबह से ही जहां शिव कांवड़िए शिवनाथ नदी से कांवर में बोल बम के उच्चार से शहरवासियों को जगाया वहीं भगवान भोलेनाथ की पूजा के लिए सुबह से ही भक्त जन शिवालयों में जुटे रहे। सोमवार को दिनभर भगवान भोलेनाथ शिव की पूजा अर्चना की बयार बही। लोगों ने भगवान शिव के विग्रह लिंग-पिंड का जलाभिषेक दुग्धाभिषेक कर बेलपत्र, धतुरा, कनेर पुष्प व हार फूल चढ़ाए और भगवान भोलेनाथ से अपने घर परिवार की खुशहाली की दुआएं मांगी। कन्याओं ने भगवान शिव की पूरे मनोयोग से पूजा आराधना कर मनोवांछित वर की प्रार्थना की। इस दौरान शहर के विभिन्न शिवालयों में भक्ति-भाव का वातावरण बना रहा। महिलाओं द्वारा शिव भक्ति से पूरित भजन-कीर्तन व रामायण गायन के आयोजन किए गए, वहीं मंदिरों में श्रावण मास के देवता भगवान भोलेनाथ को मनाने के लिए पुरुष जनों ने महामृत्युंजय मंत्र का जाप, शिव स्त्रोत का पठन व शिव चालीसा के पाठ सहित पंचाक्षरी मंत्र का जाप किया गया। इस दौरान माहौल में हर-हर महादेव व जय-जय शिव शंकर का नाद गुंजायमान बना रहा। श्रावण मास के अंतिम सोमवार को लेकर शहर के बाजार में दूध-दही मेवा-मिष्ठान से लेकर पूजन सामग्रियों की अच्छी मांग बनी रही, बाजार इससे गुलजार बना रहा।

### बाबा महाकाल की पालकी यात्रा की रही धूम

शहर में श्रावण मास भर महाकाल सेना की बाबा श्री चंद्रमौलेश्वर महाकाल के पगड़ी यात्रा की धूम बनी हुई है। श्रावण मास के अंतिम सोमवार को शहर में बाबा इसकी पालकी यात्रा धूमधाम से निकाली गई। शहर की माता देवाला शीतला मंदिर से बाबा महाकाल की पूजा मंदिर के पुजारी राजू दूबे व पुरोहित परिवार सहित पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, महाकाल सेना के पवन डागा राजू डागा आदि के द्वारा की गई। वहीं बाजे-गाजे व आकर्षक सुआ नृत्य, राउत नाचा, झांझ वादन, डमरू वादन सहित अघोरियों के भस्मी-भूत उड़ाते, भयानक नृत्य के साथ महाकाल का जयकारा लगाते निकली बाबा महाकाल की पालकी यात्रा का शहर के विभिन्न जगहों में भव्य स्वागत किया गया। लोगों ने इस दौरान बाबा महाकाल की पूजा-अर्चना के लिए पलक-पावड़े बिछाए रहे और जैसे ही लोगों के कांधे पर सवार बाबा की पालकी पहुंची आरती की थाल सजाएं महिलाओं ने बाबा महाकाल की पूरे भक्ति-भाव से पूजा अर्चना की। इस दौरान बाबा महाकाल के जयकारे से आसमान गुंजायमान बना रहा। मानव मंदिर चौक पर भव्य मंच सजाकर महापौर मधुसूदन यादव सहित जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, अकरम कुरैशी, पूर्व महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, न.नि. सभापति पारस वर्मा, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, पार्षद शैकी बग्गा, राजा माखीजा, रवि सिन्हा, पूर्व पार्षद दीपक चौहान, शरद सिन्हा, राजू वर्मा, प्रखर श्रीवास्तव आदि सहित बड़ी संख्या में शिवभक्त उपस्थित थे। बाबा की पालकी में माथे पर त्रिपुंड लगाए श्रद्धालु भक्त जन नाना प्रकार के वेश में नृत्य-गान करते हुए वातावरण को पूरी तरह सनातन मय बनाया सांस्कृतिक छटा बिखेरते रहे।

**० महाकाल पालकी यात्रा की रही धूम, भगवान श्री चंद्रमौलेश्वर के दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु**
**० जगह-जगह पूजा-अर्चना और स्वागत सत्कार के लिए बिछें पलक- पांवड़े**



### गंज लाइन में बाबा महाकाल के गूंजे जयकारा

मानव मंदिर चौक से सिनेमा लाइन होते हुए बाबा महाकाल की पालकी भारतमाता चौक से गंज लाइन में प्रवेश करते ही बाबा की पालकी का दर्शन करने व स्वागत के लिए भक्तजन उमड़ पड़े। तिरंगा चौक पर जहां कसौधन वैश्य समाज के लोग पंडाल लगाकर पालकी यात्रा की स्वागत की वही समाज की आशा गुप्ता व अन्य महिलाओं ने बाबा महाकाल की आरती-पूजन कर कृतार्थ महसूस की। इसी तरह साहू समाज द्वारा कमल किशोर साहू के नेतृत्व में बाबा की पालकी की पूजा अर्चना की गई। वहीं आगे श्री लोहाणा गुजराती समाज द्वारा समाज प्रमुखों की उपस्थिति में बाबा महाकाल की पूजा आराधना की गई। इस दौरान पालकी यात्रा के साथ चल रहे पीत वसनधारी सुआ नृत्य करती महिलाएं आकर्षण की केंद्र रही। वहीं छोटे बच्चों ने शंकर जी का रुपधारण कर सबको मोहते रहे। पालकी यात्रा में भगवान हनुमान का विशाल रुप धरे कलाकार ने सबका ध्यान आकर्षित किया वहीं रंग-बिरंगी वेशभूषा में सजी महिलाएं झांझ वादन करती, भजन-कीर्तन के धून में झूमती नाचती हुए बाबा महाकाल की भक्ति में निमग्न रही।

### लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी ने किया भव्य स्वागत

गंज लाइन में दिगंबर जैन मंदिर के समीप घोड़े के रथ वाला मंच सजाकर लायंस क्लब आफ राजनांदगांव सिटी के लायंसो ने बाबा महाकाल की पालकी का भव्य स्वागत अभिनन्दन किया। लायंस अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, राजकुमार शर्मा, प्रकाश सांखला, मयंक शर्मा आदि सहित सभी सदस्यों ने बाबा महाकाल का जयकारा लगाते हुए पालकी यात्रियों की स्वल्पाहार आदि से स्वागत किया। इसी तरह बालाजी धाम मंदिर के समीप प्रेस क्लब अध्यक्ष सचिन अग्रहरि ने पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा व अपने घर-परिवार वालों के साथ बाबा महाकाल की पूजा आराधना की। इस दौरान वहां पर बनाए गए भव्य मंच में बाबा महाकाल पूरी श्रद्धा-भक्ति के साथ पूजे गए। वहीं महाकाल सेना के राजू डागा, रामू भूतड़ा, मनीष खंडेलवाल, राकेश यादव, मुन्ना अग्रवाल आदि ने बताया कि इस दौरान शहर के पत्रकारों को भी बुलाकर उनका स्वागत किया गया। इसके बाद गंज चौक लोहार पारा होते हुए भरकापारा काली माई मंदिर पहुंची। पालकी यात्रा का भव्य स्वागत व पूजा अर्चना उपरांत आखिरी शाही पालकी यात्रा को विराम दिया गया।

## सावन के अंतिम सोमवार पर शीतला मंदिर में महापौर मधुसूदन यादव ने किया पूजा-अर्चना



सावन माह के चौथे और अंतिम सोमवार को राजनांदगांव स्थित प्रसिद्ध शीतला मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। इस पावन अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव ने अपने परिवार सहित मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की। महापौर श्री यादव ने भगवान शिव और माता शीतला देवी की आराधना करते हुए नगर की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की। उन्होंने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया तथा मंदिर प्रांगण में भक्तों के बीच प्रसाद वितरण भी किया गया। महापौर ने कहा कि सावन शिवभक्ति का प्रतीक है और ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है। पूजा कार्यक्रम के पश्चात महापौर ने मंदिर प्रांगण में उपस्थित नागरिकों से संवाद किया और उनकी समस्याएं भी सुनीं। यह धार्मिक आयोजन सावन माह की महत्ता को और भी विशेष बनाता है और नगर के धार्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण को मजबूती प्रदान करता है।

# अंबागढ़ चौकी में तालाब में डूबे 3 मासूम

अंबागढ़ चौकी (दावा)। छत्तीसगढ़ में रविवार और शनिवार को दो अलग-अलग हादसों में डूबने से 5 बच्चों की मौत हो गई। पहला हादसा मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में हुआ। जहां तालाब में डूबने से तीन मासूमों की मौत हो गई। वहीं दूसरा हादसा जगदलपुर में हुआ। जहां पत्थर खदान के गड्ढे में डूबने से दो बच्चों की जान चली गई। दोनों घटनाओं ने पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ा दी है।

### अंबागढ़ चौकी में तालाब की गहराई बनी तीन मासूमों की कब्र

अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र के छछानपाहरी गांव में रविवार को नव्यांश (6), लक्ष्य साहू (7) और खेमांशु (7) तालाब में डूब गए। बताया जा रहा है कि छुट्टी का दिन होने की वजह से तीनों बच्चे घर के बाहर खेल रहे थे। इस दौरान खेलते-खेलते वे गांव के कर्मा मंदिर के पास स्थित नए तालाब में नहाने चले गए। लेकिन पानी की गहराई का अंदाजा नहीं लगने



के कारण तीनों गहरे पानी में समा गए। काफी देर तक बच्चों के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। तालाब के किनारे बच्चों के कपड़े और चप्पलें मिलने पर गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने बच्चों की तलाश शुरू की और देर शाम तीनों के शव तालाब से बाहर निकाले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### जगदलपुर में पत्थर खदान के गड्ढे में डूबे दो बच्चे

दूसरी घटना शनिवार को जगदलपुर के परपा थाना क्षेत्र के हजारी गुड़ा गांव में हुई। यहां संदीप नाग (5) और जयश्री (6) खेलते-खेलते गांव के पास स्थित पत्थर खदान के गड्ढे तक पहुंच गए। बारिश का पानी भरने की वजह से गड्ढा लबालब भरा हुआ था। खेलते समय दोनों का पैर फिसला और वे पानी में गिर गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एसडीआरएफ को सूचना दी। रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर दोनों के शवों को बाहर निकाला गया। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। पुलिस हादसे की विस्तृत जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि बच्चे वहां तक कैसे पहुंचे।

### पुलिस जांच में जुटी, ग्रामीणों में आक्रोश

दोनों घटनाओं के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है। उन्होंने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के तालाब और खदानों के पास कोई सुरक्षा इंतजाम नहीं हैं, जिससे ऐसी घटनाएं लगातार हो रही हैं। पुलिस ने फिलहाल दोनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

# टाटा नेक्सान ई.वी. कार की कीमत लौटाने का आदेश

राजनांदगांव (दावा)। जिला उपभोक्ता आयोग राजनांदगांव द्वारा प्रकरण 88/24 डेविड वर्मा विरूद्ध साई राम ऑटोमोबाईल वा टाटा मोटर्स कंपनी के विरूद्ध 22.06.2023 को टाटा नेक्सान ई.वी कार अधिकृत विक्रेता से राशि 19,53,340 रूपये में खरीदी गयी थी। साथ में रोड़ टेक्स, इंश्योरेंस आदि के रूप में राशि 84,280 रूपये का अतिरिक्त भुगतान किया गया था। कार खरीदते समय सेल्स मैनेजर द्वारा बताया गया कि कार के फूल चार्ज होने पर 453 किलोमीटर चलती है। जिसका विज्ञापन भी दिया गया था। लगभग दो माह पश्चात् माईलेज चेक करने पर फूल चार्ज में 250 किलोमीटर अधिक से अधिक माईलेज दे रहा था। परिवादी द्वारा इसकी शिकायत किये जाने पर अधिकृत इंजीनियरों द्वारा कार का टेस्ट ड्राईव परीक्षण कराया गया। जिसमें 100 प्रतिशत फुल चार्ज करने के पश्चात 60 से 70 किलोमीटर प्रति घन्टे की स्पीड़ से चलाये जाने पर आठ घन्टे मात्र में 304 किलोमीटर चलकर बैटरी की चार्जिंग खतम हो गई। परिवादी द्वारा पूर्व में भी नेशनल हाईवे 6 पर देवरी से राजनांदगांव अपने परिवार के साथ आ रहा था। रात्रि 8 बजे सुनसान स्थान पर गाड़ी बंद हो गई। टोल फ्री नंबर पर फोन लगाने के बावजूद भी किसी प्रकार की सहायता प्राप्त ना होने से परिवादी द्वारा ग्राम पटपर से किराये के स्कॉर्पियों द्वारा टोचन कराकर शो-रूम लाया गया।



अनावेदक द्वारा 453 किलोमीटर की रेंज बताकर विक्रय किये जाने को मिथ्या होने के आधार पर जिला उपभोक्ता आयोग राजनांगांव में सॉईराम ऑटोमोबाईल एण्ड सर्विसेस प्रा.लि. एवं टाटा मोटर्स के विरूद्ध शिकायत किये जाने पर जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात् अनावेदकगण के विरूद्ध सेवा में कमी के आधार पर कार की मूल कीमत राशि 19,53,340 रूपये परिवादी डेविड वर्मा को 45 दिनों के भीतर प्रदान करने का आदेश पारित किया गया। साथ ही राशि 50,000 रूपये मानसिक क्षतिपूर्ति तथा रजिस्ट्रेशन वा इंश्सोरेंस हेतु भुगतान की गई राशि 84,280 रूपये भी अनावेदकगणों से वसूली किये जाने का आदेश 4 अगस्त को अध्यक्ष प्रशान्त कुन्डू एवं सदस्य डॉ. आनंद वर्गीस द्वारा पारित किया गया है। इस प्रकार टाटा कंपनी द्वारा अपने नेक्शान इलेक्ट्रीक वाहन की माईलेज 453 किलोमीटर बताये जाने को चुनौती देते हुए परिवाद प्रस्तुत किये जाने पर डेविड वर्मा के पक्ष में फैसला सुनाया गया। भ्रामक विज्ञापन ना किये जाने की सलाह जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष प्रशान्त कुन्डू द्वारा डीलर कंपनी को दी गयी। उपरोक्त जानकारी उपभोक्ता आयोग के सदस्य डॉ. आनंद वर्गीस द्वारा दी गयी।

# महिला पार्षदों की 'सावन सुंदरी प्रतियोगिता' में वर्षा शरद सिन्हा ने जीता पहला स्थान

राजनांदगांव (दावा)। सावन के हरे-भरे मौसम में उत्साह और उमंग का रंग महिला पार्षदों के बीच भी खूब देखने को मिला। इसी कड़ी में महेश्वरी भवन में आयोजित 'सावन सुंदरी प्रतियोगिता' में पार्षदों ने पारंपरिक परिधानों में रैंप वॉक कर सबका मन मोह लिया। प्रतियोगिता में गोल बाजार क्षेत्र की पार्षद श्रीमती वर्षा शरद सिन्हा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्टेडियम वार्ड की पार्षद प्रियंका कुरजेकर को द्वितीय स्थान मिला, जबकि अपूर्वा समीर श्रीवास्तव को तृतीय स्थान से संतोष करना पड़ा। इस आयोजन में नगर निगम की महिला प्रतिनिधियों और कई अन्य गणमान्य महिलाओं की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में नगर निगम के बाजार विभाग की श्रीमती केवरा विजय राय, खाद विभाग की सभापति बीना ध्रुव, श्रीमती मधुबैद, पार्षद श्रीमती खेमीन यादव, झमिता सेन, रेखा पारख, श्रुति जैन,



रीना सिन्हा, अमृता सिन्हा, शांति पत्रे, और नयामत हुड्डा सहित कई अन्य महिलाएं मौजूद रहीं। मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती करुणा यादव, रितु अतुल, श्वेता सोनी और सीमा पवन डागा कार्यक्रम में शामिल हुईं। कार्यक्रम के अंत में महापौर मधुसूदन यादव ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए। इस दौरान निगम अध्यक्ष पारस वर्मा, चेयरमैन राजा मखीजा, पार्षद सावन वर्मा, और पार्षद दुरेंद्र साहू भी मंच पर उपस्थित थे। कार्यक्रम में नृत्य, गीत, भजन और मनोरंजक खेलों के माध्यम से महिलाओं ने सावन के इस पर्व का भरपूर आनंद उठाया।

# मिथिला धाम गणेश हनुमान मंदिर में पार्थिव शिवलिंग की पूजा

राजनंदगांव (दावा)। श्री मिथिला धाम गणेश हनुमान मंदिर स्थित बाबा बैजनाथ परिसर में आज श्रावण मास के चौथे रविवार को सवा लाख से अधिक दोलाख पार्थिव शिवलिंग की विधिवत पूजा और अभिषेक किया गया। इस अवसर पर श्री गणेश मंदिर के भक्तगण श्रीमती उषा देवी चौधरी मनोज चौधरी श्रीमती अंबिका चौधरी, भास्कर झा, अरुण झा, श्रीमती सरस्वती झा देवेंद्र ठाकुर गुड्डू अमरनाथ मिश्रा एवं बहुत सारी महिलाओं के द्वारा पूजा अर्चना किया गया। श्री गणेश मंदिर मिथिला धाम में पूरे सावन महीने बाबा बैद्यनाथ का अभिषेक पूजन पंडित देवानंद झा, पंडित उग्र नारायण झा एवं पंडित आदित्य झा के द्वारा किया जाता है। श्री गणेश अभिषेक एवं पूजन पं निरंजन ठाकुर के द्वारा पूरे वर्ष किया जाता है। श्री लखराम पूजा जिसमें सवा लाख से ज्यादा पार्थिव शिवलिंग की पूजा होती है। आज लगभग 2 लाख पार्थिव शिवलिंग का पूजन किया गया। कल अंतिम सावन सोमवारी को भक्तगण शिवनाथ नदी से कांवर में जल लाकर बाबा भोलेनाथ का जल अभिषेक करेंगे।



# छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली 30 ट्रेनें 15 दिन के लिए रद्द, यात्री परेशान

बिलासपुर(दावा)। रेलवे ने बिलासपुर-झारसुगुड़ा सेक्शन पर चौथी रेलवे लाइन के काम के चलते 30 से ज़्यादा ट्रेनों को रद्द कर दिया है। ये ट्रेनें 30 अगस्त से 15 सितंबर तक नहीं चलेंगी। इस फैसले से उन यात्रियों को बड़ी परेशानी होगी जो छत्तीसगढ़ के रास्ते बंगाल, बिहार, महाराष्ट्र, ओडिशा, गुजरात और राजस्थान जैसे राज्यों की यात्रा करने वाले हैं। रद्द हुई ट्रेनों में कई लंबी दूरी की एक्सप्रेस और पैसेंजर गाड़ियां शामिल हैं। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे अपनी यात्रा शुरू करने से पहले ट्रेन की स्थिति की जानकारी ज़रूर ले लें। इस अवधि के दौरान, कुछ ट्रेनों के रूट बदले गए हैं, जबकि कुछ को उनके गंतव्य स्टेशन से पहले ही समाप्त कर दिया जाएगा।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवंआयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण


रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
जी.ई. रोड, ग्राम – टेडेसरा
जिला– राजनांदगाँव (छ.ग.)
9300252200, 9300558500

# हाईकोर्ट का अहम फैसला : निजी स्कूलों को अब सिर्फ एनसीईआरटी किताबें बेचने की अनिवार्यता नहीं

बिलासपुर(दावा)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने निजी स्कूलों के पक्ष में एक महत्वपूर्ण निर्णय सुनाया है। कोर्ट ने राज्य के जिला शिक्षा अधिकारियों (डीईओ) द्वारा जारी उस आदेश को खारिज कर दिया है। जिसमें स्कूलों को केवल एनसीईआरटी/एससीईआरटी की किताबें खरीदने और बेचने के लिए मजबूर किया गया था। इस फैसले के बाद अब निजी स्कूल पूरक सामग्री और निजी प्रकाशकों की किताबों का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। बशर्ते वे सीबीएसई के दिशानिर्देशों के अनुरूप हों।

### यह था मामला

फरवरी से जून 2025 के बीच छत्तीसगढ़ के कई जिलों में ष्ठश्वह्र ने आदेश जारी किए थे कि कक्षा 1 से 10 तक केवल एनसीईआरटी/एससीईआरटी की किताबें ही पढ़ाई जाएंगी। इन आदेशों में यह भी चेतावनी दी गई थी कि इसका पालन न करने पर स्कूलों की मान्यता रद्द कर दी जाएगी। निजी प्रकाशकों की किताबों के उपयोग पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई थी। इस आदेश के खिलाफ छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी।



### हाईकोर्ट का निर्णय

याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा ने कहा कि यह निर्देश अवैध, मनमाना और असंवैधानिक है। क्योंकि यह संविधान के अनुच्छेद 19(1) (जी) के तहत मिलने वाली व्यवसाय की स्वतंत्रता का उल्लंघन करता है। कोर्ट ने बताया कि सीबीएसई के दिशानिर्देशों के अनुसार, कक्षा 1 से 8 तक एनसीईआरटी/एससीईआरटी की किताबें उपयोग की सलाह दी जाती है, लेकिन पूरक सामग्री की अनुमति है। वहीं, कक्षा 9 से 12 तक एनसीईआरटी की किताबें अनिवार्य हैं, पर इसके साथ निजी प्रकाशकों की पूरक किताबें भी इस्तेमाल की जा सकती हैं। बशर्ते वे राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एननसीएफ-एसई)के अनुरूप हों। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि राज्य के अधिकारी सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों पर सीबीएसई के दिशानिर्देशों से अलग कोई अतिरिक्त शर्त नहीं थोप सकते। हालांकि कोर्ट ने यह भी कहा कि यदि कोई स्कूल भविष्य में सीबीएसई के दिशानिर्देशों का उल्लंघन करता है या आपत्तिजनक सामग्री वाली किताबें इस्तेमाल करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है।

# 70 वर्षीय बुजुर्ग ने पौधरोपण कर समाज को दिया संदेश



डोंगरगांव (दावा)। प्रकृति को संजोने के मामले में शहर क्षेत्र के रहवासियों की तुलना में ग्रामीण काफी अधिक सक्रिय होते हैं और फोटोग्राफी और तामझाम से दूर पौधरोपण कर उन्हें सजाने संवारने में तन-मन से जुटे रहते हैं। इसी तरह के कार्य में क्षेत्र के ग्राम बम्हनीभांठा के 70 वर्षीय छन्नूराम पटेल लगातार संलग्न हैं और अभी भी इस उम्र में पौधरोपण कर समाज को नई दिशा देकर सराहनीय पहल कर रहे हैं। उन्होंने इस वर्ष भी ग्राम के गौठान में बरगद का पौधरोपण कर उसे वृक्ष बनाने का संकल्प लिया है और समाज को वृक्षारोपण कर पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संदेश दिया है। उनके इस पुनीत कार्य में गांव का चरवाहा राधेलाल यादव, रमेश कुमार साहू, बुधरूराम चंद्रवंशी के साथ पूर्व जनपद सदस्य वीरेंद्र साहू ने भी सहयोग किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. – 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com